लोकसभा चुनाव 2024

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, शुक्रवार 24 मई 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 3 ● वर्ष : 2, अंक : 45

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	36.9	29.1
जमशेदपुर	35.0	23.0
डालटनगंज	39.6	27.1

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह में थमा प्रचार, वोट कल

शुभम किशोर। रांची

लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार (25 मई) को छठे चरण का मतदान होना है. मतदान से पूर्व गुरुवार की शाम प्रचार का शोर थम गया. झारखंड में तीसरे चरण में रांची, धनबाद, जमशेदपुर और गिरिडीह लोकसभा में मतदान होना है. इन चारों सीटों में राज्य के 6 जिले और 24 विधानसभा क्षेत्र आते है. चार सीटों पर 93 प्रत्याशी मैदान में है. रांची से 27, धनबाद से 25, गिरिडीह से 16 और जमशेदपुर से 25 प्रत्याशी मैदान में हैं.

चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक छठे चरण में झारखंड के 82 लाख 16 हजार 506 मतदाता भागीदारी निभाएंगे. जिसमें 42 लाख 06 हजार 926 पुरुष और 40 लाख 09 हजार 260 महिला मतदाता हैं. सबसे अधिक मतदाता धनबाद में 22 लाख 85 हजार 237 है. वहीं रांची में 24 लाख 97 हजार 331, जमशेदपुर में 18 लाख 69 हजार 278 और गिरिडीह में 18 लाख 64 हजार 660 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे.

झारखंड में तीसरा चरण 93 प्रत्याशी मैदान में

किस लोकसभा में कितने केंद्र

- रांची- 2377 (949 शहरी, 1428 ग्रामीण)
- धनबाद- 2539 (1316 शहरी, ग्रामीण 1223)
- जमशेदपुर- 1887 (शहरी 688, ग्रामीण 1199)
- गिरिडीह- 2160 (408 शहरी, 1752 ग्रामीण)

कुल लोस सीट - 4

कुल मतदाता 82,16,506

पुरुष मतदाता 42,06,926 | महिला मतदाता 40,09,260

फर्स्ट टाइम वोटर - 2,49,994

100+ वोटर -	766
पोलिंग स्टेशन -	8963
बैलेट यूनिट -	21511
कंट्रोल यूनिट -	10756
वीवी पैट -	11652
पोलिंग पर्सन -	35852

किस लोकसभा में कितने मतदाता

विधानसभा	पुरुष	महिला	कुल
रांची	11,12,524	10,84,738	21,97,331
धनबाद	11,96,501	10,88,656	22,85,237
गिरिडीह	9,60,489	9,04,163	18,64,660
जमशेदपुर	9,37,412	9,31,733	18,69,728

छठे चरण के लिए थमा प्रचार 58 सीटों पर 900 उम्मीदवार

एजेंसी। नयी दिल्ली

लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार गुरुवार शाम समाप्त हो गया. छठे दौर में शनिवा को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर वोटिंग होनी है. इसमें जम्मू-कश्मीर का अनंतनाग-राजौरी भी है, जहां मतदान तीसरे चरण की बजाय छठे चरण के लिए स्थगित कर दिया गया था.

पूर्व मंत्री मेनका गांधी, भोजपुरी कलाकार मनोज तिवारी, निरहुआ, महबूबा मुफ्ती व मनोहर लाल समेत कई दिग्गजों की किस्मत का फैसला इसी चरण में ईवीएम में बंद हो जाएगा. छठे चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है उनमें यूपी की 14, हरियाणा की सभी 10, बिहार और बंगाल की 8-8, दिल्ली की सभी सात, ओडिशा की छह और झारखंड की चार सीटें शामिल हैं. वहीं जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर भी लोग वोट डालेंगे. 2019 में इन 58 में से 40 सीटें भाजपा ने जीती थीं. वहीं दूसरे स्थान पर बसपा के खाते में चार सीटें गई थीं. कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था. पिछले चुनाव में इन 58 सीटों पर कुल 64.22% वोट पड़े थे. सबसे ज्यादा 84.59% मतदान बंगाल में हुआ था. वहीं, सबसे कम 8.98% मतदान जम्मू-कश्मीर में दर्ज किया गया था. पड़ोसी बिहार की 8 सीट (वाल्मीकि नगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, वैशाली, शिवहर और महाराजगंज) भी शामिल हैं. बिहार में छठे चरण में 86 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं. इसमें 8 पुरुष और आठ महिलाएं हैं. 86 में से 35 निर्दलीय हैं. जबकि 23 प्रत्याशी बड़ी पार्टियों से मैदान में हैं. वैशाली में सबसे अधिक 15 और महाराजगंज में सबसे कम पांच प्रत्याशी मैदान में हैं. बिहार की आठ सीटों पर 1,49,32,165 वोटर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे. 78,23,793 पुरुष, 71,07,944 महिला और 428 थर्ड जेंडर मतदाता हैं. पहली बार वोटिंग करने वाले 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 2,12,496 है.

बिहार की 8 सीटों पर 58 प्रत्याशी मैदान में

सर्राफा

सोना (बिक्री)	68,000
चांदी (किलो)	92,000

ब्रीफ खबरें

बंगाल की खाड़ी में आ रहा भीषण तूफान

कोलकाता। बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे एक तूफान के भीषण चक्रवात में तब्दील हो 26 मई की शाम तक पश्चिम बंगाल और उससे सटे बांग्लादेश के तट पर पहुंचने की संभावना है. चक्रवात के कारण पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और पूर्वी मिदनापुर के कई इलाकों में भारी बारिश जबकि कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. इसका असर पड़ोसी झारखंड और ओडिशा में भी पड़ने के आसार हैं.

छग में सात नक्सली मुठभेड़ में हुए ढेर

रायपुर। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर नक्सली और जवानों के बीच जमकर मुठभेड़ हुई. नक्सल प्रभावित इलाका नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा की सीमा में जवानों ने 7 नक्सलियों को ढेर कर दिया है. वहीं घटना स्थल से अब तक दो नक्सलियों के शव को बरामद कर लिया गया है. इसकी घटना की पुष्टि नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने की है.

धैर्य की परीक्षा मत लो प्रज्ज्वल, लौट आओ

बेंगलुरु। पूर्व पीएम और जद (सेक्युलर) के प्रमुख एचडी देवगौड़ा ने अपने पोते और यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को देश लौटने और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने की कड़ी चेतावनी दी है. उन्होंने कहा कि अगर रेवन्ना पर लगे आरोप सही निकले, तो उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए. प्रज्वल रेवन्ना को मेरी चेतावनी शीर्षक वाले दो पन्नों के खुले पत्र में, 91 वर्षीय नेता ने जोर देकर कहा कि उन्हें अपने पोते की कथित गतिविधियों के बारे में जानकारी नहीं थी.

अचानक नई ऊंचाई पर पहुंचा शेयर बाजार

मुंबई। लोकसभा चुनाव के छठवें चरण की वोटिंग से पहले भारतीय शेयर बाजार ने अपने सभी पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए नई ऊंचाई को छू लिया है. शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक- सेंसेक्स और निफ्टी ने नया रिकॉर्ड बनाया. गुरुवार के कारोबारी सत्र के बाद सेंसेक्स पहली बार 1,196.98 (1.61%) अंकों की बढ़त के साथ 75,418.04 पर बंद हुआ. निफ्टी 354.66 (1.57%) अंकों की उछाल के साथ पहली बार 22,967.65 पर बंद हुआ.

ब्रिटिश अखबार फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट ने फैलाई सनसनी

अडानी ने खराब कोयला को बढ़िया बता तीन गुना ज्यादा दाम पर बेचा!

शुभम संदेश नेटवर्क। नयी दिल्ली

ब्रिटिश अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने कुछ दस्तावेजों का हवाला देकर एक खबर प्रकाशित की है. इसने राजनीति और कारपोरेट जगत में खलबली मचा दी है. इसमें दावा किया गया है कि अडानी ग्रुप ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन (टीएएनजीईडीसीओ) को कम गुणवत्ता वाला कोयला (3500 कैलोरी प्रति किलो) को 6000 कैलोरी प्रति किलो वाली कोयला बताकर तीन गुणा कीमत पर बेचा. समूह ने जिस कोयला को उच्च क्वालिटी का बताया और स्वच्छ ईंधन के नाम पर ज्यादा दाम पर बेचा, असल में वही खराब कोयला था. चुनावी माहौल में इस पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है. इस पर कांग्रेस आक्रामक हो गई है.

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा- घटिया कोयला सप्लाई मामले की इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही कराएंगे जेपीसी से जांच

पार्टी के नेता राहुल गांधी ने इसे घोटाला करार देते कहा है कि इस घोटाले के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रिय मित्र ने कम गुणवत्ता वाले कोयले को तीन गुने दाम पर बेचकर हजारों करोड़ रुपए लूटे हैं. इसकी कीमत आम जनता ने बिजली का महंगा बिल भरकर अपनी जेब से चुकाई है. प्रदूषण को भी नुकसान पहुंचा है. कांग्रेस ने दावा किया है कि चुनाव के बाद अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है, तो इस तरह के मामलों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित की जाएगी. वह इन आरोपों की जांच करेगी. राहुल गांधी ने फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट को टैग करते हुए एक्स पर लिखा, भाजपा सरकार में भीषण कोयला घोटाला सामने आया है. सालों से चल रहे इस घोटाले के ज़रिए मोदी जी के प्रिय मित्र अडानी ने लो-ग्रेड कोयले को तीन गुने दाम पर बेच कर हज़ारों करोड़ रुपए लूटे हैं, जिसकी कीमत आम जनता ने बिजली का महंगा बिल भरकर अपनी जेब से चुकाई. क्या प्रधानमंत्री बताएंगे इस खुले भ्रष्टाचार पर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स को शांत रखने के लिए कितने टेंपो लगे? चार जून के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार इस महाघोटाले की जांच कर जनता से लूटी गई पाई-पाई का हिसाब करेगी.

क्या हैं आरोप, कैसे मामले ने पकड़ा तूल

क्या कहती है फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट

ब्रितानी अखबार फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अडानी ग्रुप सरकारी बिजली कंपनी के साथ लेनदेन के दौरान घटिया किस्म के कोयले को कहीं ज्यादा महंगे स्वच्छ ईंधन के तौर पर बेचने में शामिल था. अखबार ने दावा किया उसकी रिपोर्ट साक्ष्यों पर आधारित है, जो लंबे समय से चल रहे कोयला घोटाले के आरोपों पर नई रोशनी डालती है. रिपोर्ट कहती है कि ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) ने दस्तावेजों को सुरक्षित रखा है. फाइनेंशियल टाइम्स ने इन दस्तावेजों की समीक्षा की है. ब्रितानी अखबार ने कहा है कि भारतीय समूह से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोप संभावित पर्यावरणीय आयाम जोड़ते हैं. दस्तावेजों से पता चलता है कि मुमकिन है कि अडानी ग्रुप ने एयर क्वालिटी (हवा को खराब करना) की कीमत पर धोखाधड़ी से बंपर मुनाफा कमाया हो. ऐसा इसलिए है क्योंकि बिजली के लिए निम्न-श्रेणी के कोयले का इस्तेमाल करने का मतलब है कि ईंधन का अधिक उपयोग होना. फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट कहती है कि इनवॉयस से पता चलता है कि जनवरी 2014 में अडानी ग्रुप ने इंडोनेशियाई कोयले की एक खेप खरीदी थी. इसमें प्रति किलोग्राम 3,500 कैलोरी होने की सूचना दी गई थी. इस खेप को फिर तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी (टीएएनजीईडीसीओ) को 6,000 कैलोरी वाले कोयले के रूप में बेचा गया. इसे सबसे मूल्यवान ग्रेड में से एक माना जाता है. रिपोर्ट में संदेह जताया गया है कि ऐसा लगता है कि परिवहन लागत को ध्यान में रखते हुए अडानी ने शुरुआती निवेश से दोगुना से भी अधिक पैसा कमाया है. रिपोर्ट कहती है कि भारत में हर साल 20 लाख से ज्यादा लोग आउटडोर एयर पलूशन के कारण मरते हैं. यह जानकारी द लैंसेट में प्रकाशित 2022 के एक अध्ययन पर आधारित है. इसके अलावा अन्य अध्ययनों से पता चला है कि कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों के बड़े दायरे में बाल मृत्यु दर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है. फाइनेंशियल टाइम्स ने ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया है कि जनवरी 2014 में अडाणी ग्रुप ने एक इंडोनेशियाई कंपनी से 28 डॉलर प्रति टन की कथित कीमत पर लो-ग्रेड कोयला खरीदा था. रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि इस शिपमेंट को तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को उच्च गुणवत्ता वाले कोयले के रूप में 91.91 डॉलर प्रति टन की औसत कीमत पर बेच दिया गया था.

पहले भी लगे थे अडानी ग्रुप पर कोल इंपोर्ट बिल में हेरी-फेरी के आरोप

फाइनेंशियल टाइम्स ने कहा, अडानी ग्रुप ने इंडोनेशिया से कम रेट में कोयला इंपोर्ट किया. बिल में हेराफेरी करके ज्यादा दाम दिखाए. ग्रुप ने कोयले से जनरेट होने वाली बिजली को ग्राहकों को ज्यादा कीमत पर बेची. अखबार ने 2019 से 2021 के बीच 32 महीनों में ग्रुप के इंडोनेशिया से भारत इंपोर्ट हुए 30 कोयले शिपमेंट की जांच की. इन सभी के इंपोर्ट रिकॉर्ड में एक्सपोर्ट डिक्लेरेशन की तुलना में कीमतें ज्यादा मिलीं. रकम 582 करोड़ बढ़ाई गई. तमिलनाडु बिजली बोर्ड का गठन एक जुलाई, 1957 को बिजली अधिनियम 1948 की धारा 54 के तहत राज्य में पावर जनरेशन, ट्रांसमिशन, और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए किया गया था. फिर नेटवर्क को राज्य के सभी गांवों तक फैलाया गया.

अडानी ग्रुप ने रिपोर्ट का उड़ाया मजाक

वहीं, कथित कोयला घोटाले का दावा करने वाली फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट पर अडाणी समूह के सीएफओ (चीफ फाइनेंस ऑफिसर) जुगेशिंदर रॉबी सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है. उन्होंने एक्स पर मजाक उड़ाते हुए लिखा- 1757 ईस्वी में ग्रेट ब्रिटेन को भारत का उपनिवेश क्यों बनाना पड़ा. इस पर एफटी, बीबीसी की प्रमुख जांच रिपोर्ट. जांच रिपोर्ट का सारांश- अडानी समूह के गठन को रोकने के लिए अब आप सब कुछ जानिए. अडानी ग्रुप ने फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को झूठा और निराधार बताया है.

संजीव लाल की डायरी में ईडी को मिले...

मंत्री बादल, हफीजुल समेत 150 नेता,अफसर, इंजीनियरों के नाम

सौरभ सिंह। रांची

ग्रामीण विकास विभाग में हुए कथित टेंडर घोटाले की जांच के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मिली डायरी में राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, खेल मंत्री हफीजुल हसन के भी नाम शामिल हैं. इसके अलावा 150 से अधिक राजनेता, अफसर, इंजीनियर व ठेकेदारों के नाम भी डायरी में दर्ज हैं. ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के घर से यह डायरी बरामद की है. जिसके आधार पर संबंधित लोगों को समन भेजा जा रहा है. इस बीच भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने दावा किया है कि ईडी जल्द ही सरकार के इन दोनों मंत्रियों को समन करने जा रही है. गौरतलब है कि ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के करीबी जहांगीर आलम के घर में छापेमारी कर 35 करोड़ रुपए नकद बरामद किये थे. जिसके बाद ईडी ने संजीव लाल व जहांगीर को गिरफ्तार कर लिया था. ईडी ने दो दिनों तक पूछताछ करने के बाद मंत्री आलमगीर आलम को भी गिरफ्तार किया था. तीनों अभी ईडी की हिरासत में हैं.

उल्लेखनीय है कि ईडी ने कोर्ट को जानकारी दी है कि ग्रामीण विकास विभाग में हुए घोटाला करीब 3000 करोड़ रुपए का है. इन पैसे में से अफसरों, नेताओं व इंजीनियरों को हिस्सा मिलता था. मंत्री और अफसरों के नाम कोड वर्ड में लिखे हैं. इसी मामले में बुधवार को इडी ने ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन को समन भेजा है. ईडी ने उन्हें 24 मई को पूछताछ के लिए बुलाया है.

ईडी जल्द कर सकती है पूछताछ

- ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के घर से यह डायरी बरामद की है. जिसके आधार पर संबंधित लोगों को समन भेजा जा रहा है.

कमीशन की राशि फिक्स

ईडी ने अब तक की जांच में पाया है कि ग्रामीण विकास विभाग के ठेकों में निचले स्तर के कर्मचारियों से लेकर मंत्री तक को कमीशन की राशि फिक्स थी. ईडी ने कोर्ट को जो दस्तावेज सौंपे हैं, उसमें ठेकों के लिए एलओए (लेटर ऑफ एक्सेप्टेशन) जारी होने पर ही कमीशन मिल जाने का उल्लेख भी किया गया है. जनवरी महीने में 25 छोटे-छोटे ठेकों के बाद ही मंत्री आलमगीर आलम के लिए 1.23 करोड़ रुपए कमीशन के तौर पर मिलने का जिक्र डायरी के एक पन्ने में भी किया गया है.

आये थे हरिभजन को ओटन लगे कपास

प्रसंगवश

बैजनाथ मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

तुलसी ने रामचरित मानस में लिखा है-करम प्रधान विश्व रचि राखा, जो जस करई सो तस फल चाखा. यहां करम का मतलब भाग्य नहीं कर्म है. किसी को यह कर्मफल विलंब से मिलता है, लेकिन खुद को चालबाजी में तुर्रम खां समझने वालों को शीघ्र मिल जाता है. यकीन न हो तो स्वयं को सबसे बड़ा बुद्धिमान समझने वाले केजरीवाल की हालत देख लीजिए. सरकती जाये रुख से नकाब अहिस्ता-अहिस्ता. उनकी हर चाल उल्टी पड़ रही है. केवल दस साल में क्या से क्या हो गया. ये आये थे गलीच राजनीति बदलने, लेकिन धतकर्मों के रिकॉर्डधारी बन गये हैं. ताजा मामला एक महिला सांसद स्वाति मालीवाल की पिटाई का है. वह भी मुख्यमंत्री आवास में. इस मामले में केजरीवाल के राजदार पीए विभव कुमार गिरफ्तार हो गये हैं. इस पर एक महिला मंत्री का कहना है कि यह सब केजरीवाल को बदनाम करने के लिए भाजपा की साजिश है. यदि यह सही है तो लखनऊ की प्रेस कांफ्रेंस में इस बारे में पूछे गये सवाल पर केजरीवाल माइक दायें-बायें क्यों खिसका रहे थे ? इस बाबत तो पहला सवाल यही है कि क्या मालीवाल आप की सांसद नहीं हैं ? यह भी कि क्या वह केजरीवाल के साथ तब से नहीं हैं जब वह एनजीओ चलाते थे ? तब इस महिला मंत्री का अता-पता नहीं था.

आरोप यह भी लगाया जा रहा है कि मालीवाल मुलाकात का समय लिये बिना सीएम से मिलने पहुंच गईं और रक्षकों को डरा-धमका कर अंदर चली गईं. वह जब ड्राइंग रूम में इंतजार करने के बाद आवास के अंदर जाने लगीं, तब उन्हें विभव कुमार ने रोका, तो उनसे झगड़ बैठीं और अपनी प्रताड़ना की झूठी मौखिक रिपोर्ट पुलिस को भेज दी. बहरहाल अब तो उन्होंने लिखित शिकायत दर्ज करा दी है और अदालत में अपना स्वीकारोक्ति बयान भी दे दिया है. उसके बाद ही विभव कुमार को सीएम आवास से दबोचा गया है. लेकिन यदि मंत्री महोदया का आरोप सही है तो आप के ही सांसद संजय सिंह ने प्रेस के सामने यह क्यों कहा था कि विभव ने मालीवाल के साथ निंदनीय कृत्य किया है, केजरीवाल ने इसका संज्ञान भी लिया है और वह विभव के खिलाफ कार्रवाई करेंगे ? आखिर झूठ कौन बोल रहा है ? शायद दोनों ही झूठे हैं. आखिर दोनों ही अराजक शिरोमणि केजरीवाल के चट्टे-बट्टे हैं.

पहले लगा कि संजय सिंह को मध्यस्थता के लिए लगाया गया है और घर की बात घर में ही सुलझ जाएगी. लेकिन जब अगले ही दिन केजरीवाल संजय सिंह और विभव कुमार को लेकर लखनऊ उड़ गये तब यह साफ हो गया कि केजरीवाल इस घटना से तनिक भी आहत नहीं हैं और इसीलिए यह कयास लगाया जाने लगा कि केजरीवाल के कहने पर ही मालीवाल की पिटाई हुई है. फिर क्या था मालीवाल की पीड़ा दोगुनी हो गयी और यह मामला पुलिस के जरिये अदालत में पहुंच गया, एम्स में मेडिकल जांच भी हो गयी जिसमें चोट की पुष्टि हो गयी. क्या मालीवाल बिना समय लिए केजरीवाल से नहीं मिलती रही हैं ? यदि उनके लिए भी नियम वही था जो जन सामान्य या अन्य नेताओं के लिए है, तो फिर उनकी पिछली मुलाकातों और समय निर्धारण का विवरण सीएम आवास जारी क्यों नहीं कर रहा है ?

मालीवाल केजरीवाल की इतनी करीबी थीं कि उन्हें वर्षों तक दिल्ली महिला आयोग का अध्यक्ष बनाये रखा गया और वहां से रुखसती के बाद पहली फुर्सत में उन्हें राज्यसभा भेज दिया गया. इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि वह पहले भी बिना समय लिये केजरीवाल से मिलती रही होंगी, लेकिन इस बार मिलने की वजह कुछ ऐसी होगी या कोई हुकुमउदूली हुई होगी जो इरादतन, शरारतन उनकी पिटाई हो गई. -शेष पेज 12 पर

कलकत्ता हाईकोर्ट का फैसला, कितने लोग होंगे प्रभावित

पश्चिम बंगाल में 77 मुस्लिम जातियों का ओबीसी दर्जा खत्म

एजेंसी। कोलकाता

चुनाव के बीच बंगाल में कलकत्ता हाईकोर्ट ने ममता सरकार की ओर से वर्ष 2010 के बाद जारी सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए हैं. हाईकोर्ट ने फैसले में अप्रैल 2010 से सितंबर 2010 तक ओबीसी के तहत मुस्लिमों को 77 श्रेणियों में दिए आरक्षण व 2012 के कानून के तहत इनके लिए बनाई 37 श्रेणियों को निरस्त कर दिया.

कोर्ट ने साफ किया कि इस फैसले के दिन से ही रद्द प्रमाणपत्रों का किसी भी रोजगार प्रक्रिया में उपयोग नहीं किया जा सकेगा. इससे करीब पांच लाख ओबीसी प्रमाणपत्र अमान्य हो जाएंगे. जस्टिस तपोन्नत चक्रवर्ती और जस्टिस राजशेखर मंथा की पीठ ने हालांकि यह भी कहा कि इन प्रमाणपत्रों से जिन उम्मीदवारों को पहले मौका मिल चुका है, उन पर फैसले का असर नहीं होगा. पीठ ने फैसले में तृणमूल सरकार का जिक्र नहीं किया है। संयोग से तृणमूल 2011 से राज्य की सत्ता में है. इसलिए कोर्ट का आदेश सिर्फ तृणमूल सरकार में जारी ओबीसी प्रमाणपत्रों पर प्रभावी होगा.

> इन जातियों को ओबीसी घोषित करने के लिए वास्तव में धर्म ही एकमात्र मानदंड प्रतीत होता है। हमारा मानना है, मुसलमानों की 77 श्रेणियों को पिछड़े के रूप में चुना जाना पूरे मुस्लिम समुदाय का अपमान है।
>
> कलकत्ता हाईकोर्ट

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष आठवें भाव में चंद्र नीच का है. मानसिक उलझन होगा. कार्य व्यवसाय एवं नौकरी में रुकावटें होंगी. पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वहीं परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. गायत्री मंत्र का जाप करें.

वृषभ समय सामान्य है. बिना वजह जीवनसाथी से विवाद हो सकता है. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं.

मिथुन शिक्षा में विशेष ध्यान देने का समय है. किसी पुराने रोग का इलाज संभव है. भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है. गणेश जी पर दूब और हल्दी अर्पण करें.

कर्क धार्मिक यात्रा का योग है. यात्रा में थोड़ी परेशानी होगी. काम काज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रहेगा. नवीन मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. देवी दुर्गा का पूजन ध्यान करें.

सिंह किसी से कहा सुनी हो सकता है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा. शुभफलों की प्रधानता रहेगी. विवाद से दूर रहें. सूर्य को जल दे. गायत्री मंत्र जापे.

कन्या रूखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. काम काज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं. किसी से मन-मुटाव हो सकता है. सोच विचार कर बोले.

तुला काम काज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते है. परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते है. किसी अपनों से विवाद से बचें.

वृश्चिक मन प्रसन्न रहेगा. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती है. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है. गाय का दूध गरीब को दान करें.

धनु खर्च रोग में भी हो सकता है. परिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. कोई लंबी यात्रा से बचे. खर्चे में बढ़ोतरी होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. अन्न का दान करें.

मकर समय सामान्य है. चंद्रमा मानसिक तनाव देगा. कार्य योजना में विस्तार हो सकता है. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा.

कुंभ कुछ विवाद हो सकता है. जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें. शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. किसी प्रकार के विवाद में ना पड़े.

मीन आपनो से विवाद हो सकता है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. योग का सहारा ले. माता दुर्गा का जोत जलावें.

अमित शाह आज जामताड़ा में करेंगे चुनावी सभा

रांची। भाजपा ने संताल में पूरी ताकत झोंक दी है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं. वे जामताड़ा के मेझिया छाता बंगाल में दुमका सीट से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नेता और कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं. इसे लेकर गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित शरण, भाजपा प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया. वीरेंद्र मंडल ने कहा कि सीता सोरेन भारी बहुमत से जीतेंगी.

आज खरगे, तेजस्वी व कल्पना करेंगे सभा

रांची। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव शुक्रवार को देवघर आएंगे. दोनों नेता देवघर के प्लस टू स्कूल मैदान मोहनपुर में गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में दिन के 2.30 बजे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. इस चुनावी सभा में कल्पना मुर्मू सोरेन भी शामिल होंगी.इसके अतिरिक्त कल्पना सोरेन झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के पक्ष में भी दो चुनावी सभा करेंगी.

नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी करार

रांची। नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी मिथुन महतो के मामले में पॉक्सो की विशेष अदालत ने फैसला सुनाया है. अदालत ने मिथुन महतो को दोषी करार दिया है. उसकी सजा के बिंदु पर अदालत 27 मई को सुनवाई करेगी. बता दें कि आरोपी मिथुन और नाबालिग पीड़िता दोनों एक मिठाई के दुकान में काम करते थे. उसी दौरान दोनों में दोस्ती हुई थी. इसके बाद आरोपी ने नाबालिग से शारीरिक संबंध बनाया था. पीड़िता के परिजनों को इसकी जानकारी तब हुई जब वह गर्भवती हो गई. मामले को लेकर नगड़ी थाना में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई. जिसके बाद 19 फरवरी 2023 को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. उसी समय से वह जेल में बंद है. ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष ने 7 गवाह पेश किया था.

झारखंड में चुनाव का चौथा चरण: संतालपरगना में झामुमो और भाजपा ने झोंकी ताकत

सीता सोरेन, नलिन सोरेन, प्रदीप यादव, निशिकांत दुबे, विजय हांसदा, लोबिन हेंब्रम और ताला मरांडी की प्रतिष्ठा दांव पर

रवि भारती/रांची । झारखंड में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में संताल परगना की तीन सीटों पर होने वाला मुकाबला कई मायनों में अहम होगा. एक जून को संथाल की तीन सीट राजमहल, दुमका और गोड्डा में मतदान होना है. सबकी नजर दुमका सीट पर भी टिकी हुई है. इसकी वजह यह है कि झामुमो छोड़ कर भाजपा में गयीं सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन के बीच मुकाबला है.संथाल परगना प्रदेश की राजनीति का केंद्र बिंदु माना जाता है. राज्य की सबसे बड़ी क्षेत्रीय पार्टी झामुमो की जमीनी ताकत यहां की लड़ाई को महत्वपूर्ण बना रहा है. वहीं भाजपा ने इन तीनों सीटों पर जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है. इन तीनों सीटों पर सीता सोरेन, नलिन सोरेन, प्रदीप यादव, निशिकांत दुबे, लोबिन हेंब्रम, विजय हांसदा और ताला मरांडी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है.

संताल की तीन सीट राजमहल, दुमका व गोड्डा में एक जून को होगा मतदान

सीता सोरेन

नलिन सोरेन

प्रदीप यादव

निशिकांत दुबे

विजय हांसदा

लोबिन हेंब्रम

ताला मरांडी

राजमहल में लोबिन के आने से मुकाबला दिलचस्प

झामुमो से बगावत कर निर्दलीय चुनावी अखाड़े में उतरे लोबिन हेंब्रम ने राजमहल संसदीय सीट पर मुकाबला काफी दिलचस्प बना दिया है. लोबिन इस सीट पर झामुमो उम्मीदवार विजय कुमार हांसदा के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं. इस सीट से सीपीआई (एम) ने भी उम्मीदवार उतारा है. वहीं भाजपा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी पर दांव खेला है.

गोड्डा में पुराने चिर प्रतिद्वंदी हैं आमने-सामने

गोड्डा सीट पर चिर प्रतिद्वंदी एक बार फिर से आमने-सामने हैं. 'इंडिया' गठबंधन की भी पैनी नजर है. इस सीट पर वर्ष 2009 से भाजपा के निशिकांत दुबे लगातार तीन बार चुनाव जीतते रहे हैं. उनकी जीत का ग्राफ हर बार बढ़ता ही गया. इस बार अगर भाजपा चुनाव जीतती है, तो 24 सालों में किसी संसदीय सीट पर चार बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बनेगा.

राजमहल, दुमका व गोड्डा का केंद्र बिंदु है लिट्टीपाड़ा

लिट्टीपाड़ा एक ऐसी जगह है, जो राजमहल, दुमका व गोड्डा तीनों लोस क्षेत्र का केंद्र बिंदु माना जाता है. दुमका जिले का गोपीकांदर का कुछ हिस्सा और गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी व बोआरीजोर प्रखंड का कुछ हिस्सा राजमहल लोस क्षेत्र में आता है.ऐसे में राजनीतिक जानकार यह कयास लगा रहे हैं कि तीनों लोस का केंद्र बिंदु होने के कारण भाजपा ने पीएम का कार्यक्रम यहां आयोजित कराया है.

28 मई को लिट्टीपाड़ा में पीएम मोदी की जनसभा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 28 मई को चुनावी दौरे पर संताल आएंगे. वे लिट्टीपाड़ा के विराजपुर मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे. राजनीतिक जानकार पीएम की इस चुनावी सभा को भाजपा के नजरिये से महत्वपूर्ण मान रहे हैं. लोगों का मानना है कि मोदी यहां से राजमहल के साथ-साथ गोड्डा व दुमका लोकस क्षेत्र को भी साधने का काम करेंगे.

पवन खेड़ा ने पीएम मोदी का व्यवहार शहंशाह की तरह बताया, कहा-

नरेंद्र मोदी जी बॉयोलोजिकली पैदा ही नहीं हुए, मैं अवतार हूं

विशेष संवाददाता। रांची

अखिल भारतीय कांग्रेस के मीडिया चेयरपर्सन पवन खेड़ा ने कहा कि देश के लोगों में गुस्से की भावना है. लोग दुखी हैं, चिंतित और भयभीत भी हैं. गुस्सा इसलिए है कि 10 साल जिस पार्टी को मौका दिया, जिस पार्टी के नेता को प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचाया. उसका व्यवहार शहंशाह की तरह है. पवन खेड़ा ने कहा कि अगर वोटर 10 साल बाद अपने वोट इनवेस्ट के फायदे-नुकसान के बारे में पूछता है, तो उसे लताड़ दिया जाता है. वोट एक तरह से वोटर का निवेश होता है, जिसके रिर्टन के बारे में उसे जानने का हक है.

प्रधानमंत्री कर रहे मनोरंजक शोः पवन खेड़ा ने तंज कसते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री शहंशाह नरेंद्र मोदी जी वाकई में अपने आप को भगवान से ऊपर मानने लगे हैं. यह बात वे खुद घूम-घूम कर कहते हैं कि मैं बायोलोजिकिली पैदा ही नहीं हुआ, मैं अवतार हूं. अब कोई खुद को भगवान से ऊपर बता दे, तो क्या कहा जा सकता है. खेड़ा ने कहा कि अब प्रधानमंत्री ने इंटरव्यू देना शुरू किया है. कपिल शर्मा के शो की टीआरपी खत्म हो गयी है, क्योंकि सारा मनोरंजक शो प्रधानमंत्री कर रहे हैं. ऐसा मनोरंजक आदमी जो खुद को अवतार मानता हो, तो मनोरंजन के लिए और किसी शो की क्या जरूरत है?

झारखंड की जरूरत पूरे देश को है

पवन खेड़ा ने कहा कि झारखंड वीर शहीदों की भूमि रही है. देश के निर्माण और विकास में झारखंड का अहम रोल रहा है. आज देश में लोकतंत्र, संविधान खतरे हैं. इसलिए फिर से झारखंड की जरूरत इस देश पड़ गयी है.

भाजपा में शहंशाह व प्यादों में अहंकार आ गया है

पवन खेड़ा ने कहा कि नड्डा जी ने कहा है कि ये नरों के इंद्र तो हैं ही, सुरों के भी इंद्र हैं. सुरेंद्र भी हैं, नरेंद्र भी हैं, विष्णु के अवतार हैं. संबित पात्रा ने कह दिया कि भगवान जगन्नाथ भी मोदी के भक्त हैं. कभी आपने सुना है कि भगवान इंसान का भक्त हो जाये. यह अहंकार है. इस पार्टी में, शहंशाह और प्यादों में अहंकार आ गया है. इसे लेकर भी जनता में गुस्सा है. वादे हर पार्टी करती है. चुनाव के बाद कुछ वादे पूरे होते हैं, कुछ नहीं होते. इसलिए, नेता को या पार्टी को ईमानदारी से सामने आकर बोलना चाहिए. लेकिन भगवान से बढ़ कर जो आदमी है, वह क्यों जवाब देगा?

सवालों का जवाब मांगेंगे, तो देशद्रोही हो जाएंगे

खेड़ा ने कहा कि युवाओं व बेरोजारों में गुस्सा अधिक है. महंगाई बढ़ रही है. घर में बच्चे पढ़ कर बेरोजगार बैठे हैं. नौजवान, किसान, आदिवासी, व्यापारी, मध्यम वर्ग, नौकरी पेशा लोग क्रोधित हैं. आपने 16 लाख करोड़ रुपये अपने उद्योगपति दोस्तों पर लुटा दिये. यह देश के टैक्स पेयर का पैसा है. हर एक घंटे में दो नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं. 24 घंटे में 30 किसान आत्महत्या कर रहे हैं. गुस्सा नहीं आयेगा, तो क्या होगा? एक घंटे में चार महिलाओं के साथ दुष्कर्म होता है, लेकिन शहंशाह प्रचार में हैं. इन आंकड़ों का जवाब नहीं देंगे. कोई पूछेगा, तो देशद्रोही कहेंगे.

हेमंत सोरेन झुके नहीं, तो जेल में डाल दिये गये

कांग्रेस नेता ने कहा कि यहां के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में बैठा दिया. क्योंकि जिससे आदिवासी अस्मिता जुड़ी है, वह झुकेगा नहीं. यह बात शहंशाह जानता है. जो झुकता नहीं है, वह सलाखों के पीछे चला जाता है. क्या कारण है? यही न कि वह झुका नहीं. दुख इस बात का है कि जिसको खुदा माना वह पत्थर भी नहीं निकला. अगर देश का राजा धोखा देता है तो आने वाली पीढ़ियां बर्बाद और तबाह हो जाती हैं. यही इस देश में हो रहा है. कोई पूछ ले, तो हिंदू-मुस्लिम की बात करेंगे, साउथ-नॉर्थ की बात करेंगे. कब तक आप लोगों का ध्यान बांटोगे.

इनके वैचारिक पूर्वजों ने संविधान की प्रतियां जलाई

खेड़ा ने कहा कि लोगों में भय भी है. भय इसलिए है कि शायद यह आखिरी चुनाव होगा. अगर ये जीत गये, तो इसके बाद चुनाव नहीं होंगे. संविधान खत्म कर दिया जायेगा. इस संविधान से नरेंद्र मोदी और इनके विचारकों की क्या दुश्मनी है. ये आप पढ़ लें, सुन लें. इनके वैचारिक पूर्वजों ने संविधान की प्रतियां जलाई हैं. इनके नेता खुलकर कहते हैं कि 400 सीट दें, हम संविधान को बदल देंगे. लेकिन, हम यह होने नहीं देंगे.

अरबों खर्च कर राहुल के खिलाफ किया दुष्प्रचार

पवन खेड़ा ने कहा कि जब राहुल गांधी कहते हैं कि हम आदिवासी, दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय होने नहीं देंगे, तो इन्हें बड़ी चिढ़ होती है. इन लोगों ने अरबों रुपए खर्च कर राहुल गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार किया. पैसा बहुत है इनके पास है. इनके दोस्त टेंपो भर-भर के पैसे भेजते हैं, तो इनके पास क्या कमी है? टेंपों का एड्रेस एक ही होता है, कहां जाना है, उसे पता है.

कांग्रेस के न्याय पत्र की चर्चा से पीएम टेंशन में

पवन खेड़ा ने कहा कि पिछले 10 सालों में अर्थव्यवस्था पर चोट हुई है. यह देखकर महालक्ष्मी योजना लायी गयी है. इसकी चर्चा हो रही है. महिलाओं के खाते में एक वर्ष में एक लाख रुपये आयेंगे. युवाओं को पक्की नौकरी मिलेगी. यह जानकर लोग खुश हैं. 10 साल में 30 लाख पद खाली हो गये. इसे क्यों भरा नहीं गया, मोदी सरकार को यह तो बताना चाहिए. राहुल गांधी ने घोषणा की है कि 15 अगस्त से यह रिक्तियां भरी जाएंगी.

आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर छह जून को सुनवाई

संवाददाता। रांची

लैंड स्कैम केस के आरोपी व झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर अब छह जून को सुनवाई होगी. विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है. इस पर आंशिक सुनवाई करने के बाद कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख छह जून निर्धारित की है.

राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत पर 27 को फैसला : लैंड स्कैम केस के एक अन्य आरोपी राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गयी है. दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. अब कोर्ट 27 मई को अपना फैसला सुनाएगा.

विनोद व राजकुमार पर लटक रही गिरफ्तारी की तलवार : ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस में प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन दायर की है, जिसपर पीएमएलए कोर्ट ने संज्ञान भी लिया है. इसके बाद आर्किटेक्ट विनोद सिंह और राजकुमार पाहन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है. अदालत ने दोनों के खिलाफ समन जारी किया है. इस केस के प्रमुख आरोपी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं. ईडी ने हेमंत सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सात घंटे तक पूछताछ के बाद 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था.

लैंड स्कैम केस

दो आरोपियों की अग्रिम जमानत पर अलग-अलग हुई सुनवाई

बॉक्साइट माइंस क्षेत्र में सुरक्षाबल पर हमले की रची थी साजिश

- सर्च अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ

संवाददता। रांची

माओवादियों ने बॉक्साइट माइंस क्षेत्र में सुरक्षाबल पर हमले की साजिश रची थी. इस बात का खुलासा एनआईए की जांच में हुआ है. माओवादी कैडरों ने अपने शीर्ष कमांडर प्रशांत बोस की गिरफ्तारी का बदला लेने के लिए यह साजिश रची थी. जांच में पता चला है कि इस घटना को अंजाम देने के लिए जून 2022 में रीजनल कमांडर रवींद्र गंझू के नेतृत्व में बलराम उरांव, मुनेश्वर गंझू समेत 45-60 नक्सली लोहरदगा के बुलबुल जंगल में जुटे थे.

दो नक्सलियों के खिलाफ एनआईए ने किया चार्जशीट : साजिश की भनक लगने पर स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया था. इसी दौरान हरकट्टा टोली और बांग्लापाट में सुरक्षा बलों पर नक्सलियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की थी. इसके बाद सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ. इस मामले में एनआईए ने नक्सली अघनु गंझू उर्फ अग्नु गंझू और खुदी मुंडा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है. एनआईए आरसी-02/2022 दर्ज कर इस मामले की जांच कर रही है.

खास बातें

- एनआई जांच में माओवादियों पर बड़ा खुलासा
- 45-60 नक्सली लोहरदगा के बुलबुल जंगल में जुटे थे

हाईकोर्ट ने कहा हथियार जमा करने का आदेश देने से पहले लाइसेंसधारियों की स्क्रूटनी करनी जरूरी

सभी लाइसेंसधारियों को हथियार जमा करने का आदेश वैध नहीं

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने लोकसभा चुनाव में सभी हथियार लाइसेंसधारियों से हथियार जमा करने के आदेश को वैध नहीं माना है. एक मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि इस तरह का आदेश कानून की नजर में वैध नहीं ठहराया जा सकता. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने बोकारो जिला के उपायुक्त के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसके तहत उपायुक्त ने सभी लाइसेंसधारी हथियारधारकों को अपने हथियार जमा करने का निर्देश दिया था. साथ ही हथियार जमा नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही गयी थी.

अदालत ने प्रार्थी के हथियार को वापस करने का निर्देश भी उपायुक्त को दिया है. हाईकोर्ट ने अपने आदेश कहा है कि लाइसेंसधारियों को अपने हथियार जमा करने के चुनाव आयोग का एक आदेश दे देना उचित नहीं है. इस तरह के आदेश जारी करने में दिमाग का इस्तेमाल नहीं किया गया है. हथियारधारकों को सिर्फ इसलिए हथियार जमा करने को कहा गया है, क्योंकि उन्होंने हथियार रखने के लिए लाइसेंस लिया है. कोर्ट ने कहा कि उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को हथियार जमा कराने के पहले सभी लाइसेंसधारियों की स्क्रूटनी करनी चाहिए.

स्क्रूटनी में यदि यह पता चले कि लाइसेंस लेने वाले का आपराधिक रिकॉर्ड है और वह चुनाव में बाधा पहुंचा सकता है, तो वैसे लोगों से ही हथियार जमा कराया जाना चाहिए. यदि किसी के भी विरुद्ध कुछ भी प्रतिकूल नहीं मिलता है, यदि लाइसेंसधारी स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव और कानून-व्यवस्था के लिए खतरा पैदा नहीं कर सकते हैं, तो उन्हें हथियार जमा करने का निर्देश देना आवश्यक नहीं है.

अदालत ने बोकारो उपायुक्त के आदेश को रद्द कर दिया

कहा- आपराधिक रिकॉर्ड वाले का हथियार जमा कराना जरूरी

डीवीसी के डीजीएम ने हाईकोर्ट में दायर की थी याचिका

डीवीसी कोडरमा में पदस्थापित डीजीएम रंजीत सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. कहा गया था कि बोकारो उपायुक्त ने 27 मार्च को आदेश जारी कर सभी लाइसेंसधारियों से अपने हथियार निकट के थाना या अन्य निर्धारित स्थानों पर जमा करने का निर्देश दिया था. प्रार्थी का कहना था कि अपनी सुरक्षा के लिए उन्होंने जिला प्रशासन से हथियार रखने के लिए लाइसेंस लिया है. चुनाव के कारण डीवीसी की सुरक्षा में लगे सीआईएसएफ के जवानों की संख्या में भी कटौती कर ली गयी है. उन्होंने उपायुक्त के आदेश के बाद अपने हथियार जमा कर दिए हैं. लेकिन उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है. ऐसे में उपायुक्त का सभी लाइसेंसधारियों को हथियार जमा करने का आदेश देना उचित नहीं है.

25 को कूरियर सेवाएं बंद रहेंगी, मतदान करें- एक कूरियर फ्री

रांची। रांची संसदीय क्षेत्र सहित जमशेदपुर, धनबाद, गिरिडीह में 25 मई को मतदान है. मतदान का देखते हुए झारखंड कूरियर एसोसिएशन ने उस दिन कूरियर सेवाएं बंद रखने की घोषणा की है. एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम मित्तल ने बताया कि रांची के मतदाताओं को प्रोत्साहन देने के लिए फ्री कूरियर सेवा की व्यवस्था की गयी है. मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए एसोसिएशन भी लगातार अभियान चला रहा है. मतदान करनेवाले मतदाता मेन रोड विष्णु टॉकीज लेन स्थित स्वाति कूरियर से अपना एक कूरियर बिल्कुल मुफ्त भेज सकेंगे. यानी 100% छूट. यह ऑफर 31 मई तक जारी रहेगा. फ्री कूरियर की सुविधा प्राप्त करने के लिए मतदाता स्वाति कूरियर में आकर अपनी उंगली की स्याही, आधार कार्ड/ वोटर आईडी दिखा कर ऑफर का लाभ उठा सकते हैं.

क्लासिफाइड

तापमान
33.0° अधिकतम | 23.0° न्यूनतम

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 24 मई 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 3 ● वर्ष : 2, अंक : 45 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

मंडा पूजा

रांची। ओरगोड़ा मैदान और एयरपोर्ट स्थित हुंडरू गांव गुरुवार की देर रात तक मंडा पूजन-अनुष्ठान से गुलजार रहा. लोग शिव भक्ति में लीन रहे. हुंडरू गांव में पाठ भोक्ता संदीप गोप के नेतृत्व में 79 भोक्ताओं ने दिनभर पूजा-अर्चना कर नेम-निष्ठा से वेतजोरी, लोटन सेवा जैसी रस्म अदा की. रात नौ बजे से भोक्ताओं की मुख्य परीक्षा शुरू हुई. पहले धुवांसी हुई, इसके बाद फूलखुंदी शुरू हुई. भोक्ता बारी-बारी से दहकते अंगारों पर चल कर भक्ति की परीक्षा में खरे उतरे.

-फोटो : सैयद रमीज जावेद

जयंत सिन्हा ने स्पष्टीकरण का दिया जवाब, बोले- यह कदम पार्टी कार्यकर्ताओं को निराश करनेवाला

होमवर्क कमजोर | अपने ही भेजे नोटिस के जवाब से खुद घिर गई झारखंड भाजपा

स्पष्टीकरण

शुभम संदेश नेटवर्क। रांची

झारखंड प्रदेश भाजपा की ओर से बीते दिनों अपनी ही पार्टी के निवर्तमान सांसद और वर्तमान विधायक से स्पष्टीकरण मांगा गया था. हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा और धनबाद विधायक राज सिन्हा को प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने नोटिस भेज कर पूछा था कि आपने संबंधित संसदीय क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी प्रचार में सक्रियता नहीं दिखाई. अब जयंत सिन्हा ने कारण बताओ नोटिस का जो जवाब दिया है, उससे प्रदेश भाजपा ही घिरती नजर आ रही है. साथ ही निवर्तमान सांसद का जवाब इस ओर भी स्पष्ट इशारा करता है कि राज्य इकाई ने होमवर्क किए बिना ही अपने सांसद को स्पष्टीकरण नोटिस चिपका दिया.

जयंत सिन्हा ने ''एक्स'' पर स्पष्टीकरण नोटिस का जवाब सार्वजनिक करते हुए पोस्ट किया है. उन्होंने प्रदेश भाजपा के महामंत्री आदित्य साहू के नाम लिखे पत्र में कहा है कि उनके ऊपर पार्टी के खिलाफ काम करने के लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं. दो पन्नों की लंबी चिट्ठी में सिन्हा ने उनपर लगाए गए आरोपों का विस्तृत और बिंदुवार जवाब दिया है, जिससे प्रदेश महामंत्री सवालों के कटघरे में खड़े दिख रहे हैं. जयंत सिन्हा ने लिखा है कि मुझे आपका पत्र प्राप्त करके अच्छा लगा तथा यह जानकर अत्यधिक हैरानी भी हुई कि आपने इसे मीडिया में भी जारी कर दिया है.

राष्ट्रीय अध्यक्ष को जानकारी देकर सक्रिय चुनावी गतिविधि से हुआ अलग

जयंत सिन्हा में पुराने पोस्ट का हवाला देते हुए लिखा कि सर्वप्रथम मैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ हुए वार्तालाप को आपके ध्यान में लाना चाहता हूं. दो मार्च 2024 को, लोकसभा चुनाव से काफी समय पहले ही मैंने सक्रिय चुनावी गतिविधियों में भाग न लेने का निर्णय लिया था. मैंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से आग्रह किया था मुझे सक्रिय चुनावी गतिविधियों से मुक्त किया जाए, ताकि मैं भारत और विश्व भर में वैश्विक जलवायु परिवर्तन से निपटने और उसका समाधान करने के लिए अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर सकूं. इसके साथ ही मैंने आर्थिक और शासन संबंधित विषयों पर पार्टी के साथ काम करना सहर्ष जारी रहने की बात कही थी. इस निर्णय की सार्वजनिक घोषणा ''एक्स'' पर एक पोस्ट के माध्यम से स्पष्टता और पारदर्शिता के लिए की थी.

पार्टी के किसी नेता ने चुनाव प्रचार के लिए संपर्क ही नहीं किया

जयंत सिन्हा ने आदित्य साहू को जवाब देते हुए कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी ने मनीष जायसवाल जी को अपना उम्मीदवार घोषित किया. मैने 8 मार्च 2024 को उन्हें बधाई दी, जो मेरे समर्थन का ही साक्ष्य था और पार्टी के निर्णय के प्रति मेरे समर्थन का सूचक भी था. अगर पार्टी चाहती थी कि मैं किसी प्रकार की चुनावी गतिविधियों में भाग लूं, तो निश्चित रूप से आप मुझसे संपर्क कर सकते थे. हालांकि, 2 मार्च 2024 को मेरी घोषणा के बाद झारखंड के किसी भी वरिष्ठ नेता, पार्टी कार्यालय के पदाधिकारी या सांसद-विधायक ने मुझसे संपर्क नहीं किया. मुझे किसी भी पार्टी कार्यक्रम, रैली या संगठनात्मक बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया गया. यदि बाबूलाल मरांडी या अन्य कार्यकर्ता मुझसे संपर्क करना चाहते थे, तो वो निश्चित रूप से मुझे आमंत्रित कर सकते थे.

मनीष जायसवाल की नामांकन रैली में शामिल होने की सूचना देर से मिली

जयंत सिन्हा ने बताया कि 29 अप्रैल की शाम को उनके दिल्ली में रहने के दौरान मनीष जायसवाल की ओर से उन्हें नामांकन रैली में एक मई 2024 को उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया था. लेकिन देर से सूचना मिलने के कारण एक मई की सुबह तक हजारीबाग पहुंचना संभव नहीं हो सका और दो मई को हजारीबाग पहुंच कर मनीष जायसवाल के आवास पर उनसे शिष्टाचार भेंट करने के लिए पहुंचा. इस दौरान वो वहां उपस्थित नहीं थे, इसलिए मैंने अपना संदेश और शुभकामनाएं उनके परिवार को दी. इसके बाद मनीष जायसवाल की ओर से उनका कोई संपर्क नहीं हुआ. इसलिए, 3 मई को वो दिल्ली लौट गए.

प्रदेश महामंत्री के आरोप का खंडन कहा- पोस्टल बैलेट से दिया था वोट

जयंत सिन्हा ने उन पर लगाए गए उस आरोप का खंडन किया, जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने उनपर मतदान कर्तव्य का पालन नहीं करने का आरोप लगाया था. सिन्हा ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष को सूचना देने के बाद वो कुछ महत्वपूर्ण निजी कार्यों से 10 मई को विदेश चले गए. इस दौरान पार्टी की ओर से उन्हें किसी कार्यक्रम में आमंत्रित न किए जाने के कारण उन्हें वहां (हजारीबाग) रुकने की कोई भी आवश्यकता दिखाई नहीं पड़ी. हालांकि, हजारीबाग से जाने के पहले उन्होंने पोस्टल बैलेट प्रक्रिया के माध्यम से अपना वोट दिया था.

25 वर्षों तक पार्टी की सेवा की, सभी जिम्मेदारियां ईमानदारी से निभायी

जयंत सिन्हा ने लिखा कि भाजपा के साथ अपनी 25 वर्षों की सेवा के दौरान पिछले कई दशकों से मैंने पार्टी की कई महत्वपूर्ण और सार्थक राष्ट्रीय नीतियों पहल में सहभागिता की है. इन पदों पर रहते हुए मेरे कार्यों को व्यापक रूप से सराहा गया है. मुझे वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति के उत्कृष्ट कार्य के लिए संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित करने के साथ ही राष्ट्रपति की ओर से भी सम्मानित किया गया है. मुझे कई महत्वपूर्ण संसदीय और मीडिया बहसों में सरकार का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है. मैंने पार्टी की ओर से अपनी सभी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी के साथ निभाया है.

पत्र को सार्वजनिक कर अन्यायपूर्ण तरीके से बनाया जा रहा निशाना

जयंत सिन्हा ने प्रदेश भाजपा महामंत्री को कहा है कि आपके द्वारा पत्र को सार्वजनिक रूप से जारी करना, बिल्कुल अनुचित है. आपका यह कदम समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं को निराश करने वाला है. इसके अतिरिक्त, पार्टी के प्रति मेरी निष्ठा और कठिन परिश्रम के बावजूद, ऐसा प्रतीत होता है कि मुझे अन्यायपूर्ण तरीके से निशाना बनाया जा रहा है. हम निश्चित ही किसी भी समय व्यक्तिगत रूप से या फोन पर बात कर सकते थे, ताकि आपके किसी भी संदेह को दूर किया जा सके. हजारीबाग लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के अधिकारी होने के नाते आप कभी भी मुझसे संपर्क कर सकते थे.

10 अपराधी जिला बदर, 17 को लगानी होगी थाने में हाजिरी

संवाददाता। रांची

रांची के 10 अपराधियों को जिला बदर और 17 अपराधियों को थाने में हाजिरी लगाने का आदेश गुरुवार को जारी किया गया है. उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा की ओर से एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की अनुशंसा पर कार्रवाई करते हुए यह आदेश जारी किया गया है.

जिला बदर किये गए 10 अपराधियों में रिंकू कुरैशी उर्फ गुलाम दस्तगीर, मो. सेराज उर्फ अन्नु मो मोबीन उर्फ छोटका,राजाराम चौहान उर्फ बुल्लू ,चिंटू बड़ाईक उर्फ संदीप बड़ाईक उर्फ छर्रा, मिथिलेश महतो, तस्लीम खान, मो. आफताब, मुन्ना उरांव उर्फ संतू उरांव और सकलदीप बड़ाईक शामिल है.

थाने में हाजिरी लगाने वाले 17 अपराधियों में चंदरु कुमार सिंह उर्फ चंदरु उर्फ चंदन कुमार सिंह, मनीष गोप, खुर्शीद अख्तर उर्फ खुर्शीद खान, रोहित चौरसिया उर्फ रोहित कुमार चौरसिया, मो यासीन, मो कलाम उर्फ रोहित उर्फ बैगन, सूरज कुमार साहू, रंथू उरांव, विजय चौरसिया, उमेश करमाली, कार्तिक मुंडा, जियाउल अंसारी, कुंदन कुमार, कनीलाल साहू, मनोज राम चौबे, राकेश कुमार सिंह उर्फ डिंपू सिंह और विनोद गोप उर्फ वीनू गोप शामिल हैं.

ईडी रिमांड में मंत्री आलमगीर का बीपी व शुगर लेवल बढ़ा

संवाददाता। रांची

ईडी की रिमांड में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम का बीपी और शुगर लेवल बढ़ गया है. गुरुवार को डॉक्टरों ने उनका चेकअप किया. इसके बाद सदर अस्पताल के डॉर सत्येंद्र ने ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर बताया कि मंत्री आलमगीर आलम का बीपी और शुगर का लेवल बढ़ गया है. वहीं नींद नहीं आने की वजह से उनका स्ट्रेस लेवल भी बढ़ा हुआ है. मेडिकल चेकअप के बाद उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवायी गयी हैं. मंत्री आलमगीर आलम को स्लीप एनीमिया नाम की बीमारी है. इस बीमारी में मरीज पर्याप्त रूप से ऑक्सीजन नहीं ले पाता है. इसके लिए आलमगीर आलम को जरूरी मेडिकल उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं. फिलहाल आलमगीर आलम ईडी की रिमांड पर हैं. उन्हें 15 मई को टेंडर घोटाला मामले में गिरफ्तार किया गया था. इसके बाद रिमांड पर लेकर ईडी के अफसर उनसे लगातार में पूछताछ कर रहे हैं.

ऑरेंज अलर्ट : झारखंड में दिख रहा चक्रवात का असर

होगी झमाझम बारिश

संवाददाता। रांची

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहा चक्रवात निम्न दबाव में बदल गया है. इसका असर झारखंड में देखने को भी मिल रहा है. गुरुवार को राजधानी के कई इलाकों में बारिश हुई, जिससे मौसम सुहाना हो गया. लोगों को गर्मी से भी राहत मिली है. 24 मई से राज्य के कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है. इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के अनुसार, तेज हवा भी चलेगी. हवा की रफ्तार 30 से 40 किमी प्रति घंटा तक रह सकती है. मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका जताई गई है. इसका असर राज्य के उत्तर-पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य हिस्सों में दिखेगा.

इन जिलों में बारिश होने की संभावना

पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, पाकुड़, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ़, बोकारो, लोहरदगा में बारिश होने की संभावना जताई गई है. कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश होने की संभावना है.

रेमल चक्रवात रविवार तक पहुंच सकता है बांग्लादेश

रेमल के उत्तर-पूर्व की ओर आगे बढ़कर शनिवार सुबह पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान बनने की संभावना है. मौसम विभाग ने यह भी कहा कि यदि निम्न दबाव चक्रवात में बदल जाता है, तो यह उत्तर की ओर आगे बढ़ सकता है और रविवार शाम तक बांग्लादेश और निकटवर्ती पश्चिम बंगाल तट के पास पहुंच सकता है. चक्रवात के कारण गुरुवार से मध्य और दक्षिण बंगाल की खाड़ी में और शुक्रवार से उत्तरी बंगाल की खाड़ी में मछुआरों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. यह प्रतिबंध सोमवार तक जारी रहेगा.

रांची के 182 आर्म्स लाइसेंस किये गये रद्द

रांची। डीसी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की अनुशंसा पर कार्रवाई करते हुए 182 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के लाइसेंस रद्द किये गये हैं. इन अनुज्ञप्तिधारियों ने बार-बार नोटिस जारी होने के बाद भी न तो हथियार जमा किये, न ही शस्त्र को अपने पास रखने के लिए आवेदन समर्पित किया था. लोकसभा चुनाव को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए रांची जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्रों को थाना/ओपी, शस्त्र व कारतूस विक्रेता दुकान में जमा कराने के लिये अखबारों में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कई तिथियों को सूचित भी किया गया था.

युवती ने फांसी लगा कर आत्महत्मा की

रांची। चुटिया थाना क्षेत्र के पावर हाउस तालाब के समीप स्थित घर के बाथरूम में एक युवती ने गुरुवार फंदे लटक कर खुदकुशी कर ली. मृतक की शिनाख्त चुटिया निवासी मंगरू मुंडा की पुत्री दांगी कुमारी (18) के रूप में हुई है. खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है. हालांकि बताया जा रहा है कि युवती लव अफेयर में खुदकुशी की है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. थाना प्रभारी उमा शंकर ने बताया कि फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है.

मुठभेड़ में माओवादी एरिया कमांडर बुधराम मारा गया

संवाददाता। रांची



- कराईकेला के जंगल में जवानों और माओवादियों में मुठभेड़
- कोचांग के पास माओवादियों के मूवमेंट की मिली थी सूचना

खूंटी-पश्चिमी सिंहभूम की सीमा पर सुरक्षा बल और माओवादियों के बीच गुरुवार की दोपहर मुठभेड़ हुई. इसमें भाकपा माओवादी संगठन का एरिया कमांडर बुधराम मुंडा मारा गया है. मुठभेड़ पश्चिमी सिंहभूम के कराईकेला थाना क्षेत्र के बलियाडीह और नवादा गांव के जंगल क्षेत्र में हुई. घटनास्थल से पुलिस ने 150 राउंड गोली समेत नक्सलियों के कई सामान बरामद किये हैं. जानकारी के अनुसार, वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश पर जिला पुलिस और कोबरा बटालियन के जवान नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान चला रहे थे. इसी दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. घटना की पुष्टि करते हुए पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है और अभी भी जंगल में सर्च अभियान जारी है. मारा गया नक्सली खूंटी के अड़की थाना क्षेत्र का रहने वाला था.

माओवादियों के जुटने की सूचना पर चलाया सर्च अभियान : खूंटी पुलिस को कोचांग के पास जंगल में माओवादियों के मूवमेंट की सूचना मिली थी. गुप्त सूचना पर जिला पुलिस, कोबरा बटालियन के जवान संयुक्त रूप से जंगल में सर्च अभियान चला रहे थे. इसी दौरान कराईकेला के जंगल में पुलिस का माओवादियों से सामना हो गया. इसके बाद माओवादियों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी. पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की. इसमें पुलिस की गोली लगने से एक माओवादी मारा गया, जबकि बाकी माओवादी घने जंगल का फायदा उठा कर भाग निकले.

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बरती जा रही विशेष चौकसी

झारखंड की चार लोकसभा सीटों रांची, धनबाद, गिरिडीह और जमशेदपुर के लिए 25 मई को मतदान होना है. रांची लोकसभा क्षेत्र का इलाका खूंटी से सटा हुआ है. इस लोकसभा क्षेत्र में ही सरायकेला जिले की ईचागढ़ विधानसभा भी शामिल है. इसे लेकर रांची से सटे नक्सल प्रभावित सीमावर्ती इलाकों में विशेष चौकसी बरती जा रही है.

चौकसी | शांतिपूर्ण मतदान को लेकर पुलिस-प्रशासन मुस्तैद, बिना डर-भय के मतदान करने की अपील

संवेदनशील इलाकों में सुरक्षाबलों ने किया फ्लैग मार्च

संवाददाता। रांची

रांची लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने को लेकर गुरुवार की दोपहर सुरक्षाबलों ने फ्लैग मार्च किया. एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में राजधानी के संवेदनशील इलाके मोजाहिद नगर, निजाम नगर समेत कई इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया. इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने आम लोगों से बिना किसी डर-भय के वोट करने की अपील की. लोकसभा चुनाव के छठे चरण में झारखंड की चार लोकसभा सीट रांची, गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर में 25 मई को वोट डाले जाएंगे.

उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के खास इंतजाम

रांची जिला के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी सुरक्षा के खास इंतजाम किये गये हैं. इन क्षेत्रों में विशेष बलों की भी तैनाती की गयी है. पुलिस की गश्ती भी कराई जा रही है. इन क्षेत्रों में पारा मिलिट्री फोर्स के अलावा जिला पुलिस व रिजर्व बटालियन की भी अलग-अलग जगहों पर तैनाती की गयी है. पुलिस बल के साथ पदाधिकारियों को भी ड्यूटी पर लगाया गया है.

अतिसंवेदनशील बूथों का भी निरीक्षण किया : चुनाव को लेकर जिला पुलिस के अलावा अर्धसैनिक बल, सीआरपीएफ, जैप, आईआरबी समेत अन्य बलों को भी बुलाया गया है. शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने को लेकर शहरी क्षेत्रों के अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण भी किया गया.

कुआं धंसने से चार लोगों की मौत

संवाददाता। लोहरदगा

लाभुक के बेटे- बेटी की भी हो गई मौत

इस घटना में मरनेवालों में मनरेगा योजना के लाभुक असलम अंसारी के पुत्र अबू रेहान अंसारी (35), पुत्री शबनम खातून (21), कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत गराडीह निवासी 35 वर्षीय रमजान अंसारी उर्फ बबलू अंसारी और भगत शामिल हैं.

सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी अंबाटोली के अंबा बारी के समीप गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया. मनरेगा योजना से बनाया जा रहा कुआं अचानक धंसने से चार लोगों की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही लोहरदगा के उपायुक्त डॉ. प्रसाद कृष्ण वाघमारे, एसडीओ अमित कुमार, सीओ राकेश कुमार तिवारी, बीडीओ संग्राम मुर्मू घटनास्थल पर पहुंचे.

प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के निर्देश पर राहत बचाव कार्य शुरू किया गया. मिट्टी में दबे हुए लोगों को निकालने के लिए जेसीबी मंगाई गई. कड़ी मशक्कत के बाद कुआं से चारों शवों को बाहर निकाला गया. शवों के बाहर आते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे. जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया है. बताया गया कि मनरेगा योजना से लाभुक असलम अंसारी के कुआं की खुदाई चल रही थी. इसी दौरान हादसा हो गया. इस घटना के बाद क्षेत्र में गम का माहौल है.

इलेक्शन कमीशन भाजपा का स्टार प्रचारक नहीं, बल्क में वोट डालने वाला बड़ा मतदाता

झामुमो का ईसी पर बड़ा आरोप, कहा-चार चरण के चुनाव के बाद ईसी ने 1.07 करोड़ वोट डाले

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो ने देश में छठे एवं राज्य में तीसरे चरण का प्रचार समाप्त होने के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर बड़ा आरोप लगाया है. पूरे मामले में उसे सार्वजनिक रूप से सामने लाने की चुनौती दी है. पार्टी ने कहा कि चौथे चरण के चुनाव समाप्त होने के बाद इलेक्शन कमीशन और चीफ इलेक्शन कमिश्नर ने परोक्ष रूप से भाजपा के पक्ष में 1.07 करोड़ वोट डालने का काम किया है. मतलब जहां-जहां चुनाव हो चुके हैं, हर लोकसभा क्षेत्र में औसतन 28 हजार अतिरिक्त वोट डाले गए हैं.

पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी

इलेक्शन कमीशन के नोटिस पर उठाए सवाल, पीएम हिंदू-मुस्लिम, मंगलसूत्र और भैंस की बात करें, हम संविधान और अग्निवीर की बातें भी नहीं करें

कार्यालय में गुरुवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वोटिंग के बाद ये वोट कैसे बढ़े? हमें लगता है कि 2024 के वोट के आंकड़ा. शायद 2027 तक नहीं आये. फॉर्म 17 सी जब है और उसका आंकड़ा भी है, तो सात-सात दिन और कहीं-कहीं तो 11 दिन बाद वोटिंग प्रतिशत जारी किया गया है. ऐस में छह प्रतिशत वोटों को इधर-उधर किया गया है. उन्होंने दावा किया कि अब यह साबित हो चला है कि चीफ इलेक्शन कमिश्नर केवल भाजपा के स्टार प्रचारक ही नहीं, बल्कि भाजपा को बल्क में वोट डालने और डलवाने वाले मतदाता हैं. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग पूरी तरह से डरा और सहमा हुआ नजर आ रहा है, जो लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है.

हमें संविधान और अग्निवीर पर बोलने से रोका जा रहा है

सुप्रियो ने कहा कि झारखंड के तीसरे और देश के छठे चरण के चुनाव का प्रचार गुरुवार को समाप्त हो गया. हमारा लोकतंत्र पूरी दुनिया में सबसे सर्वश्रेष्ठ और विश्वसनीय रहा है. हमारे चुनाव आयोग ने कई मिसालें पेश की हैं, जिसे पूरी दुनिया फॉलो करती है. मगर अचानक से पांच चरण के चुनाव के बाद यह सवाल सामने आया है कि क्या हमारा चुनाव आयोग निष्पक्ष है? 15 दिन पहले चुनाव आयोग के पास प्रधानमंत्री के भाषणों को लेकर कई शिकायतें की गयी थीं कि वो सांप्रादायिक बातें का रहे हैं. इसको लेकर आपत्ति हुई, तो चुनाव आयोग ने मोदी के बदले पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस किया. वहीं, राहुल गांधी ने जब उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की बातें कहीं, तो उस पर नोटिस दिया. मगर जवाब आया या नहीं, चुनाव आयोग ने कुछ स्पष्ट नहीं किया. यहां तक कि अग्निवीर पर भी बात नहीं करने को कहा गया है. अजीब स्थिति है यह तो प्रधानमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट था. युवाओं को चौकीदार बनाने का प्रोजेक्ट था. 22 साल नौजवानों को रिटायर और बेरोजगार करने का प्रोजेक्ट था. प्रधानमंत्री तो उस पर चर्चा नहीं कर रहे हैं. मगर विपक्ष क्यों नहीं करेगा. प्रधानमंत्री भैंस चुराने की बात करें, मंगलसूत्र की बात करें,नल चुराने की बात करेंगे.

निशिकांत के ट्वीट पर ईडी पक्ष स्पष्ट करे

भट्टाचार्य ने कहा कि गोड्डा के भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ट्विट करते हैं, हमारे दो मंत्री जो उनके क्षेत्र से आते हैं, हफीजुल हसन और बादल पत्रलेख को ईडी ने सम्मन जारी किया. 25 को बुला लिया. इतना नंगा नाच, क्या चुनाव आयोग अंधा है. क्या ईडी अंधी है. क्या ईडी इस बात से बच सकती है. क्या ईडी को खंडन नहीं करना चाहिए. क्या ईडी और आयोग मिला हुआ है. प्रत्यक्ष तौर पर निशिकांत दुबे जरमुंडी, मधुपुर के विधायकों को प्रभावित नहीं कर सके, तो कुछ भी बोल रहे हैं.

भाजपा के गंदे खेल में फंसे ईसी और ईडी

भाजपा के गंदे खेल में चुनाव आयोग फंस गया है. चुनाव के बाद संविधान और लोकतंत्र तो बचेगा मगर चुनाव आयोग के निष्पक्षता पर, उसके क्षमता पर सवाल उठेगा. मैं निर्वाचन आयोग और सुप्रीम कोर्ट से स्वत: संज्ञान लेने की बात करता हूं. अगर चुनाव आयोग की निष्पक्षता, विश्वसनीयता को बचाए रखना है तो वह सार्वजनिक रूप से सामने आए. क्योंकि भाजपा पांच चरण में बुरी तरह परास्त हो चुकी है. हमने झारखंड में आधी सीटें जीत ली हैं. परसों हमारी चार सीटें और बढ़ने वाली हैं.

मोदी जी भाजपा के स्टार प्रचारक ही नहीं बल्कि पीएम भी हैं

आप प्रधानमंत्री हैं. ठीक है घटिया मानसिकता वाली पार्टी के स्टार प्रचारक भी हैं, मगर आप 144 करोड़ लोगों के प्रधानमंत्री भी हैं. दस साल की कोई बात ही करेंगे. ऊल-जुलूल बातें, टेंपो में पैसा आता है, ईडी क्या कर रहा है. अब रिपोर्ट छप रहीं हैं, अडानी के कोयला स्कैम. सात हजार करोड़ का तमिनलनाडु सरकार को चूना लगाया. लोग इस पर बात नहीं करेंगे तो किस पर बात करेंगे. चुनाव आयोग ही बता दे.

ब्रीफ खबरें

वोट के बाद बूथ से बाइक पर मुफ्त में घर जा सकेंगे

रांची। शहरी क्षेत्र के कुछ बूथों पर मतदान के बाद घर वापस जाने के लिए वोटर्स को मुफ्त बाइक की सुविधा मिलेगी. रैपिडो की ओर से ये सुविधा प्रदान की जाएगी. इसे लेकर मोरहाबादी में रैपिडो की ओर से रैली की गयी. इसमें स्वीप नोडल पदाधिकारी दिनेश यादव, उत्कर्ष कुमार, रैपिडो के मैनेजर तेजपाल शंभू आदि उपस्थित थे. रैपिडो के स्टेट हेड ने बताया कि मतदान के दिन एक फ्री राइड 30 शहरी बूथों पर दिए जाएंगे.

मतदान के दिन कल बारिश की संभावना

रांची। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि छठे चरण के मतदान की तैयारी पूरी हो चुकी है. सभी बूथ व्यवस्थित किये जा चुके हैं. बारिश की आशंका को देखते हुए मतदान कर्मियों को बूथों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया है. हर मतदाता से मतदान की अपील करते हुए कहा कि बूथों पर सभी उपाय किये गए हैं. उन्होंने बताया कि गिरिडीह, जमशेदपुर, रांची और धनबाद में शनिवार को मतदान होना है.

सुबोधकांत के खिलाफ भाजपा पहुंची आयोग

रांची। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में गुरुवार को चुनाव आयोग में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा को ज्ञापन सौंपा. मांग की कि तत्काल सुबोधकांत सहाय और मुखिया पतरस तिर्की के खिलाफ केस दर्ज हो. बताया कि खिजरी के सौदाग पंचायत मे सहाय एवं पतरस तिर्की ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में सरकारी भवन में चुनावी सभा की, जो चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है.

इंडिया गठबंधन की अनुपमा सिंह, यशस्विनी, मथुरा महतो, समीर मोहंती के भाग्य का होगा फैसला

कल संजय सेठ, ढुल्लू महतो, सीपी चौधरी विद्युत वरण महतो की प्रतिष्ठा दांव पर

प्रवीण कुमार। रांची

लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में झारखंड की चार संसदीय सीटों पर 25 मई को चुनाव होने हैं. इस चरण में रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह सीट पर मतदान होगा. इन सीटों पर भाजपा और एनडीए का कब्जा है. इस लोकसभा चुनाव में कुछ बदले हुए राजनीतिक समीकरण नजर आ रहे है. चारों सीटों पर कांटे का मुकाबला है. इंडिया गठबंधन में कांग्रेस रांची और धनबाद, झामुमो जमशेदपुर और गिरिडीह से आपने प्रत्याशी उतारे हैं.

जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं. इनमें जमशेदपुर (पूर्वी), जमशेदपुर (पश्चिम), घाटशिला, बहरागोड़ा, पोटका और जुगसलाई शामिल हैं. इनमें घाटशिला, बहरागोड़ा, पोटका और जुगसलाई झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक हैं. वहीं जमशेदपुर (पूर्वी) निर्दलीय और जमशेदपुर (पश्चिम) की सीट पर कांग्रेस के विधायक हैं. इस इस सीट पर भाजपा और झामुमो के बीच मुख्य मुकाबला है. जमशेदपुर में कुल 25 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं. संथाल, भूमिज जनजातियों के अलावा इस सीट पर कुर्मी वोटर निर्णायक सबित होते है. संथाल व मुस्लिम का एकतरफा ध्रुवीकरण झामुमो के पक्ष में देखा जा रहा है. लेकिन भूमिज और कुछ हद तक कुर्मी वोटो का में बिखराव भी देखा जा रहा है. शहरी वोटरो की चुप्पी भाजपा को परेशान कर रही है.

गिरिडीह में गिरिडीह, धनबाद और बोकारो जिले की छह विधानसभा सीटें आती हैं. इनमें से तीन सीटो गिरिडीह, डुमरी व टुंडी विधानसभा में झामुमो का

कब्जा है. वहीं कांग्रेस का बेरमो, भाजपा का बाघमारा तथा आजसू का गोमिया विधानसभा पर कब्जा है. इस सीट पर कुल 16 प्रत्याशी अपनी राजनीतिक किस्मत आजमा रहे हैं. झामुमो उम्मीदवार मथुरा महतो धनबाद के रहने वाले हैं, जबकि आजसू उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी रामगढ़ के रहने वाले हैं. इन दोनों के बीच कड़ी टक्कर है. झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रमुख और निर्दलीय उम्मीदवार जयराम महतो भी चर्चा में हैं. कुरमी बहुल गिरिडीह लोकसभा सीट पर अब तक कुर्मी वोटर ही जीत-हार तय करते रहे हैं. पर इस बार तीन कुर्मी उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से किसी एक उम्मीदवार को अपनी जाति का एकमुश्त वोट मिल पाना मुश्किल लग रहा है. ऐसे में दूसरे जातीय समूहों की गोलबंदी और समर्थन के आधार पर बनने वाले समीकरणों के निर्णायक होने की उम्मीद जतायी जा रही है. ऐसे में ब्राह्मण और भूमिहार किसके पक्ष में जाएगा यह देखना दिलचस्प होगा. और यही जीत-हार का फैसला करेगा.

रांची लोकसभा में भी कुल छह विधानसभा क्षेत्र आते है. इसमें ईचागढ़ में झामुमो, खिजरी में कांग्रेस, सिल्ली में आजसू के विधायक हैं. वहीं तीन विधानसभा रांची, हटिया और कांके में भाजपा विधायक हैं. रांची लोकसभा चुनाव में 25 प्रत्याशी अपना किस्मत आजमा रहे हैं. मुख्य मुकबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही है. कुरमी वोटरों की गोलबंदी इस सीट पर भाजपा को जीत दिलाती रही है. कांग्रेस की युवा प्रत्याशी को युवाओं का समर्थन मिल रहा है. शहरी वोटर के अलावा कुर्मी वोटरों की जुगलबंदी पर भाजपा और कांग्रेस का जोर है. इसके अलावा मुस्लिम, ईसाई वोट कांग्रेस के पाले में पूरी तरह जीने की संभावना है.

धनबाद लोकसभा में छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं. जिसमें बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद में भाजपा के विधायक हैं. वहीं झरिया विधानसभा पर कांग्रेस का कब्जा है. इस लोकसभा में बाहरी वोटरों का बोलबाला रहता है. जिस उम्मीदवार के पक्ष में इनका वोट होता है, उनकी जीत सुनिश्चित होती है. कांग्रेस की युवा प्रत्याशी के पक्ष में पार्टी लाइन से अलग हो कर लोग समर्थन कर रहे है. वहीं भाजपा प्रत्याशी आपराधिक छवि की वजह से विवादों में घिरे हैं. पार्टी के विधायकों का भी समर्थन नहीं मिल रहा है. इन सबके बीच मासस के प्रत्याशी भी कांग्रेस और भाजपा उम्मीदवारों के बीच अपने जनाधार को मजबूत करने में लगे हैं.

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में किस दल को कितना वोट मिला था

जमशेदपुर

विधानसभा	भाजपा	कांग्रेस/ झामुमो
जमशेदपुर (पूर्वी)	34317	32762
जमशेदपुर (पश्चिम)	121794	62391
घाटशिला	93275	62009
बहरागोड़ा	87087	73298
पोटका	107090	80118
जुगसलाई	135421	66774

रांची

विधानसभा	भाजपा	कांग्रेस/ झामुमो
इच्चागढ़	118211	49337
खिजरी	104871	85272
सिल्ली	86765	36174
रांची	102217	71408
हटिया	144728	95278
कांके	147191	85131

धनबाद

विधानसभा	भाजपा	कांग्रेस/ झामुमो
बोकारो	181699	74758
चंदनकियारी	124601	32806
सिंदरी	137740	67163
निरसा	141013	48867
धनबाद	148300	71366
झरिया	91351	45181

गिरिडीह

विधानसभा	भाजपा/आजसू	कांग्रेस/ झामुमो
गिरिडीह	95248	65293
डुमरी	108877	71173
टुंडी	106736	74099
बेरमो	112971	70522
बाघमारा	104555	56792
गोमिया	118477	60389

न्यूज अपडेट

लेक एवेन्यू में मतदाता जागरूकता पर हुई चर्चा

रांची। लेक एवेन्यू कांके रोड नंदन कानन अपार्टमेंट में गुरुवार को लगभग डेढ़ सौ लोगों की उपस्थिति में मतदान जागरूकता पर चर्चा की गई. सबों ने बढ़-चढ़कर जिम्मेदारी निभाने का वादा किया तथा मतदान के प्रतिशत बढ़ाने पर अपना पूर्ण सहयोग देने की बात कही. कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ, अजय मारू, चंद्रकांत रायपत्त, मुकेश काबरा, किशोर मंत्री, कमल गोयनका, विकास सिंह, प्रमोद सारस्वत, संजय सर्राफ, महेश बजाज, रविंद्र मोदी अशोक नारसरिया, जयंत नाथ शाहदेव, विवेक गर्ग, रूपेश भला, अंचल किंगर, भगवती भुवालका आदि उपस्थित थे.

एकता पार्टी ने कांग्रेस के समर्थन में की पदयात्रा

रांची। भारतीय एकता कमेटी के बैनर तले गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के समर्थन में कई मुहल्ले में पदयात्रा की गयी. कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी यसस्विनी सहाय को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की गई. पदयात्रा में भारतीय एकता कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए. अकील उर रहमान भाई ने बताया कि संविधान को बदलने वाले को सबक सिखाया जाएगा. वोट से चोट पहुंचायी जाएगी. भाजपा को सत्ता से हटाना होगा. पदयात्रा में गुलाम मुस्तफा, मो. इमरान, मो. तौहीद, मो. इस्लाम, रामेश्वर राम, मनोज राम, मोहम्मद अशरफ, विजय लकड़ा, एलिस कश्यप, मोहम्मद शफीक समेत अन्य शामिल थे. नजीर अली लेन, बलदेव सहाय लेंन, चर्च रोड, मिशन चौक, पत्थल कुदवा, पुरुलिया रोड समेत अन्य स्थानों पर पदयात्रा निकाली गयी.

रोजगार, बेकारी, महंगाई, विकास नहीं रहा भाजपा का मुद्दा

रांची। भाकपा के पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता एवं अजय सिंह ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि झारखंड में चुनाव प्रचार में भाजपा के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित गृहमंत्री, रक्षा मंत्री, एवं अन्य नेताओं ने रोजगार पर कुछ नहीं बोला. बेकारी, महंगाई, विकास पर भी चुप रहे. वह केवल हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद की बात करते है. देश के सविधान के अनुसार सभी धर्म के लोगों को समान अधिकार दिया गया है, किसी एक विशेष धर्म को नहीं. डॉ भीम राव आंबेडकर ने देश के हर तबके के लोगों का अधिकार देने का काम किया. ताकि देश के तमाम लोगो के हित संरक्षित रह सके. 2014 में दो करोड़ लोगों को रोजगार देने, कालाधन व महंगाई के सवाल को लेकर सत्ता में आए थे. वादा आज तक पूरा नहीं हो सका है.

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में निकाला पैदल मार्च

रांची। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सीमा पासवान ने अपने दर्जनों सहयोगियों के साथ चुटिया के द्वारिकापुरी रोड नंबर 12 से रोड नंबर पांच तक पैदल मार्च किया. उन्होंने रांची संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में मतदाताओं से वोट देने की अपील की. इस कार्यक्रम में संयोजक कर्मा पासवान, सतेंद्र पासवान, मिथुन पासवान, शांति देवी, नीलम देवी, मंती देवी, पूनम देवी आदि का सहयोग रहा.

एसएसपी ने सीआरपीएफ के साथ की बैठक

रांची। चुनाव के छठे चरण में झारखंड की चार सीटों पर वोट होने हैं. इसे लेकर गुरुवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने पुलिस पदाधिकारियों ने आवश्यक निर्देश दिया. जिसमें सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी सीआरपीएफ के कमांडेंट,जैप के पदाधिकारी, होमगार्ड के पदाधिकारी, सीआईएसएफ के कमांडेंट, गोवा पुलिस के डीएसपी, रांची जिला के सभी डीएसपी, थाना प्रभारी, और पुलिस कर्मी उपस्थित थे.

रांची रेंज के डीआईजी की अपील - कल जरूर मतदान करें

रांची। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने लोगों ने मतदान करने की अपील की है. अनूप बिरथरे ने सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों से 25 मई को रांची में मतदान को लेकर अपील करते हुए कहा है कि जैसा कि आपको पता है कि रांची लोकसभा क्षेत्र में मतदान की तिथि 25 मई है. मैं सभी सम्मानित मतदाताओं से, युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं से सभी से अनुरोध करता हूं कि 25 मई को जरूर मतदान के लिए निकलें और बड़ी संख्या में भाग लें.

सदर एसडीओ ने रांची में लगायी धारा 144

संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 25 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत मतदान होना है. इसी कड़ी में सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सदर अनुमंडल अंतर्गत धारा-144 लागू की है.

यह निषेधाज्ञा 23 मई की शाम 5 बजे से 25 मई के रात 9 बजे तक लागू रहेगी. जारी आदेश में कहा गया है कि मतदान के क्रम में अभ्यर्थियों, उनके सहयोगियों और असामाजिक तत्वों द्वारा बूथों पर बलपूर्वक कब्जा करने, बोगस मतदान कराने की चेष्टा किया जा सकता है. जिससे ऐसे कार्यक्रमों से विरोधियों के बीच परस्पर विद्वेष व प्रतिद्वंदिता के कारण विधि-व्यवस्था और जन सामान्य की भावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है.

इन कार्यों पर लगायी पाबंदी

1. पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों को उक्त क्षेत्र के मतदान केंद्र भवनों के 200 मीटर की परिधि में जमा होने या चलने पर पाबंदी.
2. सभी प्रकार की चुनाव संबंधी सभा, जुलूस/रैली एवं प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा. घर-घर जाकर चुनावी प्रचार पर रोक नहीं है.
3. मतदान समाप्ति के 48 घंटा पूर्व से मतदान समाप्ति तक शराब की बिक्री या सेवन प्रतिबंधित करते हुए ड्राई डे घोषित किया जाता है.
4. इस अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार प्रतिबंधित रहेगा.
5. 200 मीटर की परिधि में किसी भी पार्टी का झंडा, बेनर, पोस्टर, पम्पलेट इत्यादि लगा नहीं रहेगा.
6. वैसे पार्टी वर्कर्स या प्रचार करने वाले व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है या वो बाहर से आये हैं. निषेधाज्ञा जारी होते ही रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र छोड़ देगें.
7. बूथ पर कोई भी मीडियाकर्मी प्रवेश कर वीडियोग्राफी/फोटो न करने पायें, ताकि गोपनीयता भंग हो.
8. बिना अनुमति बैठक, धरना प्रदर्शन, सभा करने, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि नहीं लगा सकते हैं.
9. हरवे-हथियार लेकर रोड पर चलना प्रतिबंधित रहेगा.
10. जारी निषेधाज्ञा की अवधि में मीडियाकर्मी किसी भी प्रकार का एक्जिट पोल एवं रिजल्ट्स प्रकाशित नहीं करा सकते हैं.
11. जारी निषेधाज्ञा के अवधि में प्रत्याशी, समर्थक, राजनैतिक दल का प्रेस कांफ्रेंस/इंटरव्यू प्रतिबंधित रहेगा.

ममता ने ओबीसी के आरक्षण पर डाका डाला उनका हक मुसलमानों को दिया : आदित्य साहू

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को ऐतिहासिक फैसला दिया है. ममता बनर्जी ने 118 मुसलमान जातियों को पिछड़ेपन का सर्वे कराए बिना ओबीसी का आरक्षण दे दिया, जिस पर किसी ने याचिका लगाई और कोर्ट ने इसका संज्ञान लेकर 2010 से 2024 तक जितने प्रमाणपत्र ममता बनर्जी सरकार ने जारी किए थे, उसके स्थगन का आदेश दिया है. आदित्य साहू गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे.

उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने ओबीसी के आरक्षण पर डाका डालकर उनका हक मुसलमानों को दिया है. ओबीसी आरक्षण पर आया हाई कोर्ट

का फैसला स्वागतयोग्य है. आदित्य साहू ने कहा कि ठीक इसी तरह कांग्रेस पार्टी भी तेलंगाना और कर्नाटक में ओबीसी के आरक्षण पर डाका ड़ालने का काम कर रही है. बंगाल में ममता बनर्जी ने भी एससी, एसटी के आरक्षण पर डाका डालकर मुसलमानों को दे रही है. भाजपा इसका विरोध करती है क्योंकि संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की कोई अनुमति नहीं देता. रामकृष्ण मिशन की संपत्तियों में हुई तोड़फोड़ पर बोलते हुए श्री साहू ने कहा कि भारत सेवाश्रम संघ वह संस्था है, जिसके कारण आज पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है. ममता बनर्जी को शायद नहीं मालूम कि भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक स्वामी प्रणवानन्द अगर ना होते तो पश्चिम बंगाल भारत का नहीं बांग्लादेश का हिस्सा होता. जबकि आज ममता बनर्जी भारत सेवाश्रम संघ, इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन इस प्रकार की संस्थाओं को बदनाम कर रही हैं ताकि वो मुसलमान मतदाताओं को खुश कर कर सकें.

स्पीकर के निर्वाचन मामले में सीलबंद दस्तावेज कोर्ट को सौंपे

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रबींद्र नाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली संतोष हेंब्रम की चुनाव याचिका पर सुनवाई के दौरान जामताड़ा उपायुक्त कुमुद सहाय ने उपस्थित होकर चुनाव संबंधित सीलबंद दस्तावेज कोर्ट को सौंप दिया है. उन्होंने कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगते हुए आगे ऐसी गलती नहीं होने की बात कही, जिस पर कोर्ट ने उन्हें अगली सुनवाई में उपस्थित होने से छूट प्रदान की. अब मामले की अगली सुनवाई हाई कोर्ट में 12 जून को होगी. इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से तीन लोगों की गवाही पूरी हो चुकी है. वहीं प्रतिवादी रबींद्र नाथ महतो सहित उनकी ओर से 11 अन्य गवाहों की भी गवाही पूरी हो चुकी है.

प्रेस कांफ्रेंस खजाने पर एक परिवार का कब्जा था, ये सब मुगल काल की याद दिलाता है

मुगल सल्तनत खत्म हो गई पर इसकी छाप अभी भी झारखंड में:प्रतुल

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने गुरुवार को कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि ईडी ने हेमंत सोरेन की जमानत के मुद्दे पर जो पिटीशन सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है, उससे बहुत चौंकाने वाले तथ्य सामने आये. ऐसा लगता है कि झारखंड में समय थम सा गया है. मुगल विदा हो गए, लेकिन यहां मुगलिया सल्तनत अभी भी जारी है. ईडी के पिटीशन के अनुसार, जहांपनाह का दरबार लगा करता था, सारे सलाहकार जुटते थे और खजाने को लूटने की योजना बनती थी. उसके बाद सुनियोजित तरीके से

खजाने और प्रजा की जमीन की लूट होती थी.यही नहीं जहांपनाह के मातहत काम करने वाले अधिकारियों के यहां भी दरबार लगता था. बालाओं के साथ अधिकारी जाम छलकाते हुए नृत्य करते थे. प्रतुल ने कहा की जिस आदिवासी -मूलवासी की इन्होंने सत्ता में भागीदारी का वादा किया था, उसी की गाढ़ी कमाई को पूर्ववर्ती सरकार डकार गई. मौजूदा सरकार में भी इस कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है. ईडी के पिटीशन के प्वाइंट 54 में इस पूरे प्रकरण का जिक्र है, जिसका डिजिटल एविडेंस भी उपलब्ध है.

3000 करोड़ का टेंडर कमीशन घोटाला हुआ

प्रतुल ने कहा कि ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में हेमंत के मामले में दिए पिटीशन के प्वाइंट 51 में उल्लेख है कि ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर में कमीशन के 3000 करोड़ का घोटाला हुआ, जिसके तार सीधे तौर पर आलमगीर आलम से जुड़े हैं, जो इनके साथियों ने भी बयानों में स्वीकार किया. इन पर झामुमो और कांग्रेस खामोश हैं. कांग्रेस इस पर भी खामोश है कि ईडी ने अपनी इसी पिटीशन में यह स्पष्ट किया कि बड़गाईं की 8.86 एकड़ जमीन पर हेमंत सोरेन का ही कब्जा था. ईडी ने अपने पिटीशन में कहा है कि सर्किल ऑफिसर मनोज कुमार, पिंटू के आप्त सचिव उदय शंकर, पूर्व सीओ शैलेश कुमार और केयरटेकर संतोष पाहन ने गवाही देकर उस जमीन को हेमंत की बेनामी जमीन बतायी है. इसे ही संस्थागत भ्रष्टाचार कहा जाता है, जब पूरी राज्य सरकार लूट का खेल करती है. कांग्रेस प्रवक्ता ने यह स्पष्ट क्यों नहीं किया कि 2007 में उनकी यूपीए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट कर रामलला को काल्पनिक पात्र व रामायण को काल्पनिक ग्रंथ बताया था? ये राम विरोधी लोग हैं और जनता इन रामद्रोहियों को सबक सिखाएगी.

हुंडरू और अरगोड़ा में मंडा पूजा, जहां दहकते अंगारे बन गये फूल

रांची। रांची एयरपोर्ट के हुंडरू गांव तथा अरगोड़ा में गुरुवार की रात दो दिवसीय मंडा पूजा अनुष्ठान प्रारंभ हुआ. दोनों स्थानों पर विभिन्न अनुष्ठानों के साथ फूलखुंदी का कार्यक्रम हुआ, जिसमें दहकते अंगारे भी फूल बन गये.

हुंडरू

पूजा अनुष्ठान से गुलजार रहा हुंडरू गांव

- एयरपोर्ट स्थित हुंडरू गांव में गुरुवार की देर रात तक मंडा पूजन-अनुष्ठान से गुलजार रहा .गांव के लोग शिव भक्ति में लीन रहे.
- पाठ भोक्ता संदीप गोप के नेतृत्व में 79 भोक्ताओं ने दिनभर पूजा-अर्चना कर नेम-निष्ठा से वेतजोरी, लोटन सेवा जैसी रस्म अदा की.
- रात नौ बजे से भोक्ताओं की मुख्य परीक्षा शुरू हुई. पहले धुवांसी हुई, इसके बाद फूलखुंदी शुरू हुई.
- भोक्ता बारी-बारी से दहकते अंगारों पर चल कर भक्ति की परीक्षा में खरे उतरे.
- छऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया. पश्चिम बंगाल से आये छऊ नर्तकों ने पौराणिक प्रसंगों को जीवंत कर खूब वाहवाही बटोरी.
- मंडा पूजा समारोह के दूसरे दिन शुक्रवार को झूलन कार्यक्रम का आयोजन होगा.
- मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष सन्नी कुमार साहू और कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहू ने बताया कि शनिवार की रात नागपुरी गीत-संगीत के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. मौके पर झारखंड के अलग-अलग इलाकों के नागपुरी कलाकार गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुति देंगे.

अरगोड़ा में मंडा पूजा : वेतजोरी, लोटन सेवा, वरमंगी की रस्म अदा की गई

- सुबह से दोपहर बाद तक शिव भक्ति में लीन रहे सभी.
- दो बजे स्थानीय शिव मंदिर प्रांगण में वेतजोरी, लोटन सेवा, वरमंगी आदि की रस्म अदा की गयी.
- रात नौ बजे से भक्ति की कठिन परीक्षा शुरू हुई.
- भोक्ता लटक कर धुवांसी (धुएं के गुबार) से गुजरे. फिर दहकते अंगारे पर ऐसे चले.
- शुक्रवार को झूलन होगा. अध्यक्ष मुनेश्वर साहू ने बताया कि दोपहर बाद भोक्ता दादुल घाट में स्नान-ध्यान कर सजेंगे-संवरेंगे.
- शोभायात्रा के रूप में बूढ़ा शिव मंदिर की परिक्रमा की जाएगी.
- अरगोड़ा मैदान में होगा झूलन.
- 40 फीट ऊंचे मंच से झूलकर श्रद्धालुओं के बीच आस्था के फूल बिखेरेंगे.

अरगोड़ा

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में की गयी तिरु आराधना

संवाददाता । रांची

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में गुरुवार को वैशाख पूर्णिमा पर तिरु आराधना का खास अनुष्ठान किया गया. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने तो हिस्सा लिया ही, दर्शन-पूजन को भी देर शाम तक तांता सा लगा रहा. सुबह दैनिक-पूजन आरती के बाद आराधना कर भक्तों ने श्रद्धा के पुष्प अपने इष्ट के श्रीचरणों में अर्पित किया. यजमान के रूप में कमलनयन और अरविंद कुमार मिश्र ने सपत्नीक भगवान को भोग निवेदित किया. सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने अनुष्ठान संपन्न कराया. प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह, शंभू पोद्दार, प्रभाष मित्तल, दीपू श्रीवास्तव, प्रेम मोदी, पंकज कुमार शर्मा, लाल दीपक नाथ शाहदेव, अनूप झा, सुरेशचंद्र शर्मा आदि ने अनुष्ठान में मुख्य रूप से हिस्सा लिया.

जिला जज दिवाकर पांडे पहुंचे रिनपास

- मरीजों के दिये जा रहे भोजन, दवा व इलाज के बारे में जानकारी ली

संवाददाता । रांची

रांची सिविल कोर्ट के न्यायायुक्त दिवाकर पांडे गुरुवार को निरीक्षण के लिए रिनपास पहुंचे. निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों की समस्याएं सुनी और महिला वार्ड की मरीजों से भी मिले. उन्होंने कहा कि हम मरीजों के बीच उनकी समस्या को सुनने आये हैं और उसके निराकरण की जानकारी देने आये हैं. न्यायायुक्त ने मरीजों के कक्ष का भी निरीक्षण किया और मरीजों से उनकी समस्याएं जानी. इसके साथ ही न्यायाधीश दिवाकर पांडे ने रिनपास के किचन का निरक्षण कर मरीजों को दिए जाने वाले आहार की जानकारी ली. वहीं अस्पताल में नियुक्त डॉक्टर और कर्मचारी से इसकी विस्तृत जानकारी भी ली कि वहां के मरीजों को क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं.

निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश दिवाकर पांडे ने मरीजों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी देखा और मरीजों द्वारा बनायी गयी चीजों की सराहना की. निरीक्षण के दौरान रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश बहरा और रिनपास की निदेशक डॉक्टर जयति सिमलाई,रिनपास के चिकित्सक, पीएलबी (पारा लीगल वोलेंटियर) भारती देवी और सारदा देवी मौजूद रहीं.

लामाओं ने संपन्न कराया पूजन-अनुष्ठान, शांति के लिए जलाये गए 108 दीप

धूमधाम से मना बुद्ध पूर्णिमा उत्सव

खास बातें

- भंडारा के साथ देर शाम तक चला कार्यक्रमों का सिलसिला
- नेपाल हाउस के बौद्ध मंदिर में भी हुआ पूजन-अनुष्ठान

संवाददाता । रांची

बुद्ध पूर्णिमा पर गुरुवार को विश्व को सत्य और अहिंसा का संदेश देने वाले महात्मा बुद्ध का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. सुबह से देर शाम तक बौद्ध मंदिर अनुयायियों से गुलजार रहा. स्थानीय और बाहर से आये लामाओं ने नेम-निष्ठा से पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया.

मतावंबियों ने अपने इष्ट के उपदेशों को आत्मसात कर विश्व शांति के लिए 108 दीप जलाए. भंडारा के साथ विविध कार्यक्रमों का सिलसिला देर शाम तक चला. आचार संहिता के कारण इस बार शोभायात्रा नहीं निकाली गयी.

श्रीहरि की भक्ति में रमे रहे सनातनी : नातनी श्रीहरि की भक्ति में रमे रहे. स्नान-ध्यान, पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य किया गया. शहर के विविध मंदिरों में दर्शन-पूजन को देर शाम तक भक्तों का तांता सा लगा रहा. कई घरों में सत्यनारायण जी की पूजा भी करायी गयी.

लामाओं ने संपन्न कराया अनुष्ठान: छोटानागपुर बौद्ध सोसाइटी के नेपाल हाउस, डोरंडा स्थित बौद्ध मंदिर में सुबह से दोपहर बाद तक पूजन-अनुष्ठान चला. दार्जिलिंग से आये पालदेन, वांगदेन, सांगे और जिग्में लामा ने अनुष्ठान संपन्न कराया. इसके बाद दीप प्रज्जवलित किये गये. मतावलंबियों ने अपने इष्ट के उपदेशों को आत्मसात कर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव ने भी इसमें खास तौर से हिस्सा लिया. बाद में भंडारा चलाया गया. फिर देर शाम तक कार्यक्रमों का क्रमवार सिलसिला चला.अध्यक्ष सुरेन कुमार तामंग और सुमन तामंग ने सभी का आभार जताया.

ढाई हजार वर्षों से भगवान बुद्ध कर रहे हैं विश्व का मार्गदर्शन : डॉ सांकृत्यायन

रांची ।बरियातु स्थित सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल परिसर में बृहस्पतिवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की 2568वीं जयंती मनायी गई. विद्यालय परिसर में भक्ति भाव के साथ गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना की गई. इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने गौतम बुद्ध के सिद्धान्तों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया. वर्ल्ड बुद्ध फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. हरीश सांकृत्यायन ने कहा कि विचारक एवं अनुभवसिद्ध गौतम बुद्ध मानवता के इतिहास में कई दृष्टियों से आज भी महत्वपूर्ण और प्रासंगिक बने हुए हैं. धर्म की स्थापना, ध्यान, मन के प्रशिक्षण एवं संघ की स्थापना जैसे कार्यों द्वारा भगवान बुद्ध एक महामानव के रूप में ढाई हजार वर्षों से पूरे विश्व का मार्गदर्शन कर रहे हैं.

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को गौतम बुद्ध के उपदेशों पर चलने की शिक्षा अवश्य दी जानी चाहिए. तभी हमारा देश एक सभ्य राष्ट्र के रुप में उभरकर उन्नति की ओर अग्रसर होगा. मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर रिम्स के डायरेक्टर डॉ. राजकुमार, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. सुपणी, एके राय, रेखा शर्मा, गीता सिन्हा, संगीता, सेन्ट्रल एकेडमी की प्राचार्या सुतपा भट्टाचार्या, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं.

न्यूज अपडेट

हॉकी रांची लीग में रेलवे व सुपर क्वीन की टीम जीती

रांची। हॉकी झारखंड के सहयोग से हॉकी रांची द्वारा आयोजित हॉकी रांची लीग में गुरुवार को पुरूष व महिला वर्ग में एक-एक मैच खेले गए. पुरूष वर्ग में रेलवे और प्रभात तारा स्कूल धुर्वा के बीच मैच खेला गया. इस मैच में रेलवे ने प्रभात तारा स्कूल को 9-1 से हराया. महिला वर्ग में सुपर क्वीन वीमेन क्लब और हॉकी गुमला के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें सुपर क्वीन वीमेन क्लब ने 3-0 से जीत दर्ज की. आयोजन को सफल बनाने में हॉकी रांची के माइकल लाल, जयंत केरकेट्टा, असरिता लकड़ा, मनोज प्रधान, करुणा पूर्ति, नोमिता टोप्पो आदि शामिल थे.

जयपाल मुंडा खेल परिसर में कोर्फबॉल कोर्ट का उदघाटन

रांची। कचहरी रोड रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में कोर्फबॉल कोर्ट का उदघाटन गुरुवार को हुआ. समाजसेवी रिंकू वर्मा ने कोर्ट का उद्घाटन किया. इस अवसर पर वुडबॉल के गोविंद झा, झारखंड राज्य कोर्फबॉल संघ के महासचिव ब्रजेश गुप्ता, वर्मा बंधुज भाई से दीपक वर्मा, झारखंड राज्य कोर्फबॉल संघ के कोषाध्यक्ष सह रांची जिला कोर्फबॉल के सचिव अंश वर्मा, पंकज जोसेफ, रेशमा टोप्पो, प्रिया पलक, विनीत कुजूर समेत सभी कोर्फबॉल के खिलाड़ी उपस्थित थे. जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से व शाम 4 बजे तक कोर्फबॉल खेल का प्रशिक्षण दिया जायेगा.

इनर व्हील क्लब ने मंदिर परिसर में वाटर कूलर लगाया

रांची। इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची में जगन्नाथपुर मंदिर के समीप प्राचीन चिंतामणि मंदिर में आरओ यूवी सिस्टम के साथ वाटर कूलर लगाया, क्लब की अध्यक्ष माला श्रीवास्तव की देख-रेख में यह कार्य संपन्न हुआ. इससे पहले क्लब की ओर से जगन्नाथपुर मंदिर में तुलसी वन का निर्माण किया गया है. साथ ही वहां आने वाले भक्तों के लिए प्याऊ और टॉयलेट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गयी है. इस कार्यक्रम में नीता नारायण, सुप्रीता लाल, मनीषा सिंह, सुषमा पांडेय और संगीता सिन्हा ने अहम योगदान दिया.

वोटर अवेयरनेस बाडक रैली निकाली गयी

रांची। मारवाड़ी युवा मंच एवं युवा अग्रवाल सभा के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन से मोटरसाइकिल वोटर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. रैली को मारवाड़ी भवन से मारवाड़ी युवा मंच पूर्व अध्यक्षों, मारवाड़ी सहायक समिति, अग्रवाल सभा, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. वोटर जागरूकता रैली अपर बाज़ार के विभिन्न इलाकों से होते हुए गुजरी एवं मतदान करने के लिए लोगों से अपील की. कार्यक्रम के संयोजक रोहित सरावगी, अमित जांगिड़ एवं चेतन पोद्दार थे.

भुसार कम्युनिटी कॉलेज में नर्सिंग कोर्स समाप्त

रांची। डाल्टनगंज के भुसार कम्युनिटी कॉलेज में गुरुवार को 15 नर्सों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण हुआ. इसमें 15 से अधिक नर्सें कॉलेज में प्रशिक्षण ले रही थी. प्रमाम पत्र देने के साथ सभी को अस्पताल में नौकरी भी दी गई. मुख्य अतिथि बिशप थियोडोर मस्केरनहास, निदेशक फादर प्रदीप पन्ना, फादर क्रिस्टोफर,एलिन कुजूर, विकास संस्था के निदेशक फादर अलफोंस बाखला शामिल हुए. इस अवसर पर बिशप ने कहा कि सेवा ही मानव का सच्चा धर्म है. लोगों की सेवा मन और लगन से करना चाहिए. भगवान ने एक ही धर्म सिखाया है और वह सेवा का धर्म है. मानवता का यही धर्म है. जो हमें परमेश्वर से मिला है. मानव कल्याण के लिए सेवा में बुलाए गए हैं. सभी को मन और लगन से सेवा करना चाहिए.

मवि के शिक्षकों को ग्रेड-सात में प्रोन्नति देने की मांग

रांची। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने मध्य विद्यालय के शिक्षकों को ग्रेड 4 से ग्रेड 7 में प्रोन्नति की मांग की है. इसे लेकर संयोजक विजय बहादुर सिंह एवं अमीन अहमद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव तथा प्राथमिक शिक्षा निदेशक को ज्ञापन सौंपा. तत्पश्चात प्राथमिक शिक्षा के अवर सचिव जागो चौधरी से समस्या के समाधान के लिए नियमावली 93 के तहत जारी हुई सूची में सभी शिक्षकों को ग्रेड 4 से ग्रेड 7 में प्रोन्नति की मांग की गई.

मतदान करें, एक्वावर्ल्ड में फ्री इंट्री पायें

रांची। एक्वा वर्ल्ड, मछलीघर में प्रबंधन ने रांची में शनिवार को सभी वोट देने वाले लोगों को सपरिवार मुफ्त में एंट्री कराने का निर्णय लिया है. 25 मई को वोट देने वालों और उनके साथ आए उनके परिजनों को प्रवेश शुल्क नहीं देना पड़ेगा. इसके अतिरिक्त वोट देने वाले और उनके परिजनों को सभी झूलों में 50% का डिस्काउंट भी दिया जाएगा.

उत्तराखंड की मुख्य सचिव ने लिखा पत्र, चारधाम यात्रियों को हेल्थ एडवाइजरी के अनुसार भेजें

संवाददाता । रांच

उत्तराखंड के मुख्य सचिव ने चारधाम यात्रा को लेकर सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र भेजा है, पत्र में हेल्थ एडवाइजरी के अनुसार अपने राज्यों से तीर्थ यात्रियों को भेजने आग्रह किया है.

उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बिना पंजीकरण के उत्तराखंड में तीर्थ यात्रियों के नहीं भेजने से संबंधित जानकारी राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे गये पत्र में दी है. इसके अलावा अपने पत्र में जिस तारीख के लिए चारधाम यात्रा के लिए तीर्थ यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन किया गया है, उसी तिथि पर उन्हें उत्तराखंड पहुंचने संबंधी जानकारी दी गयी है.

विभिन्न राज्यों को लिखे गये पत्र में टूर ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंट की जिम्मेदारियों से संबंधित जानकारी भी दी गयी है. मुख्य सचिवों से अनुरोध किया गया है कि इन सभी जानकारियों को अपने राज्यों में प्रचार प्रसार के माध्यम से तीर्थ यात्रियों तक पहुंचाया जाये, ताकि उन्हें किसी तरह की असुविधा उत्तराखंड पहुंचने के दौरान ना हो.

न्यायायुक्त ने बिरसा मुंडा कारा का निरीक्षण किया

रांची। न्यायायुक्त दिवाकर पांडे गुरुवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार रांची का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी को अपनी बातों को रखने का पूर्ण अधिकार है, जिन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी हो वे न्यायालय से सम्पर्क कर अपनी समस्या को रख सकते हैं. दिवाकर पांडे ने कारा में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर और निरीक्षण के दौरान बंदियों से समस्याएं सुनीं. और उन्होंने कहा कि वैसे बंदी जिनकी बेल हो चुकी है और वह बेल की शर्तों को पूरी नहीं कर पा रहे. वे शर्तों में परिवर्तन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन दे सकते हैं.

अनुयायियों ने मनाया श्रीश्री आनंद मूर्ति का जन्मोत्सव

संवाददाता । रांची

मधु मंजूषा ध्यान मंदिर, हेहल में गुरुवार को श्रीश्री आनंदमूर्ति प्रभात रंजन सरकार का 103वां जन्मोत्सव अनुयायियों ने श्रद्धा से मनाया. प्रभात संगीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई. सुबह 06.07 जन्म मुहूर्त क्षण का स्वागत शंख ध्वनि से किया गया. अनुयायियों ने कीर्तन और गुरु पूजन कर सद्गुरु के श्रीचरणो में श्रद्धा अर्पित की. बाबा नाम बाबा नाम केवलम... के सुमधुर स्वर लहरियों से वातावरण देर तक गुंजायमान रहा. मौके पर विभिन्न भाषाओं में आनंद वाणी का पाठ भी किया. डॉ तापसीआदि ने सस्वर पाठ कर गुरु की महिमा गायी. सुबह आठ बजे से प्रवचन प्रारंभ हुआ.पुरोधा प्रमुख विश्वदेवानंद ने गुरु की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला. कहा कि गुरु पथ प्रदर्शक होते हैं. इसके बाद प्रभात फेरी निकाली गयी. इसमें बड़ी संख्या गुरु भक्तों ने हिस्सा लिया. इलाके का भ्रमण कर सभी दिन के 11 बजे वापस लौटे. फिर आनंद मार्गदर्शन और इतिहास आधारित क्विज के साथ विविध प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया. शाम सात बजे आनंद मार्ग जागृति, हेहल में डॉ करुणा शाहदेव की ओर से वृहद् भंडारा चलाया गया. इसमें चंद्रेश्वर सत्यम ने मुख्य रूप से सहयोग किया, जबकि डॉ आनंद देव, डॉ अंशुमान देव खास तौर से भागीदारी निभायी.

रेडिएशन से बचना है तो गोबर से बनी चीप का करें प्रयोग

बसंत मुंडा । रांची

गाय के गोबर का इस्तेमाल कई तरह से होता है. इसका उपयोग खेती-बारी करने में ज्यादा होता है. लेकिन किसानों की आमदानी बढ़े और किसान व्यवसाय से जुड़ें, इसके लिए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय मोबाइल रेडिएशन से बचने के लिए झारखंड के दो जिलों दुमका और पूर्वी सिंहभूम में गोबर से चीप, माला, धूप, पेन डेस्क बनाने का प्रशिक्षण किसानों को दे रहा है. प्रशिक्षण एक माह का है. कृषि विश्वविद्यालय के प्राकृतिक खेती विशेषज्ञ सिद्धार्थ जायसवाल ने बताया कि वर्ष 2022 से गोबर से चीप बनाने की ट्रेनिंग किसानों को दी जा रही है. प्रशिक्षण लेने के बाद किसान स्वयं चीप बनाकर देश के बड़े-बड़े शहरों में बेच रहे हैं. सिद्धार्थ जायसवाल ने बताया कि अभी 200-250 किसान प्रशिक्षण ले रहे हैं.

श्री सर्वेश्वरी समूह ताकि पक्षी विलुप्त न हो जाएं और भीषण गर्मी से उनके प्राणों की रक्षा हो सके

पक्षी को दाना, पानी जन जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ

संवाददाता । रांची

श्री सर्वेश्वरी समूह की रांची शाखा ने गुरुवार को मोरहाबादी मैदान स्थित ऑक्सीजन पार्क के मुख्य द्वार पर 'पंछी को दाना, पंछी को पानी' जन जागरूकता अभियान' के पहले चरण का आयोजन किया.

इस कार्यक्रम के तहत समूह के सदस्यों ने लोगों के बीच 200 सकोरा (मिट्टी के बर्तन) और दाना के पैकेटों का वितरण किया. साथ ही लोगों से निवेदन किया गया कि अपने घरों के छत और आंगन पर सकोरा में पानी भर कर रखें और पक्षियों को खाने के लिए दाना भी दें.

पक्षियों को विलुप्त होने से बचाने के लिए अनूठे पहल की शुरुआत

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना, ताकि इस भीषण गर्मी में पक्षियों को पीने का पानी और दाना मिल सके. समूह के सदस्यों ने लोगों को समझाया कि इस भीषण गर्मी में मनुष्य तो अपने सुख-सुविधा का इंतजाम कर लेते हैं. लेकिन बेजुबान पंछी अपने लिये कुछ नहीं कर पाते. वहीं हम अपने स्वार्थ के लिए लगातार वृक्षों की कटाई कर पक्षियों के घरों को उजाड़ रहे हैं. जिसकी वजह से पक्षियां विलुप्त होते जा रहे हैं. पक्षी विलुप्त न हो जाये और इस भीषण गर्मी से उनके प्राणों की रक्षा हो, इसके लिए सकोरा और दाना पैकेट बांटकर लोगों को जागरूक करने की एक अनूठे पहल की शुरुआत की गयी.

कार्यक्रम में ये लोग रहे शामिल

जन जागरुकता अभियान में हेमंत नाथ शाहदेव, आशुतोष कुमार, समरेंद्र सिंह, उदय नारायण पांडेय,अभिजीत रौनियार, सुचित्रा शाहदेव, रचना रौनियार, कीर्तिमान नाथ शाहदेव, नागदमनी नाथ शाहदेव, बाबागुरु नाथ शाहदेव, द्वेद नाथ शाहदेव, बद्रीनाथ शाहदेव, शाम्भवी शाहदेव, रितिका शाहदेव, यदुनाथ शाहदेव समेत कई लोग शामिल हुए.

रॉकमैन प्रीमियर लीग में टाइटंस और नाइट राइडर्स ने अपना-अपना मुकाबला जीता

संवाददाता । रांची

रॉकमैन प्रीमियर लीग में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में टाइटंस व नाइट राइडर्स ने अपने-अपने मुकाबले जीते. दिन के पहले मुकाबले में टाइटंस ने वॉरियर्स को पांच विकेट से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉरियर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 150 रन बनाए. टीम के लिए दिनेश ने ताबड़तोड़ 41 रना बनाए. वहीं रोहित ने 37 रन का योगदान दिया. टाइटंस के मनीष ने तीन, अभिनव व मारूफ में दो-दो विकेट चटकाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी टाइटंस की टीम ने दीपक की 74 रन की ताबड़तोड़ पारी से 14.3 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर जीत हासिल की. वॉरियर्स के गौरव व जीतेंद्र ने दो-दो विकेट चटकाए. टाइटंस के दीपक को शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया.

नाइट राइडर्स ने चैलेंजर्स को नौ विकेट से हराया : दिन के दूसरे मुकाबले में नाइट राइडर्स ने चैलेंजर्स को नौ विकेट से हराया. पहले बल्लेबाजी करने उतरी चैलेंजर्स की टीम इंद्रजीत की आक्रामक गेंदबाजी के सामने 133 रन पर सिमट गयी. इंद्रजीत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चैलेंजर्स की छह बल्लेबाजो को पवेलियन भेजा. चैंलेजर्स की ओर से सौरव सर्वाधिक 41 व साकेत ने 40 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाइट राइडर्स की टीम ने मनीष व आर्यन के अर्धशतक की मदद से एक विकेट के नुकसान पर जीत हासिल की. इंद्रजीत को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया.

बढ़ती आबादी के बीच घट रहा डैम व झील का जलस्तर, गहराने लगा है जल संकट

आकर्ष अनिकेत। रांची

राजधानी में बढ़ती आबादी के साथ-साथ जल संकट गहराता जा रहा है. जब शहर की आबादी कम थी, तब तीन डैम रुक्का, धुर्वा व गोंदा से पानी की जरूरत पूरी की जाती थी. आबादी बढ़ने के बाद भी शहर इन तीन डैम पर ही निर्भर है. शहरवासियों को अपनी जरुरतें पूरी करने के लिए रोजाना 46 मिलियन गैलन (एमजीडी) पानी की आवश्यकता है. फिलहाल प्रतिदिन 32 से 34 मिलियन गैलन पानी की आपूर्ति ही सरफेस वॉटर (डैम) से की जा रही है. इस कारण पानी की किल्लत बनी हुई है. गोंदा डैम से रोजाना लगभग चार एमजीडी, धुर्वा डैम से लगभग आठ एमजीडी और रुक्का डैम से लगभग 22 एमजीडी पानी की आपूर्ति की जा रही है. बाकी 14 से 16 एमजीडी भू-गर्भ जल (बोरिंग) से उपयोग किया जा रहा है. मॉनसून आने में अभी एक महीने का समय बाकी है. इस बीच अगर बारिश नहीं होती है, तो शहर को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है.

शहर को 46 एमजीडी पानी की जरूरत, सप्लाई 32 से 34 एमजीडी

रोजाना हो रही पानी की सप्लाई

पानी सप्लाई की स्थिति को जानने के लिए हमने शहर के लोगों से बात की. लोगों का कहना है कि रोजाना पानी की सप्लाई की जा रही है. कभी-कभी एक-दो दिन पानी नहीं आता है, पर कुछ दिनों से रोजाना सप्लाई का पानी मिल रहा है.

रुक्का में 5, गोंदा में 7 व हटिया में 6 फीट पानी आपूर्ति योग्य

शहर में पानी की आपूर्ति पूरी करने वाले सभी डैम का पीनी अब निचले स्तर पर पहुंच चुका है. रुक्का डैम में फिलहाल आपूर्ति के लिए पांच फीट पानी ही बचा है. डैम में लगभग 15 फीट गाद भरा हुआ है. हटिया डैम में आपूर्ति के लिए छह फीट और गोंदा डैम में सात फीट पानी बचा है. हटिया डैम में लगभग 14 व गोंदा डैम में लगभग 12 फीट गाद जमा है.

किस डैम में कितना पानी

डैम	क्षमता	मौजूदा जलस्तर	आपूर्ति योग्य पानी
हटिया	39 फीट	20 फीट	6 फीट
गोंदा	28 फीट	19 फीट	7 फीट
रुक्का	36 फीट	20 .4 फीट	5 फीट

हजारीबाग के 36 में से 28 वार्डों में ही दिया है जाता पानी

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

शहर में 36 वार्ड हैं. लेकिन सिर्फ 28 वार्डों में ही पानी की सप्लाई हो पाती है. वह भी सुबह में दो घंटा पानी आता है. इसके बाद फिर अगली सुबह ही आता है. सुबह और शाम पानी सप्लाई नहीं हो रही है. हजारीबाग में कटकमसांडी के छड़वा डैम और शहर के झील से पानी की सप्लाई की जाती है. हजारीबाग शहर को लगभग 10 लाख गैलन पानी की जरुरत है, लेकिन अभी आपूर्ति के लिए 6 लाख गैलन पानी ही उपलब्ध हो पाता है.

इस कारण लोगों को पानी की समस्या झेलनी पड़ती है. एक-एक लाख गैलन क्षमता का छह और 50 हजार गैलन का एक स्टोर बनाया गया है. पानी आपूर्ति को लेकर हमने नगर निगम के सिटी मैनेजर से बात की. उन्होंने बताया कि शहर में 36 वार्ड हैं. इनमें कुछ वार्ड नए हैं. नए वार्ड में पानी की सप्लाई नहीं दी जा रही है. लेकिन 28 वार्ड में सुबह दो घंटे पानी दिया जाता है. अगर कोई पर्व-त्योहार होता है, तो जरूरत के अनुसार दी जाती है. पानी की कम सप्लाई होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि गर्मी का समय है, झील व छड़वा डैम में पानी की कमी है. इस कारण पानी की सप्लाई कम हो रही है. झील व डैम में पानी का स्तर बढ़ने के साथ ही पानी की सप्लाई भी बढ़ा दी जायेगी.

हर दिन 17 से 18 लाख लीटर पानी की जरूरत

आशीष टैगोर। लातेहार

लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र में प्रतिदिन 17 से 18 लाख लीटर पानी की जरुरत है. नगर पंचायत के द्वारा शहर में पानी की आपूर्ति की जा रही है और वर्तमान समय तक शहर में सुबह-शाम पानी की आपूर्ति की जा रही है. नगर पंचायत के कनीय अभियंता संदीप बेदिया ने शुभम संदेश को बताया कि चालू गर्मी के मौसम में वर्तमान समय तक नियमित जलापूर्ति की जा रही है.

हालांकि उन्होंने कहा कि अगर गर्मी और बढ़ेगी और औरंगा नदी का जल स्तर नीचे जायेगा, तो उस स्थिति में पेयजल आपूर्ति अनियमित होने की संभावना है. वैसी स्थिति में सिर्फ एक बार पेयजल आपूर्ति की जा सकती है. लेकिन इस वर्ष अभी तक वैसी परिस्थिति नहीं आयी है. बता दें कि शहर में 32 करोड़ की लागत से शहरी जलापूर्ति योजना का क्रियान्वयन किया गया है. इसके तहत तीन जलमीनार बनाये गये हैं. इनमें एक 11 लाख, एक 15 लाख और एक 7.5 लाख लीटर का है. इस योजना के तहत नगर पंचायत के सभी वार्डों में पाइप लाइन बिछाया गया है. नगर विकास विभाग की कार्यकारी एजेंसी जुडको ने यह निर्माण कार्य कराया है. हालांकि यह योजना प्रारंभ से ही विवादों में रही है. योजना में व्यापक अनियमितता भी पायी गयी थी.

सिमडेगा में सिर्फ एक समय ही हो रही पेयजल आपूर्ति

पंचम कुमार। सिमडेगा। सिमडेगा के नगर परिषद क्षेत्र स्थित केलाघाघ डैम से पेयजल की आपूर्ति की जाता है. इससे पूरे एनएससी क्षेत्र में पानी की सप्लाई की जाती है. पानी की कमी की वजह से सुबह में सिर्फ एक घंटे से भी कम समय तक पेयजल की सप्लाई लोगों को मिल पाती है. सिर्फ एक समय पर ही पेयजल की सप्लाई की जाती है, जिससे यहां के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है. वहीं बहुत कम जगह पर चापानल लगाया गया है. लोग जार का पानी खरीद करके अपना काम चलाते हैं. वहीं नगर परिषद के लोग कहते हैं कि पेयजल की यहां पर ज्यादा कोई समस्या नहीं है और जहां समस्या रहती है, उस स्थान पर टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई कर दी जाती है. खराब चापाकल को दुरुस्त किया जा रहा है, जिससे लोगों को पानी से संबंधित कोई समस्या ना हो.

ब्रीफ खबरें

वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

बुढ़मू। ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के बरौदी गांव के समीप बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत रिम्स ले जाने के क्रम में हो गई. जानकारी के अनुसार बंसरी गांव निवासी महिंद्र साहू (62) बरौदी गांव में मजदूरी करने के बाद खाना खाकर अपने घर आ रहा था. इसी बीच अज्ञात वाहन ने उसे अपी चपेट में ले लिया. घटना के बाद परिजनों द्वारा इलाज के लिए रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. गुरुवार को स्थानीय मुक्तिधाम में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

बीजेपी व आजसू के लोगों ने किया रोड शो

सिल्ली/मुरी। बीजेपी व आजसू के कार्यकर्ताओं ने सिल्ली इलाके में गुरुवार को रोड शो किया. सिल्ली समाधान केंद्र से शुरू होकर मुरी, सिल्ली के विभिन्न इलाकों में कार्यकर्ताओं ने जाकर एनडीए के प्रत्याशी संजय सेठ के लिए वोट मांगे. रोड शो में राजेंद्र प्रसाद साय, विनोद साहू समेत बीजेपी एवं आजसू के काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे.

शिक्षकों व विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

ओरमांझी। फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग ईरबा के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली. इसमें सभी मतदाताओं से मतदान के दिन बूथों पर पहुंचकर मतदान करने की अपील की गई. इस दौरान जागरूकता संबंधित नारे भी लगाए गए. कॉलेज के सचिव जीनत कौशर की अगुवाई में निकाली गई उक्त रैली कालेज से निकल कर मेदांता हॉस्पिटल होते हुए मुख्य चौराहे पर आई. यहां मतदाताओं से कहा गया कि अपने बहुमूल्य वोट के महत्व को समझें.

खलारी में प्रचार का शोर थमा, मतदान कल

खलारी। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव के छठे चरण के प्रचार का शोर बृहस्पतिवार की शाम थम गया. प्रखंड क्षेत्र के सभी बूथों पर मतदान को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है. इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि प्रखंड के 60 बूथों में कुल 55,609 मतदाता 25 मई को मतदान करेंगे. इनमें 29,088 पुरुष व 26,521 महिला मतदाता हैं. सभी बूथों के लिए पांच कलस्टर बनाए गए हैं.

थाने के समीप वारदात होने के बावजूद 24 घंटे बाद थानेदार को पता चला

हजारीबाग में एसबीआई की एटीएम काट 11 लाख उड़ाए

- इंद्रपुरी चौक के नजदीक नर्सिंग होम के बगल की घटना, कटर से काटा
- वायरल होती रही सीसीटीवी फुटेज, थाना प्रभारी को 36 घंटे तक नहीं मिली, गश्ती दल पर उठे सवाल

संवाददाता। हजारीबाग

शहर के लोहसिंघना थाने से कुछ दूरी पर इंद्रपुरी चौक के समीप एसबीआई की एटीएम को कटर मशीन से काटकर कर 11 लाख, 4 हजार, 50 रुपये की चोरी कर ली गई. घटना मंगलवार रात 2 बजे के आसपास की बताई जा रही है, जबकि थाना प्रभारी को बुधवार को रात में 24 घंटे बाद इस घटना की जानकारी मिली या फिर इनके द्वारा इस अपराध को मीडिया से छुपाने की कोशिश की जाती रही. 36 घंटे बाद थाना प्रभारी अपने टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे.

घटना की सुबह से ही पूरे शहर में सीसीटीवी फुटेज वायरल होती रही, लेकिन थानेदार यह कहते रहे

कि उन्हें सीसीटीवी फुटेज मिली ही नहीं है. जब मीडिया से उन्हें जानकारी मिली कि सामने के नर्सिंग होम में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जहां फुटेज देखी जा सकती है तब वह तीसरे दिन गुरुवार को 10:00 बजे सुबह पहुंचकर फुटेज को कलेक्ट किया.

उक्त घटना पर थानेदार की कार्रवाई का तरीका अपराध के प्रति गंभीर नहीं होना और पेट्रोलिंग टीम का लापरवाह होना दर्शाता है. थाना प्रभारी संदीप कुमार का कहना है कि घटना की जानकारी न ही स्थानीय लोगों ने दी और न ही बैंक ने समय पर दी. दूसरे दिन रात को आकर सूचना तो दी लेकिन उसमें कितने रुपये डाले गए थे इसका स्टेटमेंट भी उपलब्ध नहीं कराया है.

दो नकाबपोश अपराधियों ने दास्ताना और टोपी पहन कर दिया घटना को अंजाम

फुटेज के मुताबिक, दो नकाबपोश अपराधियों ने दास्ताना और टोपी पहन कर घटना को अंजाम दिया है. बताया गया कि एसबीआई की इस एटीएम में सीएमएस नाम की कंपनी नोट डालने का काम करती है, जिसके फील्ड अफसर मो. फरहान अकबर, जमशेदपुर ने लिखित आवेदन लोहसिंघना थाने में दिया है. फरहान अकबर के अनुसार एटीएम 2.38 में स्विच ऑफ हो गया था. अगले दिन हजारीबाग के सीएमएस कंपनी के फर्स्ट लाइन मैनेजर अनुज कुमार ने फोन पर फरहान अकबर को एटीएम काटकर चोरी होने की घटना की सूचना दी. इसके बाद फरहान जमशेदपुर से बुधवार को शाम करीब 6 बजे थाना पहुंचे. थाना प्रभारी फील्ड अफसर के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की समीक्षा की. थाना प्रभारी ने फील्ड अफसर को फटकार भी लगाई. कहा कि ऐसी घटना में उन्हें पहले थाने को सूचना देनी थी. यहां तक की सीएमएस कंपनी के हजारीबाग एफएलएम ने भी थाने को सूचना नहीं दी. साथ ही सोचने वाली बात यह है कि एसबीआई की एटीएम होने के बाद भी एसबीआई के कर्मियों ने भी थाने को इस बात की सूचना नहीं दी.

शांति, एकता व संप्रभुता को इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएं : आलम

ओरमांझी। कांग्रेस पार्टी के जिला ग्रामीण महासचिव अशफाक आलम ने गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों व गांवों का दौरा कर इंडिया गठबंधन की रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों से अपील की. इस दौरान आलम ने लोगों से कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार देश में बेरोजगारी महंगाई पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हुई है. संविधान की रक्षा, महिलाओं की सुरक्षा, देश में अमन और भाईचारगी का माहौल पैदा करने के लिए इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएं. उन्होंने कहा कि देश की हालत अति चिंताजनक है. वर्तमान परिस्थिति में देश में इंडिया गठबंधन की सरकार अति आवश्यक है. उन्होंने कहा कि देश में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी, महंगाई की है. आपसी भाईचारगी को बढ़ावा देने की जरूरत है. देश में गरीबों, किसानों, बेरोजगारों के उत्थान के लिए आवश्यक पहल करने की जरूरत है. इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो निश्चित तौर पर गरीब महिलाओं के खाते में हर महीने 8,500 रुपये प्रतिवर्ष एक लाख आएंगे. कांग्रेस के न्यायपत्र में शिक्षित युवाओं को नौकरी, किसानों की पैदावार का उचित मूल्य, महंगाई पर अंकुश लगाने की बात की गई है.

न्यूज अपडेट

कपड़ा दुकान में लगी आग, लाखों के कपड़े राख

इटकी। यूनियन बैंक स्थित चंदन वस्त्रालय साड़ी संग्रहालय में बुधवार की रात आग लग गयी, जिससे 10 से 12 लाख रुपये मूल्य का वस्त्र जलकर स्वाहा हो गया. घटना रात्रि करीब पौने ग्यारह बजे की है. घटना की सूचना मिलते ही इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार थाने से आग बुझाने का यंत्र लेकर पहुंचे और ग्रामीण अपने घरों के पानी से आग पर काबू पाया. संभावना व्यक्त की जा रही है कि शॉट सर्किट से आग लगी होगी. दुकान संचालक दिनेश महतो और स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. बताया कि बैंक से लोन लेकर दुकान की थी.अब बैंक का ऋण कैसे चुकता करेंगे.

शांतिपूर्ण मतदान को लेकर प्रशासन की सख्ती शुरू

सिल्ली/मुरी। लोकसभा चुनाव के दौरान सिल्ली में शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर प्रशासन ने इलाके में सख्ती शुरू कर दी है. मतदान कराने के लिए सिल्ली प्रखंड में पांच कंपनियों को सुरक्षा के लिए लगाया गया है. गुरुवार को सभी सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में गश्त की. एरिया डोमिनेशन किया. इस दौरान रूट सेनिटाइजेशन, डी माइनिंग पेट्रोलिंग आदि में दिन भर सुरक्षाकर्मी व्यस्त रहे. थाना प्रभारी मोहित कुमार ने बताया कि मतदान के दिन सभी बूथों पर एवं आसपास के इलाकों में सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए जायेंगे. चुनाव 25 मई को कराए जायेंगे.

झामुमो ने कोयलांचल में चलाया जनसंपर्क अभियान

खलारी। इंडिया गठबंधन के रांची लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में झामुमो ने गुरुवार को प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान के नेतृत्व में तुमांग, मायापुर, हुटॉप, विश्रामपुर, खलारी, बुकबुका, राय, बमने, चुरी पूर्वी, चुरी उतरी, चुरी पश्चिमी, चुरी दक्षिणी, चुरी मध्य, लपरा आदि पंचायतों में जनसंपर्क किया. साथ ही इंडिया गठबंधन की युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय समेत अन्य गारंटियों के बारे में बताया. राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं के बारे में महिलाओं एवं पुरुषों को जानकारी दी गई. विश्वास दिलाया कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर देश सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक रूप से विकास की ओर बढ़ेगा.

धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मंडा पूजा संपन्न

मांडर। प्रखंड के सकरा गांव में बुधवार को धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मंडा पूजा संपन्न हो गई. इस दौरान लोटन सेवा, धुआं दुआं, फुलसुंदी, झूलन और सांस्कृतिक आयोजन किया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने किया. शाम से रात भर रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सभी ग्रामीणों को झूमने पर विवश कर दिया. मौके पर पद्मा विभोषित मधु मंसूरी, पूर्व जिप सदस्य सुनील उरांव, नित्यानंद रॉय, जय प्रकाश रॉय, प्रवीन रॉय, राजकुमार साहू अध्यक्ष आदि उपस्थित थे.

भाजपा कार्यकर्ताओं ने ओरमांझी में किया जनसंपर्क

ओरमांझी। भाजपा नेता सह युवा दस्तक के अध्यक्ष आशीष कुमार साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया. रांची लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ के पक्ष में साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ ओरमांझी प्रखंड के आनंदी, बारीडीह, पांचा, कुटे, चेतनबाड़ी, जयडीहा, डटमा, ओरमांझी आदि गांवों का दौरा किया. घर-घर जाकर लोगों से मिले. ग्रामीणों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां, निवर्तमान सांसद द्वारा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी. मौके पर भाजपा नेत्री दीपा चौरसिया, कविता देवी, ललिता देवी, गणेश महतो, ममता देवी, अनिता देवी, राहुल कुमार, विक्रम महतो, अतुल सौरव, अभय कुमार आदि कार्यकर्तागण उपस्थित थे.

नाबालिग प्रेमी ने प्रेमिका की जंगल में ले जाकर हत्या की

संवाददाता। लापुंग

लापुंग थाना क्षेत्र के अकमरोमा कैलूटोली जंगल में नाबालिग प्रेमिका को नाबालिग प्रेमी पोकटा निवासी ने मार डाला. पुलिस ने हिरासत में लिए गए नाबालिग द्वारा छिपाए गए शव को गुरुवार को बरामद कर लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. आरोपी को उसके भाई ने थाने में सरेंडर कराया. पुलिस ने नाबालिग ने पूछताछ में सारा राज खोल दिया. मामला प्रेम प्रसंग का है. नाबालिग ने बताया कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था, लेकिन उसे पता चला कि लड़की किसी और किशोर से भी बातचीत करती थी. यह जानकर वह आगबबूला हो गया. लड़की को पोकटा से बुलाकर अकमरोमा जंगल ले गया और वहीं उसकी हत्या कर दी. इसकी जानकारी जब लड़के के भाई को हुई तब उसने उसको पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस मामले की जांच कर रही है. थाना प्रभारी संतोष यादव ने बताया कि किशोर ने लड़की की 14 - 15 मई को ही हत्या कर दी थी.

खास बातें

- पुलिस ने सड़ी गली अवस्था में शव को बरामद किया
- लड़की के किसी और से बात करने पर आगबबूला हो गया

आदित्यपुर के बदमाश भोलू कुम्हार की हत्या

जमशेदपुर। कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कदमा बाजार स्थित शराब दुकान के पास आदित्यपुर के बदमाश भोलू कुम्हार की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई. घटना के वक्त भोलू अपने दोस्तों के साथ शराब पी रहा था. घटना की जानकारी मिलने पर भोलू के परिजन मौके पर पहुंचे और घायल हालत में उसे टीएमएच ले गये. जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. भोलू आदित्यपुर के राममड़ैया बस्ती का रहने वाला था और चार दिनों पूर्व ही जेल से छूट कर बाहर आया था.

जमनी टोली को चार माह बाद मिला पानी

शुभम संदेश इंपैक्ट

अंततः प्रखंड की ककरिया पंचायत की जमनी टोली के लोगों को चार महीने के बाद पेयजल मिल पाया. शुभम संदेश में छपी खबर के बाद पूर्व मंत्री देवकुमार धान के प्रयासों से विभागीय एसडीओ के निर्देशानुसार जमनी टोली के खराब पड़े चापानल की मरम्मत की गई. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों ने गांव वालों से 1500 रुपये लेकर पाइप लाया और सड़े हुए पाइप की जगह दूसरा पाइप लगाकर चापानल की काफी मशक्कत के बाद मरम्मत कर दी. मरम्मत के बाद चापानल से जैसे ही पानी निकला तो गांव के लोगों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई. इसके लिए जमनी टोली के लोगों ने पूर्व मंत्री देव कुमार धान तथा शुभम संदेश के प्रति आभार प्रकट किया. हालांकि चापानल तो बन गया लेकिन उसमें लगी सबमर्सिबल नहीं बन पाया और पहले की तरह जलमीनार के लाभ से आज भी पूरा गांव वंचित ही रह गया. इस संबंध में पूछे जाने पर विभागीय एसडीओ देवानंद सिंह ने बताया कि सबमर्सिबल और जलमीनार 14 वें वित्त से पंचायत की ओर से बना था. उसकी रिपेयरिंग भी पंचायत को ही करना थी. अगर मुखिया चाहे तो वे सबमर्सिबल की मरम्मत करा सकती हैं और लोगों को जलमीनार का भी लाभ मिल सकता है. हालांकि मुखिया बिरसमुणी देवी ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया.

करोड़ों खर्च करने वाले विभाग के पास न पाइप, न पैसा

उल्लेखनीय है कि चार महीने से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीणों की खबर जब शुभम संदेश अखबार में छपी तो पूर्व मंत्री देवकुमार धान ने मामले को संज्ञान में लिया. तब जाकर एसडीओ देवानंद सिंह ने मिस्त्री को निर्देश दिया. खबर छपने के 48 घंटे के अंदर चापानल की मरम्मत कर दी गई. हालांकि ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि करोड़ों रुपये खर्च करने वाले विभाग के पास न पाइप है, न पैसा. यही कारण है कि गांव वालों से पाइप लगाने के नाम पर 1500 रुपये वसूले गए. गांव की महिला सुषमा खलखो ने 1500 रुपये दिए तब जाकर काम हुआ. जीदन नामक मिस्त्री ने बताया कि हमलोग प्राइवेट में काम करते हैं. हमें विभाग की ओर से पाइप भी नहीं मिलता. उन्होंने गांव वालों से कहा कि उन्हें सिर्फ देखकर आने का निर्देश मिला था, लेकिन उन्होंने मरम्मत भी कर दी. क्या सचमुच ऐसा ही होता है विभाग?

खेलकूद

रोमांचक फाइनल मुकाबले में हरमू यूथ क्लब को दी मात, केसीए की ओर से वी दास ने 47 बॉल पर 84 रन बनाए, बने मैन ऑफ द सीरीज

टॉप- अंडर-14 टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में केसीए की टीम ने हासिल किया चैंपियन बनने का गौरव

संवाददाता। खलारी

कोयलांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रिवोल्यूशन स्पोर्टस के तत्वावधान में मैक्लुस्कीगंज के राजा बंगला में गुरुवार को अंडर-14 टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में केसीए की टीम ने हरमू यूथ क्लब को हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया. इस मौके पर मुख्य अतिथि इंडिया हॉकी संघ के महासचिव भोलानाथ सिंह, झारखंड स्टेट क्रिकेट एशोसिएशन के अध्यक्ष संजय सहाय तथा विशिष्ट अतिथि अंतराष्ट्रीय बॉलीबॉल प्रशिक्षक

शेखर बोस, हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर सौरव तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे.

इससे पहले फा जिसमें हरमू यूथ क्लब बनाम केसीए के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला. हरमू यूथ क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 6 विकेट पर 153 रन बनाये. केसीए की टीम ने 19.5 ओवर में 156 रन बनाकर टूर्नामेंट का चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया. हरमू यूथ क्लब से ऋषभ ने 28 बॉल पर 41 रन, लकी 52 बॉल पर 39 रन बनाये. केसीए की ओर से वी दास ने 47 बॉल पर 84 रन, यश ने 14 बॉल पर 14 रन बनाये. शिवम ने 4 ओवर में 39 रन देकर दो विकेट लिये. ओमशंकर ने 4 ओवर में 9 रन देकर 1 विकेट लिया. केसीए के वी दास ने 40 रन पर 4 ओवर में दो विकेट लिये. समर ने 4 ओवर में 15 रन देकर एक विकेट लिया. हरमू यूथ क्लब की ओर शिवम ने 4 ओवर में 39 रन देकर दो विकेट लिये. ओमशंकर ने 4 ओवर में 9 रन देकर एक विकेट हासिल किया.

बेस्ट बॉलर हसन अली, बेस्ट बैट्समैन रिशु

बेस्ट बॉलर हसन अली, बेस्ट बैट्समैन रिशु, बेस्ट कैच सक्षम वर्मा, बेस्ट एमरजनिंग प्लेयर समर वीर प्रताप सिंह एवं मनीष बने. मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार वीर दास को मिला. विजेता तथा उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी दी. इस मौके पर जितेंद्र नाथ पांडेय, मोनू सिंह, काजल दास, संजय दास, सुरेश कुमार, विनय करण, कामेश्वर प्रसाद वर्मा, रामविलास गोप, सचिन गिरि, अशोक गुप्ता समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में पदक जीतकर किया नाम रोशन

सिल्ली/मुरी। राज्य स्तरीय जूनियर वूशु चैंपियनशिप में सिल्ली वूशु अकादमी के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है. इसकी जानकारी देते हुए कोच वाहिद अली ने बताया कि नामकोम स्थित आरके आनंद बॉल्स ग्रीन स्टेडियम में विगत 21 से 22 मई तक आयोजित 20 वीं झारखंड राज्य जूनियर वूशु चैंपियनशिप प्रतियोगिता में सिल्ली वूशु एकाडमी की दीपिका कुमारी, रेनू कुमारी, बुधराम सिंह मुंडा व रोहित महतो ने स्वर्ण, सुमन कुमारी व आरिफ हुसैन ने रजत तथा सुमित कुमार बेदिया ने कांस्य पदक प्राप्त किया है. इस उपलब्धि पर एकाडमी के संरक्षक सह विधायक सुदेश कुमार महतो, गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, ब्रजेश प्रसाद, बिरसा मुंडा आर्चरी एकाडमी के कोच प्रकाश राम, शिशिर महतो आदि ने खिलाड़ियों को वधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है.

पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा और विधायक राज सिन्हा को भाजपा का नोटिस

इंसानियत का फर्ज निभाया तो दे दी सजा

अपने मन की बात रखना गलत है क्या

पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयंत सिन्हा और विधायक राज सिन्हा को भाजपा की ओर से दिए गए कारण बताओ नोटिस पर काफी हो हल्ला शुरू हो गया है. हालांकि यह भाजपा का अंदरुनी मामला है, लेकिन इसे लेकर राजनीतिक गलियारे में काफी शोर-शराबा मचा हुआ है. इन दोनों नेताओं को यह कह कर नोटिस दिया गया कि ये पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं. राजनीतिक दलों और जनता की ओर से इस मुद्दे पर मिलीजुली प्रतिक्रिया आ रही है. भाजपा के नेता-कार्यकर्ता इस कार्रवाई को जायज ठहरा रहे हैं. वे कहते हैं कि पार्टी की अपनी नीति और सिद्धांत है. पार्टी के विरुद्ध आचरण करना ठीक नहीं है. वहीं अन्य दलों के नेताओं का यह कहना है कि राज सिन्हा ने तो इंसानियत की बात की है. उन्होंने अपने संबोधन में जनता से सिर्फ यही कहा था कि स्वच्छ छवि वाले को ही वोट दें. इसमें गलत क्या है. लोगों को अपने मन की बात कहने का अधिकार होना ही चाहिए. दरअसल पार्टी वालों ने इसे धनबाद के प्रत्याशी ढ़ुल्लु महतो के खिलाफ समझ लिया. वहीं जयंत सिन्हा ने तो जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दे पर कार्य करने की बात कही है. शभम संदेश की टीम ने इस मामले पर विभिन्न राजनीतिक दलों और आम लोगों से बात की है. पेश है रिपोर्ट.

1. राज सिन्हा के बयान को ढ़ुल्लु के खिलाफ क्यों समझा गया
2. हर किसी को अपने मन की बात कहने का अधिकार होना ही चाहिए
3. जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दे पर काम करना गलत नहीं है
4. और लोगों की बयानबाजी पर भाजपा आंख क्यों मूंद लेती है

गिरिडीह

पार्टी को गलत फीबैक दी गई है, वह गलतफहमी की शिकार : बादल सिन्हा

डुमरी के बादल सिन्हा ने कहा कि धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा के मामले में पार्टी को गलत फीडबैक दी गई है . इसलिए पार्टी गलतफहमी की शिकार हुई है . उनपर पार्टी हित में काम नहीं करने का आरोप लगा है . इसके विपरीत उन्होंने सही तरीके से अपने कार्यो का निर्वहन किया है . उन्होंने बीजोपी के 400 पार के नारे को भी जगह-जगह बुलंद किया है . उन्होंने कहा कि हजारीबाग के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा को पार्टी और देश हित में काम करना चाहिए था.

काम नहीं करने के कारण दोनों को किया गया है शो कॉज : चिंतामणि सिंह

जिले के ताराटांड मंडल के अध्यक्ष चिंतामणि सिंह ने कहा कि पार्टी के दिशा निर्देश के अनुरूप कार्य नही करने के कारण दोनों नेताओं को शो कॉज किया गया है . दोनो नेताओँ ने पार्टी के अनुशासन को भंग किया है . पार्टी के अनुशासन को तोड़ने वाले नेताओं के खिलाफ भाजपा शुरू से ही कार्रवाई करती रही है .

टिकट काटने के बाद किसी को शोकाज भेजना तो अनुचित ही है: हेमंत सिन्हा

धनवार के हेमंत सिन्हा ने कहा कि पूर्व सांसद जयंत सिन्हा और विधायक राज सिन्हा से बिना स्पष्टीकरण मांगे ही शो कॉज किया जाना गलत है . हजारीबाग के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा बीजेपी के कद्दावर नेताओं में से एक रहे है . पार्टी ने सांसद का टिकट काटने के बाद अब शो कॉज भेजा है,जो बिल्कुल अनुचित है . इससे झारखंड के कायस्थ समाज में भी नाराजगी देखी जा रही है .

भाजपा अनुशासित पार्टी,नियम का उल्लंघन ठीक नहीं है : अप्पू सिन्हा

समाजसेवी अप्पू सिन्हा ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है . इस दल में रहकर नियमों का उलंघन करना अनुचित है . उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं से शो कॉज कही से भी अनुचित नही है . विश्व की सबसे बड़ी पार्टी को चलाने के लिए नियम को शख्त बनाना जरूरी है .

पार्टी को चलाने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी : विजय चौरसिया

भाजपा नेता विजय चौरसिया ने कहा कि किसी भी पार्टी और संगठन को चलाने के लिए अनुशासन बहुत ही जरूरी है . विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के लिए यह नियम सबसे जरूरी हो जाता है . दोनों नेताओं ने पार्टी के अनुशासन के विपरीत काम किया है . इसलिए शो कॉज होना लाजिमी है . दोनों नेताओं को जल्द से जल्द अपना स्पष्टीकरण पार्टी को देना चाहिए .

बोकारो

बूथ स्तर का नेता हो या मंत्री, गलत करनेवालों पर कार्रवाई : परमेश्वर

बोकारो जिले के कसमार निवासी भाजपा के प्रखंड महामंत्री परमेश्वर नायक ने कहा कि पार्टी कोई भी हो, अगर उसका समर्पित कार्यकर्ता पार्टी से गद्दारी करेगा तो पार्टी उसपर कार्रवाई निश्चित रूप से करेगी. इस मामले में भाजपा ने पूर्व मंत्री जयंत सिन्हा एवं राज सिन्हा पर जो कार्रवाई की है, वह उचित कदम है. उन्होंने कहा कि बीजेपी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो परिवारवाद पर विश्वास नहीं करती है.

भाजपा का कदम हर मामले में उचित कदम है: महानंद महतो

भाजपा के पूर्व कसमार प्रखंड अध्यक्ष महानंद महतो ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हो, विधायक हो या किसी भी स्तर का कार्यकर्ता हो, अगर ईमानदारी उसमें नहीं रहेगी तो पार्टी कठोर कदम उठाएगी ही. पार्टी का यह कदम एकदम उचित कदम है. पार्टी ने दोनों नेताओं को शो कॉज किया है, उससे दूसरे दलों के नेताओं को भी सबक मिलेगी, कि पार्टी के नीति सिद्धांत के खिलाफ जो काम करेगा उसका यही हश्र होगा.

पार्टी ने टिकट देकर मंत्री तक बनाया, की गद्दारी : अशोक महतो

भाजपा के कसमार प्रखंड के मधुकरपुर पंचायत प्रभारी अशोक कुमार महतो ने कहा कि भाजपा के अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में यशवंत सिन्हा को टिकट देकर सांसद बनाया, फिर वित्त मंत्री से लेकर विदेश मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर आसीन कर सम्मान बढ़ाया. यशवंत सिन्हा क्रियाकलापों से प्रभावित होकर भाजपा ने उनके पुत्र जयंत सिन्हा को दो बार हजारीबाग का टिकट दिया.

कार्रवाई सही, दोनों को पार्टी से बाहर करना चाहिए : बबन राम

बोकारो जिले के जारंगडीह निवासी बबन राम ने कहा कि भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा और विधायक राज सिन्हा पर पार्टी की कार्रवाई शत प्रतिशत जायज कदम है. जिस पार्टी ने टिकट देकर दोनों को राजनीति में एक नई पहचान दी उस पार्टी के साथ ही गद्दारी करे, तो पार्टी नेतृत्व चुप तो नहीं बैठेगी. दोनों को पार्टी से निष्कासित कर देना चाहिए, ताकि अन्य लोग जो ऐसी सोंच रखते हैं, उन्हें भी सबक मिले.

पार्टी के नीति सिद्धांत के विरुद्ध जानेवालों पर जायज है कार्रवाई : रविशंकर दुबे

बोकारो जिले के जारंगडीह उत्तरी पंचायत निवासी रविशंकर दुबे ने कहा कि हर पार्टी का अपना नीति सिद्धांत व मिशन विजन होता है . अगर कोई भी नेता हो मंत्री हो पार्टी की नीति विरुद्ध कार्य करे तो पार्टी निश्चित तौर पर कार्रवाई करेगी . पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा एवं विधायक राज सिन्हा ने पार्टी के नियम विरुद्ध जो कार्य किया है, उसपर केंद्रीय नेतृत्व ने जो निर्णय लिया है, वह जायज है .

धनबाद

दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को दोहराने की मिली सजा : अभिषेक

केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा और धनबाद विधायक राज सिन्हा को शो कॉज की कार्रवाई पर पाथरडीह के रहने वाले अभिषेक सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को दोहराने के जुर्म में यह कार्रवाई की गई है. क्योंकि ये जेवीएम के नेता नहीं है. जेवीएम से आए लोगों को सब बात की छूट मिली हुई है. झारखंड में जेवीएमअब भाजपा पर पूरी तरह हावी हो गई है.

राज और जयंत को आम आदमी पार्टी सपोर्ट करती है : मदन राम

आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव मदन राम ने कहा राज सिन्हा व जयंत सिन्हा के विचार को आम आदमी पार्टी समर्थन करती है. उन्होंने समाज को तथा राजनीतिक चरित्र को आईना दिखाने का काम किया है. कहा विधायक हो या सांसद देश की संस्कृति को बचाए रखने के लिए वह अपने मन की बात रखता है तो वह गलत नहीं है.यह पक्षपात भरा निर्णय है.इसकी निंदा की जानी चाहिए.

साफ-सुथरी छवि वाले को वोट देना भाजपा के खिलाफ कैसे : इरफान

हैलो किड्स स्मार्ट स्कूल के प्राचार्य इरफान खान ने कहा कि धनबाद विधायक राज सिन्हा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा पर भारतीय जनता पार्टी के वरीय पदाधिकारियों द्वारा कार्रवाई की गई है, वह उचित नहीं है. क्योंकि विधायक राज सिन्हा एक साफ सुथरी छवि के नेता हैं.उन्होंने अपने संबोधन में जनता से सिर्फ यही कहा कि स्वच्छ छवि वाले को ही वोट दें तो इसमें गलत क्या है.

राज आदर्श विधायक हैं, उन पर कार्रवाई ठीक नहीं है : अखलाक

समाजसेवी अखलाक अहमद ने कहा भाजपा के सीनियर लीडर द्वारा की गई कार्रवाई बिल्कुल उचित नहीं है.क्योंकि धनबाद विधायक राज सिन्हा एक आदर्श विधायक हैं. उन्हें यह पता है कि राष्ट्र के निर्माण के लिए धनबाद का सांसद अपराध मुक्त, शिक्षित, और महिलाओं के साथ अच्छा व्यवहार करने वाला होना चाहिये., व्यापारियों के हक में और व्यापारियों के साथ खड़ा रहने वाला सांसद चाहिए.

भाजपा हमेशा सिद्धांतों पर चलती है : टिंकू कुमार सिंह

बलियापुर के स्थानीय युवा टिंकू कुमार सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी हमेशा अपने सिद्धांतों पर चलती है . दो नाव पर पांव रख कर चलने वाले कभी किनारे नहीं पहुंचते . वैसे पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा और विधायक राज सिन्हा पार्टी के मजबूत अंग हैं . इसलिए उन्हें अपनी पार्टी देखनी चाहिए, न कि प्रत्याशी . दोनों की सोच बदल रही थी इस कारण नोटिस दिया गया है .

चांडिल

भाजपा में अनुशासनहीनता बर्दास्त नहीं : देवाशीष राय

भाजपा नेता देवाशीष राय ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा और राज सिन्हा पर शो-काज जारी करना भाजपा का अंदरूनी मामला है. भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाती है. दोनों के खिलाफ शो-कोज जारी किया है तो निश्चित तौर पर दोनों ने पार्टी की अनुशासन को भंग किया है. चुनाव के दौरान संगठन का काम करना एक-एक कार्यकर्ता का दायित्व है. जयंत सिन्हा ने स्वयं ही पत्र लिखकर चुनाव कार्य से मुक्त रखने का आग्रह किया था.

यह भाजपा का अपना निजी मामला है : अप्पू खां

चांडिल निवासी अप्पू खां ने जयंत सिन्हा और राज सिन्हा पर भाजपा संगठन की ओर से शो-काज करने के संबंध में कहा कि यह पार्टी का अपना निजी मामला है. वैसे चुनाव के बाद नेता व कार्यकर्ता पर कार्रवाई की बात सुनी थी लेकिन भाजपा संगठन में चुनाव के पूर्व ही इस तरह का अनुशासनात्मक कार्रवाई पहली बार देखा है. दोनों ही नेता भाजपा संगठन के कर्मठ नेता हैं और क्षेत्र का जनप्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं. जयंत सिन्हा पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे हैं.

साहिबगंज

नेताओं, कार्यकर्ताओं को पार्टी के निर्देश के अनुरूप ही चलना होगा :जय प्रकाश सिन्हा

भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओबीसी मिर्जा भाजपा नेता जय प्रकाश सिन्हा ने कहा कि पार्टी से जुड़े सभी नेताओं कार्यकर्ताओं को पार्टी के निर्देश के अनुरूप ही चलना होगा. पार्टी हित के विरुद्ध कोई बात होती है तो उसपर कार्रवाई होनी ही चाहिए. नहीं तो पार्टी में अनुशासन ही समाप्त हो जाएगा. सभी दलों की अपनी नीति सिद्धांत है.पार्टी का यह कदम एकदम उचित कदम है. पार्टी ने दोनों नेताओं को शो कॉज किया है, उससे दूसरे दलों के नेताओं को भी सबक मिलेगी कि पार्टी की नीति सिद्धांत के खिलाफ जो काम करेगा उसका यही हश्र होगा.उन्होंने कहा कि पार्टी के अनुशासन को तोड़ने वाले नेताओं के खिलाफ बीजोपी शुरू से ही कार्रवाई करती रही है.

पार्टी ने जो निर्णय लिया है,वह जायज है,गलत है तो कार्रवाई : कृष्णा महतो

साहिबगंज भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा महतो ने कहा कि हर पार्टी की अपनी नीति, सिद्धांत, मिशन, विजन होता है. अगर कोई भी नेता हो या मंत्री पार्टी की नीति विरुद्ध कार्य करे तो पार्टी निश्चित तौर पर कार्रवाई करेगी. पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा एवं विधायक राज सिन्हा ने पार्टी के नियम विरुद्ध जो कार्य किया है, उसपर केंद्रीय नेतृत्व ने जो निर्णय लिया है,वह जायज है.उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो परिवारवाद पर विश्वास नहीं करती, इसलिए बूथ स्तर से लेकर केंद्रीय स्तर पर कोई भी पार्टी विरोधी कार्य करेगी तो पार्टी उसपर कार्रवाई जरूर करेगी.

कोई भी पार्टी से गद्दारी करेगा तो कार्रवाई निश्चित रुप से होगी : संजय पटेल

साहिबगंज भाजपा नगर महामंत्री संजय पटेल ने कहा कि पार्टी कोई भी हो अगर उसका समर्पित कार्यकर्ता पार्टी से गद्दारी करेगा तो पार्टी उसपर कार्रवाई निश्चित रूप से करेगी. इस मामले में भाजपा ने पूर्व मंत्री जयंत सिन्हा एवं राज सिन्हा पर जो कार्रवाई की है, वह उचित कदम है. उन्होंने कहा कि बीजेपी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो परिवारवाद पर विश्वास नहीं करती, इसलिए बूथ स्तर से लेकर केंद्रीय स्तर पर कोई भी पार्टी विरोधी कार्य करेगा तो पार्टी उसपर कार्रवाई जरूर करेगी.भाजपा नीति सिद्धांतों पर चलने वाली एक अनुशासित पार्टी है.

गोड्डा

भाजपा पहले वाली पार्टी नहीं रही, अब पार्टी के अंदर ही आजादी नहीं है : कुंदन ठाकुर

युवा कांग्रेस के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ठाकुर कहते हैx कि भाजपा अब पहले वाली पार्टी नही रही. जनसंघ वाली भाजपा कब का समाप्त हो चुकी है. अब पार्टी के भीतर ही आजादी नहीं है. एक दो को छोड़कर किसी को भी पार्टी के निर्णय के खिलाफ बोलने की आजादी नहीं है. पार्टी के पुराने वफादार सिपाही रहे राज सिन्हा जयंत सिन्हा की बात को सुने बिना शो काऊज नोटिस भेजना उनकी प्रतिष्ठा के प्रतिकूल है.

यह भाजपा का अंदरूनी मामला है, किसी से राय लेने की जरुरत नहीं : संजीव महतो

एनडीए गठबंधन में शामिल भाजपा के सहयोगी दल आजसू के केंद्रीय समिति सदस्य संजीव महतो कहते हैं कि किसको पार्टी में रखना है किसको नहीं रखना है. यह पार्टी का अंदरूनी मामला है. इसमें किसी बाहरी से राय मशविरा लेने की कोई आवशयकता नही है. पार्टी संगठन को कैसे चलाना है ये भाजपा का नेतृत्व अच्छी तरह से जानता है. इसमें मेरे हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है.

पार्टी नेतृत्व ने जो भी निर्णय लिया है वह सही ही होगा : प्रीतम गाडिया

भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता प्रीतम कुमार गाडिया कहते हैं कि हजारीबाग या धनबाद जिला का स्थानीय मामला है. जिसे पार्टी नेतृत्व देख रहा है. जिसपर पार्टी ने जो भी निर्णय लिया है वह उचित ही होगा. गोड्डा जिला भाजपा कमेटी को इससे विशेष मतलब नहीं है. भाजपा नीति सिद्धांतों पर चलने वाली एक अनुशासित पार्टी है.

लातेहार

भाजपा का यह अंदरूनी मामला है: अमित पांडेय

आजसू पार्टी, लातेहार के जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने कहा कि यह भाजपा का अंदरूनी मामला है और इसमें हम क्या प्रतिक्रिया दे सकते हैं. लेकिन जब पार्टी ने किसी को प्रत्याशी बनाया है तो उसका सर्पोट करना चाहिए. उसे जीताने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहिए. ऐसे में पार्टी का एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में काम करना चाहिए. हमारे दल में भी अगर केंद्रीय नेतृत्व जो निर्णय लेगा उसे हम सबों को स्वीकार होता है.

भाजपा में तानाशाही चरम पर है : शाहदेव

झामुमो, लातेहार के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा में प्रारंभ से ही तानाशाही है. यहां कार्यकर्ताओं को कोई सम्मान नहीं दिया जाता है. केंद्रीय व प्रांत नेतृत्व जैसा चाहे वैसा निर्णय किसी पर भी थोप देता है. एक तो जयंत सिन्हा को हजारीबाग से टिकट नहीं दिया, उसके बाद उन्हें ही स्पष्टीकरण का नोटिस थमा दिया गया. यह कहीं से उचित नहीं है. भाजपा में डिक्टेरशिप चलती है और यही भाजपा के पतन का कारण साबित होगी.

रांची

भाजपा से जनता त्रस्त हो चुकी है : शमीम बड़ेहार

झामुमो के शमीम बड़ेहार ने कहा कि भाजपा से जनता त्रस्त हो चुकी है.यह पूंजी वादी और कारपोरेट घरानों वाली पार्टी बन चुकी है. कार्यकार्ता से ज्यादा पार्टी के मुख्य लोगों को ही तरजीह दी जाती है.देश के पीएम को कारपोरेट घराने के लोग चला रहे हैं. देश का लोकतंत्र खतरे में है.अब भाजपा के पुराने लोग भी पार्टी छोड़ रहे हैं.अपने आप को असंतुष्ट महसूस कर रहे हैं.

यह पार्टी की अनुशानात्मक कार्रवाई है : दुर्गश यादव

छात्र नेता दुर्गश यादव ने कहा कि पार्टी की अनुशानात्मक कार्रवाई है.इसे स्वीकार करना चाहिए.पूर्व केद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा और विधायक राज सिन्हा को जारी शो कॉज का जवाब देना चाहिए.उनके कार्रवाई का सम्मान करना चाहिए. पार्टी में स्थान मिला है तो पार्टी सर्वोपरि हैं. पार्टी के कारण ही दोनों का देश में नाम हुआ है.पार्टी सबसे बड़ी है.

भाजपा आंतरिक कलह से जूझ रही है : लक्ष्मी नारायण

आदिवासी समन्वय समिति के लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि भाजपा आंतरिक कलह से गुजर रही है.पीएम नरेद्र मोदी सरकार के कामकाज और पार्टी को मोदी गुट गुजरात लॉबी द्वारा हाईजेक किये जाने पर उनके बहुत सारे विधायक सांसद खुश नहीं है. इसके अधिकांश नेता कार्यकार्ता असंतुष्ट हैं और अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं.सांसद जयंत सिन्हा और विधायक राज सिन्हा का चुनाव से दूर रहना यह दर्शाता है कि भाजपा में सब सही नहीं है.

पार्टी से बड़ा नहीं होता है नेता,कार्यकर्ता : मुन्ना मुंडा

छात्र मुन्ना मुंडा ने कहा कि पार्टी सर्वोच्च होती है.पार्टी जो निर्णय लेती है.वह सही होता है.इसे सभी को मान लेना चाहिए.पार्टी से कोई बड़ा नहीं होता है.पहले पार्टी होती है.उसके बाद कार्यकार्ता होता है.जयंत सिन्हा और विधायक पर कार्रवाई सही है. कार्रवाई को गलत नहीं मानना चाहिए.इसे स्वीकार करना ही बड़ी बात है.

पार्टी को गलत लगे तो वह कार्रवाई की हकदार : सोनु

सोनु मिश्रा ने कहा कि भाजपा एक सांगठनिक पार्टी है. पार्टी का अपना संविधान है,.पार्टी की जो भी कार्रवाई होती है तो किसी के प्रति वह नियम के अनुरूप ही होता है,.भाजपा भी निर्णेय लेने की हकदार है.विपक्ष इसपर कोई निर्णय नहीं ले सकता है. इतना जरूर है कि पार्टी सबसे बड़ा होता है.उसका झंडा सबसे ऊंचा होता है.इसलिए पार्टी की कार्रवाई सही है.इसका जवाब देना चाहिए.

अब किस राह पर ईरान

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की आकस्मिक मौत से वैश्विक समीकरणों में होने वाले बदलाव से लेकर ईरान की अंदरूनी राजनीति में मची हलचल को लेकर नए सवाल खड़े हो गए हैं.हादसे के बाद से ही सवाल उठने लगे थे कि अब ईरान किस राह पर आगे बढ़ेगा, अमेरिका के साथ उसके संबंधों पर इसका क्या असर पड़ेगा. मौजूदा वक्त के अंतरराष्ट्रीय राजनैतिक हालात रईसी के लिए चुनौतीपूर्ण थे और इन चुनौतियों के बीच ही उनकी आकस्मिक मौत हो गई. जिस हेलीकॉप्टर पर वे सवार थे, अब उस पर सवाल उठने लगे हैं. साथ ही उनकी मौत के पीछे किसी बड़ी साजिश के कोण भी तलाशे जा रहे हैं. इब्राहिम रईसी की मौत का हादसा ऐसे समय में हुआ है जब पश्चिम एशिया गहरे संघर्ष में उलझा हुआ है. पिछले सात महीनों से इजरायल ने गाजा में युद्ध छेड़ रखा है. ईरान ने पहले भी अपने शीर्ष अधिकारियों की हत्या के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है. इसलिए इस बार भी शक की सुई स्वाभाविक तौर पर इजरायल की ओर घूमी है. ईरान के साथ यह विडंबना रही है कि उसके इस्लामिक रिपब्लिक बनने के 45 वर्षों के दौरान उसके मौजूदा सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई को छोड़कर सभी राष्ट्राध्यक्ष किसी न किसी मुसीबत का शिकार हुए. किसी की आकस्मिक मौत हुई. इब्राहिम रईसी मोहम्मद अली राज़ई के बाद, दूसरे ऐसे राष्ट्रपति हैं, जिनका कार्यकाल किसी घातक दुर्घटना के कारण समाप्त हुआ है. राज़ई की मौत 1981 में प्रधानमंत्री कार्यालय में हुए एक विस्फोट में हो गई थी. इब्राहिम रईसी एक कट्टरपंथी नेता थे. 2021 में उन्होंने राष्ट्रपति पद संभाला था और उनके शासनकाल में लिए गए फैसलों या घटनाओं में कम से कम पांच ऐसे थे, जिनसे पता चलता है कि ईरान को वे कट्टरपंथ और रूढ़िवादिता के साथ ही आगे ले जाना चाहते थे. रईसी के सत्ता में आने के बाद ईरान ने सबसे पहले अपने परमाणु कार्यक्रम को दोगुना कर दिया, जिससे पश्चिमी देश नाराज हुए. इसके बाद दूसरा बड़ा फैसला रूस और यूक्रेन युद्ध में पश्चिम के विरोध के बावजूद रूस का समर्थन करने का फैसला लेना. रईसी ने नाटो के विस्तार की ईरान के लिए भी खतरे के रूप में व्याख्या की. रईसी के कार्यकाल में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाला तीसरा बड़ा फैसला हिजाब को लेकर था. 2022 के आखिरी महीनों में हिजाब के खिलाफ युवतियों ने ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन शुरू किया था, इसी दौरान सितम्बर में महसा अमीनी नामक युवती की मौत ईरान की मॉरल पुलिस के कारण हुई थी. इस घटना ने देश भर में युवतियों को गुस्से में भर दिया था. रईसी के शासनकाल में चौथा बड़ा फैसला इजरायल से सीधे टकराव का था. उम्मीद है कि भारत और ईरान के बीच पूर्ववत सौहार्द्रपूर्ण संबंध बने रहेंगे.

> इब्राहिम रईसी मोहम्मद अली राज़ई के बाद, दूसरे ऐसे राष्ट्रपति हैं, जिनका कार्यकाल किसी घातक दुर्घटना के कारण समाप्त हुआ है. राज़ई की मौत 1981 में प्रधानमंत्री कार्यालय में हुए एक विस्फोट में हो गई थी.

सुभाषित

विदेशेषु धनं विद्या व्यसनेषु धनं मतिः।
परलोके धनं धर्मः शीलं सर्वत्र वै धनम् ॥

नीति शास्त्र में धन को अपने ढंग से परिभाषित किया गया है. नीतिकार का कहना है कि परदेस में रहने के लिए विद्या ही धन है, व्यसनी व्यक्ति के लिए चातुर्य ही धन है, परलोक की कामना करने वाले के लिए धर्म ही धन है किन्तु शील (सदाचार) सर्वत्र (समस्त स्थानों के लिए) ही धन है.

रईसी की मौत के बाकी सवाल

रईसी 1988 में राजनीतिक कैदियों को फांसी की देखरेख करने वाली एक समिति का हिस्सा थे. पांच महीनों के क्रूर कालखंड में रईसी ने जिस तरह से राजनीतिक विरोधियों को मरवाया, उसने उन्हें ईरानी विपक्ष के बीच अलोकप्रिय बना दिया था. अमेरिका को उन पर प्रतिबंध लगाना पड़ा. वर्ष 1989 में, ईरान के पहले सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रूहुल्लाह खुमैनी की मृत्यु के बाद रईसी को तेहरान का अभियोजक नियुक्त किया गया था. खुमैनी के बाद अयातुल्ला खामेनेई जब सर्वोच्च नेता बने, उनकी सरपरस्ती में रईसी लगातार आगे बढ़ते रहे.

• देश-काल

पुष्परंजन

इसे तकनीकी भाषा में 'हार्ड लैंडिंग' बोलते हैं. लेकिन वास्तव में वह हेलीकॉप्टर क्रैश ही था, जिस पर ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी सवार थे. उनके साथ ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान, जुमे की नमाज़ अदायगी कराने वाले तबरीज के इमाम मोहम्मद अली आले-हशीम, पूर्वी अज़रबैजान के गवर्नर मालेक रहमति जैसे नौ ख़ास लोगों में से कोई भी ज़िंदा नहीं बच सका, जो 19 मई को पूर्वी अज़रबैजान में क़िज़ कलासी बांध के उद्घाटन के बाद वतन लौट रहे थे. बचाव दल ने माना है कि हेलीकॉप्टर में कोई नहीं बच सका. ईरान में राजकीय शोक की घोषणा कर दी गई है. दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर को सबसे पहले तुर्की के ड्रोन ने ही लोकेट किया था. तुर्की के ड्रोन ने अज़रबैजान की सीमा से लगे ताविल गांव की पहाड़ियों में उसके मलबे के पाये जाने की पुष्टि की थी. कुल 18-20 परिवारों का छोटा-सा गांव ताविल, पूर्वी ईरान का हिस्सा है, जो वर्ज़ाकन काउंटी में आता है. बकराबाद इसका मुख्यालय है. यहां पर रूसी और यूरोपीय संघ की खोजी टीमें ईरान की गोल्डन क्रीसेंट के साथ सहयोग के वास्ते आई थीं. अमेरिका की पूरी नज़र 'सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन' पर लगी हुई थी. अमेरिकी-इस्राइली मंशा को टटोलने वाले तेज़ी से कयास लगाने लगे कि इस दुर्घटना के पीछे कोई बड़ा खेल हुआ है. इब्राहिम रईसी को बूचर ऑफ तेहरान (तेहरान का कसाई) कहकर कोसने में अमेरिकी-इस्राइली मीडिया आगे रहा है. यहूदी मीडिया ने लगातार उन ज़ख्मों को ताज़ा किया था, जिसमें रईसी के आदेश से सैकड़ों राजनीतिक कैदी मार डाले गये थे. इस हेलीकॉप्टर हादसे पर शक की वजहें भी हैं. 3 जनवरी, 2020 को मेजर जनरल क़ासिम सुलेमानी बगदाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रोन हमले में मारे गये थे. वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान किस तरह की हिंसक कार्रवाई होती है, इससे ईरान जैसा देश अच्छी तरह से वाकिफ है. जनवरी, 2020 में ईरानी गुप्तचर सेवा को सीआईए के उस 'विभीषण' का पता लगाने का टास्क दिया गया था, जिसने क़ुद्स फोर्स के कमांडर मेजर जनरल क़ासिम सुलेमानी के मूवमेंट की सूचना साझा की थी. सीआईए या मोसाद जैसी एजेंसियां मिडिल ईस्ट से संबद्ध हर ईमेल, वेबसाइट्स, सोशल मीडिया मैसेजिंग को खंगालती रहती हैं, जो उनका टारगेट होता है. ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के मूवमेंट को गोपनीय क्यों नहीं रखा जा रहा था? यह भी एक बड़ा सवाल है. पिछले महीने 24 अप्रैल को राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी पाकिस्तान आये थे. सबको उनके कार्यक्रम का पता था. पाक-ईरान सीमा पर दोनों तरफ़ से जो हमले माज़ी में हुए थे, उसका डैमेज कंट्रोल किया और आठ ऐसे समझौते किये, जो ऊर्जा-कृषि से इतर ईरान के न्यूक्लियर-मिलिट्री प्रोग्राम को बूस्टर डोज़ देने वाले थे. इस समझौते को रूस और चीन ने पॉजिटिव माना था, मगर यह बात वाशिंगटन को कहीं न कहीं चुभ रही थी. ग़ाज़ा युद्ध में भी इब्राहिम रईसी की भूमिका सकारात्मक नहीं थी. ईरान लगातार उकसाने वाली कार्रवाई को अंजाम देता रहा.

रईसी 1988 में राजनीतिक कैदियों को फांसी की देखरेख करने वाली एक समिति का हिस्सा थे. पांच महीनों के क्रूर कालखंड में रईसी ने जिस तरह से राजनीतिक विरोधियों को मरवाया, उसने उन्हें ईरानी विपक्ष के बीच अलोकप्रिय बना दिया था. अमेरिका को उन पर प्रतिबंध लगाना पड़ा. वर्ष 1989 में, ईरान के पहले सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रूहुल्लाह खुमैनी की मृत्यु के बाद रईसी को तेहरान का अभियोजक नियुक्त किया गया था. खुमैनी के बाद अयातुल्ला खामेनेई जब सर्वोच्च नेता बने, उनकी सरपरस्ती में रईसी लगातार आगे बढ़ते रहे. रईसी 7 मार्च, 2016 को सबसे बड़े धर्मादा 'अस्तान क़ुद्स रजावी' के अध्यक्ष बने, जिसने उनकी स्थिति को और मजबूत किया. 2017 के राष्ट्रपति चुनाव में पराजय के बाद इब्राहिम रईसी ने जून, 2021 में 62 प्रतिशत वोट लेकर कामयाबी हासिल की थी. इब्राहिम रईसी की एक ख़ासियत यह थी कि वे ख़ुमैनी और ख़ामेनेई, दोनों खेमों का विश्वास हासिल करने में कामयाब रहे थे. 64 साल के इब्राहिम रईसी ने भले ही ईरान-चीन-रूस-सऊदी सहकार को मज़बूत किया, पाकिस्तान से आठ समझौते और भारत से चाबहार ट्रिटी कर अपनी विदेश नीति को बैलेंस किया, लेकिन ईरान की घरेलू सियासत में कठोरपंथ और क्रूरता के कॉकटेल का ही सहारा लिया था. वर्ष 2022 के अंत में, ईरान की मोरल पुलिस की हिरासत में महसा अमिनी की मौत क्रूरता का सबसे बड़ा उदाहरण बन गया था. हिजाब के विरुद्ध खड़ी 22 साल की महसा अमिनी की मौत से लोग सकते में थे. इस क्रूरता के विरुद्ध प्रतिरोध प्रदर्शनों ने ईरान को महीनों तक हिलाये रखा था. महिलाओं ने इस दमन के विरुद्ध अपने हिजाब उतार दिये, या जला दिये. कइयों ने अपने बाल काटकर सोशल मीडिया पर वीडियो साझा किये थे. रईसी शासन ने अशांति फैलाने के आरोप में सात लोगों को सार्वजनिक फांसी दी थी. विदेशी मानवाधिकार संगठनों ने माना कि 500 के आसपास लोगों को बड़ी गुपचुप ढंग से मरवाया, और ताबड़-तोड़ दमनात्मक कार्रवाई की, जिससे 2023 के मध्य तक रैलियां समाप्त हो गईं. लोकतंत्र और व्यक्तिगत आज़ादी को कुचलने वाले एक क्रूर राष्ट्रपति की मौत पर क्या समस्त ईरान शोक मना रहा है?

ईरानी क़ानून के अनुसार, राष्ट्रपति की मौत हो जाने की स्थिति में उपराष्ट्रपति को कार्यभार सौंपना होगा और 50 दिनों के भीतर चुनाव कराना होगा. यों भी, 1 मार्च, 2024 को 290 सदस्यीय संसद (मजलिस) का चुनाव हो चुका है और जून, 2025 तक राष्ट्रपति चुनाव की प्रतीक्षा लोग कर रहे थे. इस समय प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मुख़बिर ने कार्यभार संभाल लिया है. कार्यकारी राष्ट्रपति कार्यालय दुनियाभर से आये शोक संदेशों को रिसीव करने लगा है, जिसमें पीएम मोदी की तरफ़ से भेजा मैसेज भी है.

• बोधि-वृक्ष | आचार्य तुलसी



अहिंसा का आलोक

हमारे गांव में एक फकीर घूमा करता था. उसकी सफेद लम्बी दाढ़ी थी और हाथ में एक मोटा डण्डा रहता था. चिथड़ों में लिपटा उसका ढीला-ढाला और झुर्रियों से भरा बुढ़ापे का शरीर. कंधे पर पेबंदों से भरा झोला लिये रहता था. वह बार-बार उस गठरी को खोलता, उसमें बड़े जतन से लपेटकर रखी, रंगीन कागज की गड्डियों को निकालता, हाथ फेरता और पुनः थैले में रख देता. जिस गली से वह निकलता और जहां भी रंगीन कागज दिखता, वह बड़ी सावधानी से उसे उठा लेता, कोने सीधे करता, तह कर हाथ फेरता और उसकी गड्डी बना कर रख लेता. फिर वह किसी दरवाजे पर बैठ जाता और कागजों को दिखाकर कहा करता, ₹ये मेरे प्राण हैं.₹ कभी कहता, ₹ये रुपये हैं. इनसे गांव के गिर रहे, अपने किले का पुनर्निर्माण कराऊंगा.₹ फिर अपनी सफेद दाढ़ी पर हाथ फेरकर स्वाभिमान से कहता, ₹उस किले पर हमारा झंडा फहरेगा और मैं राजा बनूंगा.₹ गांव के बालक उसे घेरकर खड़े हो जाते, उस पर हंसा करते. वयस्क और वृद्ध लोग भी उसकी खिल्ली उड़ाते. कहते, ₹पागल है, तभी तो रंगीन रद्दी कागजों से किले बनवाने की बात कर रहा है.₹ मुझे अनुभूति हुई कि हम भी तो वही करते हैं. उस फकीर की तरह, हम भी रंग बिरंगे कागज संग्रह करने में व्यस्त हैं, उनसे किले बनाने के दिवास्वप्न में मस्त है. पागल तो हम है, जिन सुखों के पीछे बेतहाशा भाग रहे हैं, अन्ततः वह सुख तो हमें मिलता ही नहीं. सारे ही प्रयास निरर्थक स्वप्न ही साबित होते हैं. यह फकीर जैसे हम संसार के प्राणियों से कहता है, ₹तुम सब पागल हो, जो माया में लिप्त, तरह-तरह के किले बनाते हो और सत्ता के सपने देखते रहते हो, इतना ही नही, मोहासक्त तुम अपने पागलपन को बुद्धिमत्ता समझते हो₹ ऐसे फकीर हर गांव-शहर में घूमते हैं, किन्तु हमने अपनी आंखों पर आसक्ति की पट्टी बांध रखी है और कान मोह मद से बंद कर लिये हैं. इसी से न हम यथार्थ को देख पाते हैं, न समझ पाते हैं. वास्तव में पागल वह नहीं, हम हैं. आसक्ति की मृगमरीचिका ने हमें पागल बना रखा है. काफी समय तक तो हमें पता ही नहीं रहता कि जिसे हम जलाशय समझ कर भाग रहे हैं, वहां यथार्थ में तपती धरती है, जहां पहुंचने के बाद पता चलेगा कि वह जलाशय उतनी ही दूरी पर आगे हैं. हम दौड़ लगाते रहते हैं और दौड़ते-दौड़ते रेगिस्तान में प्यासे मृग की तरह अंततः दम तोड़ देते हैं.

चौंकाने वाले हो सकते हैं चुनावी नतीजे

• सियासत

प्रेमकुमार मणि

भारत की जनता के मिजाज और उसके राजनीतिक रुझान को समझना प्रायः मुश्किल रहा है. पिछले पचास साल से अधिक के अनुभव के आधार पर कह रहा हूं, यहां की सामान्य जनता युनिवर्सिटियों के विद्वानों और अख़बारों के राजनीतिक-विश्लेषकों से कुछ मामले में अधिक होशियार है. वह चाणक्य और मेकियावेली को नहीं जानती और न ही लोकतंत्र और संविधान के पेंचो-ख़म से परिचित है. उसे तो बस वोट देना आ गया है और वह जानती है कि हमें किसे देना चाहिए. यह ठीक है कि वह जाति-बिरादरी के अवलेप से भी अलग नहीं है, किन्तु वह जातिवादी है, ऐसा नहीं कहा जा सकता. वह इनके फन्दों को तोडना भी जानती है. उसने नेहरू, इंदिरा, जेपी, वीपी, अटल, सोनिया, मोदी सबको तब खड़ा किया, जब वे मुश्किल दौर में थे. जब उनमें गुमान आया, तब उनके कान भी उमेठे. मैं पहली बार 1971 में मैं सीपीआई का पोलिंग एजेंट बना था. उम्र अठारह साल से कम थी. वोटर होने की उम्र तब इक्कीस साल होती थी. लेकिन पोलिंग एजेंट बन सकता था. इस तरह वोटर बनने से पहले ही मैं चुनाव प्रक्रिया से जुड़ चुका था. उस समय मेरे इलाके से कम्युनिस्ट उम्मीदवार रामावतार शास्त्री थे, जिनका मुकाबला जनसंघ के कैलाशपति मिश्रा से था. मैं दोनों से परिचित था. इसलिए कि मेरे पिता भी कांग्रेस के नेता थे. वह समय कांग्रेस केलिए मुश्किल भरा था. दल का विभाजन हो गया था. अलग हुए कांग्रेस को संघटन कांग्रेस कहा जाता था. कांग्रेस का पारम्परिक चुनाव चिह्न जोड़ा बैल किसी को नहीं मिला. इंदिरा कांग्रेस जिसके अध्यक्ष जगजीवन राम थे, का नया चुनाव चिह्न गाय और बछड़ा था. इंदिरा के विरुद्ध तगड़ा मोर्चा था. भारतीय क्रांति दल, जार्ज के नेतृत्व वाले सोशलिस्ट पार्टी, जनसंघ और दूसरे अनेक दलों ने एक साथ मिल कर ग्रैंड अलायंस बनाया था, जो भारी-भरकम राजनीतिक फ्रंट दीखता था. विपक्ष का जोरदार नारा था इंदिरा हटाओ. इंदिरा गांधी ने कहा था गरीबी हटाओ. ऐसा लगता था इंदिरा गांधी हार जाएगी, लेकिन जब रिजल्ट आया, उन्हें दो तिहाई बहुमत मिला. 1977 में बेशक इंदिरा गांधी के खिलाफ जबरदस्त हवा थी और पूर्व अनुमान था, वह चुनाव हार जाएंगी, लेकिन जैसी हार हुई, इसका अनुमान शायद ही किसी को था. मसलन किसी को यह उम्मीद नहीं थी कि वह स्वयं राजनारायण से चुनाव हार जाएंगी. 1980 में भी मुझे हैरानी हुई थी. ठीक है जनता पार्टी में टूट हो गई थी, लेकिन टूट तो कांग्रेस में भी हुई थी. 1977 में दक्षिण भारत में कांग्रेस को नुकसान नहीं हुआ था. लेकिन अब वहां के तमाम नेता इंदिरा से अलग थे. दस साल में कांग्रेस का यह दूसरा बड़ा विभाजन था. उत्तर भारतीय राजनीति में पिछड़े वर्गों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था बिहार और उत्तरप्रदेश में कर्पूरी ठाकुर और रामनरेश यादव की सरकारों ने किया था. इसका असर था. बिहार के उपचुनावों में मैंने देखा था कि कर्पूरी ठाकुर का प्रभाव बहुत बढ़ा है. किसी को शायद ही अनुमान था कि इंदिरा इतने शानदार ढंग से आ रही हैं. लेकिन वह दो तिहाई बहुमत के साथ आईं. 1984 में कांग्रेस की जीत अप्रत्याशित नहीं थी, 400 पार का आंकड़ा हैरान करने वाला जरूर था. हैरान करने वाला था 2004 का चुनाव. भाजपा अत्यधिक आत्मविश्वास में थी. सबको याद होगा, तय वक्त से छह माह पहले चुनाव कराने का निर्णय अटल बिहारी सरकार ने इसीलिए लिया था कि उसे विश्वास था देश फील गुड के मूड में है. इंडिया शाइनिंग का शोर था और कांग्रेस इस बार भी टूटी-बिखरी हुई थी. सोनिया गांधी पर विदेशी मूल के होने का जोरदार प्रचार था. इस प्रचार में केवल भाजपा नहीं, बल्कि उससे अधिक मुलायम, अमर सिंह, जार्ज, शरद जैसे समाजवादी और शरद पवार, पीए संगमा जैसे कांग्रेसी भी शामिल थे. लेकिन जब नतीजे आए तब भाजपा गठबंधन बुरी तरह हार चुका था. इस बार, यानी 2024 के इस चुनाव में चाहे प्रधानमंत्री मोदी जितनी डींग हांक लें, मुझे एहसास हो रहा है कि देश की जनता कुछ चौंकाने वाला परिणाम दे सकती है. इसमें कोई शक नहीं कि कांग्रेस और उसके नेता लगातार गलतियां कर रहे हैं और उसके दूसरे सहयोगी भी कुछ सीखने केलिए तैयार नहीं हैं. वे पुराने हथियारों और रणनीति से ही चुनाव लड़ रहे हैं. इन लोगों ने काहिल-जाहिल-नालायक उम्मीदवारों की फ़ौज उतारी हुई है. लेकिन , ऐसा लगता है जनता ने कमान अपने हाथ में ले ली है. वक्त आने पर वह गोबर-गणेश पूजना भी जानती है.

> भाजपा अत्यधिक आत्मविश्वास में थी. सबको याद होगा, तय वक़्त से छह माह पहले चुनाव कराने का निर्णय अटल बिहारी सरकार ने इसीलिए लिया था कि उसे विश्वास था देश फील गुड के मूड में है. इंडिया शाइनिंग का शोर था और कांग्रेस इस बार भी टूटी-बिखरी हुई थी. सोनिया गांधी पर विदेशी मूल के होने का जोरदार प्रचार था.

खटाखट-फटाफट की सतही राजनीति

• विमर्श

विश्वनाथ सचदेव

चुनावों का मौसम अभी चल रहा है. कुछ ही दिन में चुनाव के परिणाम भी आ जाएंगे, नई सरकार बन जायेगी, लेकिन मौजूदा हालात चिंता बढ़ानेवाले हैं. देश के राजनीतिक नेतृत्व ने इस चुनाव-प्रचार के दौरान नई गिरावट को छूने का जैसे एक रिकॉर्ड बनाया है. विभिन्न दलों के राजनेताओं में जैसे प्रतियोगिता चल रही थी घटिया राजनीति का उदाहरण प्रस्तुत करने की. हमारी राजनीति सिद्धांतों और मूल्यों के बजाय जुमलों में सिमट कर रह गयी है. जुमले की भी एक नयी परिभाषा ईजाद की है हमारे नेताओं ने– आप चाहें तो इसे 'लफ्फाजी' नाम दे सकते हैं. था कोई जमाना जब हमारे देश में चुनाव की तुलना यज्ञ से की जाती है. दूसरे आम चुनाव की बात है. चुनावी सभाओं में एक कविता सुनाई देती थी– 'ओ मतदाता, तुम भारत के भाग्य-विधाता/ राजसूय सम भारत के हित/ यह चुनाव है होने जाता/ कागज का यह नन्हा-टुकड़ा भारत माता का संबल है/ वोट नहीं है तेरे कर में, महायज्ञ-हित तुलसी दल है.' आज हमारे राजनेता उस तुलसीदल के लिए झूठ और फरेब का सहारा ले रहे हैं. त्रासदी तो यह भी है कि जो जितना बड़ा नेता है, वह उतना बड़ा झूठ बोल रहा है. घटिया बोलों की एक प्रतिस्पर्धा चल रही है. किसी भी प्रकार के शर्म या लिहाज़ के लिए हमारी राजनीति में जैसे कोई जगह नहीं बची. हमारे नेता यह मानकर चल रहे हैं कि हल्की-फुल्की बातों से मतदाता को बरगलाया जा सकता है. ताजा उदाहरण 'खटाखट' वाली राजनीति का है. कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने एक चुनावी सभा में 'खटाखट-खटाखट' का प्रयोग क्या किया, राजनेताओं को जैसे नया खिलौना मिल गया. राहुल गांधी ने कहा था, 'मोदी अपने धनवान मित्रों को पैसा दे रहे हैं, पर मैं पैसा आपको दूंगा खटाखट-खटाखट. यहां खटाखट से उनका आशय तेजी से पैसा देना था. प्रधानमंत्री मोदी को यह शब्द पसंद आ गया और दूसरे ही दिन उन्होंने एक चुनावी सभा में 'खटाखट' शब्द के माध्यम से राहुल गांधी का मज़ाक उड़ाने का अभिनय किया. खटाखट शब्द में कहीं कुछ ग़लत नहीं है. वैसे ही जैसे 'दीदी, ओ दीदी' कहना कहीं से ग़लत नहीं लगता. पर पिछले चुनाव में जिस तरह 'ओ दीदी' उचारा गया था, उसे भद्र भाषा का उदाहरण तो नहीं कहा जा सकता. इस खटाखट शब्द की भी जिस तरह नकल उतारी गयी, उसे हास्यास्पद तो कहा ही जा सकता है! राहुल गांधी ने अपने भाषण में देश की हर गरीब महिला के बैंक खाते में 8500 रुपये खटाखट जमा करवाने की बात कही थी. प्रधानमंत्री जी ने इस खटाखट शब्द से उनका मज़ाक उड़ाया जो खटाखट पैसा देने की बात कर रहे थे. मतदाताओं को अपने नेताओं से कुछ गंभीर आचरण की अपेक्षा भी होती है. लेकिन हमारे नेता तो मतदाता को बच्चों की तरह रिझाने में विश्वास करते हैं! प्रधानमंत्री मोदी न जाने कब से देश के मतदाताओं को पांच किलो अनाज से रिझा रहे हैं. पहले देश के अस्सी करोड़ गरीबों को कुछ अर्से के लिए प्रतिमाह पांच किलो अनाज दिया गया था, फिर चुनाव से ठीक पहले यह कह दिया गया कि अगले पांच साल तक यह खैरात बंटती रहेगी. अब कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा है कि यदि उनकी सरकार बनती है तो वह पांच किलो के बजाय दस किलो अनाज प्रति माह देंगे. यही नहीं, यह बात कहीं इस तरह से कही जाती है मानो प्रधानमंत्री अथवा विपक्ष के नेता अपनी जेब से खर्च करके मतदाता को अनुगृहीत कर रहे हैं! लाभार्थी नाम दिया गया है सरकारी सहायता पाने वालों को. इसी तरह 'रेवड़ी बांटने' की बात भी हुई थी. सत्ताधारी पक्ष जनता को अनुदान देने को कल्याणकारी कार्य बताता है और विपक्ष की सरकारों को 'रेवड़ियां' न बांटने की सलाह देता है. चुनाव-प्रचार के इस सोच पर सवाल उठना ही चाहिए. सवाल इस बात पर भी उठाना चाहिए कि पंथ-निरपेक्ष देश में धर्म के नाम पर वोट मांगने की इजाज़त कैसे दी जा रही है? अयोध्या में बने राम मंदिर पर 'बाबरी ताला' लगाये जाने के षड्यंत्र की बात का आखिर क्या मतलब है? कैसे कोई राजनेता यह कह सकता है कि, 'तुम्हारे' मंगलसूत्र भी उनको दे दिये जाएंगे? यह 'तुम्हारे' कह कर किसे संबोधित किया जा रहा है और यह 'उनको' का क्या मतलब है? हमारे संविधान-निर्माताओं ने बहुत सोच-समझ कर देश को धर्म-निरपेक्ष घोषित किया था. विभाजन के समय देश में जो परिस्थितियां बन गयी थीं, उन्हें देखते हुए आसान नहीं था इस प्रकार का निर्णय लेना. संविधान-सभा में इस सबको लेकर पर्याप्त विचार-विमर्श हुआ था और पाकिस्तान को मुस्लिम राष्ट्र घोषित किये जाने के बावजूद हमने देश को धर्मनिरपेक्ष रखने का निर्णय लिया था. वस्तुतः यह निर्णय मानवता के पक्ष में लिया गया था.

> सत्ताधारी पक्ष जनता को अनुदान देने को कल्याणकारी कार्य बताता है और विपक्ष की सरकारों को 'रेवड़ियां' न बांटने की सलाह देता है. चुनाव-प्रचार के इस सोच पर सवाल उठना ही चाहिए. सवाल इस बात पर भी उठाना चाहिए कि पंथ-निरपेक्ष देश में धर्म के नाम पर वोट मांगने की इजाज़त कैसे दी जा रही है?

मीडिया में अन्यत्र

चुनाव आयोग की साख का सवाल

18वीं लोकसभा के लिए हो रहे आम चुनावों के बीच कलकत्ता हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग पर एक सख्त टिप्पणी की है. भाजपा के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की शिकायत पर समय रहते हुए कार्रवाई न करने को लेकर हाईकोर्ट के जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्य ने कहा है कि यह अदालत आश्चर्यचकित है कि चुनाव खत्म होने के बाद शिकायतों का समाधान तय समय में करने में भारत का चुनाव आयोग विफल हुआ है. यह अदालत निषेधाज्ञा आदेश (स्टे) पारित करने के लिए बाध्य है. गौरतलब है कि भाजपा ने बंगाल के कुछ क्षेत्रीय समाचार पत्रों में विज्ञापन दिया था, जिनमें एक में तृणमूल कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी और दूसरे में सनातन विरोधी कहा गया था. टीएमसी ने इस पर चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करते हुए कहा था कि ये विज्ञापन अपमानजनक, झूठे थे और मतदाताओं से धार्मिक आधार पर वोट करने की अपील करते थे. भाजपा के आपत्तिजनक विज्ञापनों को लेकर टीएमसी ने 4 मई को केंद्रीय चुनाव आयोग से शिकायत की थी. लेकिन जब चुनाव आयोग से समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई तो फिर टीएमसी इस मामले को लेकर अदालत में गई, जहां आदेश में कोर्ट ने कहा कि 'साइलेंस पीरियड' (चुनाव से एक दिन पहले और मतदान के दिन) के दौरान भाजपा के विज्ञापन आदर्श आचार संहिता और टीएमसी के अधिकारों और नागरिकों के निष्पक्ष चुनाव के अधिकार का भी उल्लंघन थे. अदालत ने आदेश जारी करते हुए कहा- टीएमसी के खिलाफ लगाए गए आरोप और प्रकाशन पूरी तरह से अपमानजनक हैं और निश्चित रूप से इसका उद्देश्य प्रतिद्वंद्वियों का अपमान करना और व्यक्तिगत हमले करना है. स्वतंत्र, निष्पक्ष और बेदाग चुनाव प्रक्रिया के लिए, भाजपा को अगले आदेश तक ऐसे विज्ञापन प्रकाशित करने से रोका जाना चाहिए. आश्चर्य की बात है कि स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने का दायित्व चुनाव आयोग का है, लेकिन उसकी निष्क्रियता के कारण अदालत को यह बीड़ा भी उठाना पड़ रहा है. टीएमसी का मामला जब अदालत में चला गया, तब जाकर आयोग शनिवार 18 मई को सक्रिय हुआ. इसके बाद पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को उनकी पार्टी द्वारा कथित तौर पर टीएमसी को निशाना बनाने वाले विज्ञापनों पर दो अलग-अलग कारण बताओ नोटिस जारी किए. आयोग ने भाजपा नेता को मंगलवार शाम 5 बजे तक अपना जवाब देने को कहा है. हालांकि अब इस कार्रवाई का कोई अर्थ नहीं रह जाता है. इस पूरे प्रकरण से चुनाव आयोग की किरकिरी तो हुई ही है, लेकिन लोकतांत्रिक चुनावों को लेकर चिंताएं भी बढ़ गई हैं. **(देशबंधु)**

शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

फटकना/भटकना

इधर-उधर चाहे जितना भी भटकना होगा, भटकूंगा, लेकिन तुम्हारे दरवाजे पर कभी नहीं फटकूंगा. इस वाक्यों में वर्तनी के थोड़े से अंतर से बनने वाली दो अकर्मक क्रियाओं से सामना होता है. एक है फटकना और दूसरा भटकन. अर्थ के दृष्टिकोण से देखा जाये तो इनमें कोई समानता नहीं है. तीनों क्रियाएं अपना स्वतंत्र अस्तित्व रखती हैं, लेकिन इनका चमत्कारिक अर्थ तभी स्पष्ट होता है, जब इनका प्रयोग वाक्यों में होता है.हिंदी शब्द सागर के अनुसार फटकना अनेकार्थक क्रिया है. वैसे तो इनका प्रयोग हिंदीभाषी सहज और स्वाभाविक ढंग से करते हैं, लेकिन अगर नासमझी से इनका गलत प्रयोग होता है तो ये अपने वास्तविक अर्थ से अलग होकर निरर्थक हो जाते हैं. शब्दकोश के अनुसार फटकना शब्द का अर्थ है जाना, पहुंचना. प्रेम सागर में कहा है- कृष्ण हैं, ऊधव हैं, पर ब्रजवासी उनके निकट फटकने नहीं पाते. फटकना का मतलब है दूर होना, अलग होना. सूरदासजी ने कहा है एहिं परनि परे खग ज्यौं हरि रूप मांझ लटके, मिले जाइ हरदी चूना ज्यों फिर न सूर फटके. इसका मतलब तड़फड़ाना, हाथ पैर पटकना, श्रम करना, हाथ पैर हिलाना भी होता है. गांवों से लेकर शहर तक, अनपढ़ों से लेकर विद्वानों तक फटकना शब्द का यह मतलब तो जानते ही हैं कि सूप पर अन्न आदि को हिलाकर साफ करने या अन्न आदि के कूड़ा-कर्कट निकालने को भी फटकना ही कहा जाता है. हिला कर फट-फट शब्द करना, फेंकना, चलाना, मारना फटकना, रूई आदि को फटके से धुनना क्रिया के अन्य अर्थों में शामिल हैं. इसी प्रकार की अकर्मक क्रिया है भटकना. इसका मतलब है व्यर्थ ही इधर-उधर धूमना, रास्ता भूल जाने के कारण इधर-उधर घूमना, किसी को खोजने में इधर-उधर घूमना, चूक जाना, भ्रम में पड़ना. भटकना का सकर्मक क्रिया रूप है भटकाना. इसका मतलब है, ऐसा रास्ता बताना जिससे आदमी भटक जाये यानी अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच पाये. जो अपनी राह से भटक जाता है, उसे भटका कहते हैं.

काश, हमारे पास भी एक दुम होती!

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

दुम एक ऐसी चीज़ है जो अधिकतर प्राणियों में पाई जाती है. इसे पूंछ या पुच्छ भी कहते हैं. शायद इसलिए कि यह पशुओं के पीछे की ओर (पुच्छ) रहती है. बन्दर, कुत्ता, बिल्ली इत्यादि सभी पशुओं के पूंछ, या कहें, दुम होती है. किसी के छोटी होती है तो किसी के बड़ी होती है. हाथी एक बहुत बड़ा जानवर है, लेकिन उसकी पूंछ उसके शरीर की अपेक्षा से बहुत छोटी होती है. लंगूर उसके मुकाबले एक छोटा जानवर है, लेकिन अपेक्षा-कृत उसकी पूंछ बड़ी लम्बी होती है. जानवर की लम्बाई चौडाई से उसकी पूंछ का कोई सार्थक सम्बन्ध नहीं होता. किसी की पूंछ सीधी होती है तो किसी की सीधी नहीं होती. किसी की दुम के आखिर में बड़े बड़े बाल होते हैं तो किसी के नहीं होते. कहते हैं कि कुत्ते की दुम, जब तक वह पागल ही न हो जाए, हमेशा टेंडी ही रहती है. आदमी की पूंछ नहीं होती. वैज्ञानिकों का कहना है कि हो सकता है कभी इंसान के भी पूंछ रही हो, किन्तु विकास-क्रम में वह विलुप्त हो गई. भले ही इंसान के एक अदद पूंछ न हो लेकिन वह पूंछ के सारे काम बाकायदा करता है. उसने अपनी दुम के कार्यों को अन्यान्य इन्द्रियों को वितरित कर दिया है. कुत्ता जब खुश होता है, अपनी दुम हिलाने लगता है. आदमी खीसें निपोरता है. कुत्ता चापलूसी करते वक्त भी अपनी दुम हिलाता है. आदमी ज़बान हिलाता है. लगता है आदमी की दुम उसके मुंह और ज़बान में समा गई है. आदमी की दुम भले ही नष्ट हो गई हो, लेकिन अपनी पूंछ के न रहने का दर्द उसे अभी तक सालता है. वह गाहे-बगाहे उसकी याद करता रहता है. अपनी वार्ता में वह दुम संबंधी गालियां बकता है – उल्लू की दुम, कुत्ते की दुम इत्यादि. माना कि हमने दुम के अभाव की पूर्ति अन्य कई और तरीकों से कर ली है लेकिन इससे हम असली दुम से तो फिर भी वंचित ही रह गए ना ! सोते-जागते, उठते-बैठते, बस इसी बात की इक हूक-सी दिल में उठती है – काश हमारी भी एक दुम होती ! सच कहते हैं, यदि हमारे पीछे भी कोई दुम होती तो हम भी हनुमान जी से कतई पीछे न रहते. हनुमान जी की दुम का तो कहना की क्या ? राम भक्त हनुमान जहां राम के प्रति अपनी उत्कट भक्ति के लिए जाने जाते हैं वहीं वे अपनी पूंछ के लिए भी विख्यात हैं. अपनी इसी दुम के सहारे उन्होंने सारी लंका में ही आग लगा दी. रावण का इरादा उसकी पूंछ में आग लगा कर हनुमान की दुर्गति कर उसे प्रताड़ित करने का था, लेकिन हो गया उलटा ही. हनुमान की दुम में आग क्या लगी, लंका का ही दहन हो गया. रावण बेचारा तापता ही रह गया.

धर्म अध्यात्म

25 मई से शुरू नौतपा

सूर्य देव का रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश होते ही नौतपा प्रारंभ

वर्ष का नौ दिन सबसे अधिक गर्मी वाला होता है अर्थात सूर्य नौ दिनों तक पृथ्वी के कुछ भाग को मानसून से पहले तपता है जिससे अच्छा मानसून हो इसे नौतपा कहते है. इस वर्ष यह नौतपा सूर्य के कृतिका नक्षत्र से रोहिणी नक्षत्र में जाने से 25 मई से आरंभ होगा. सूर्य जेष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगें 8 जून तक यही रहेंगे. इन दिनों के आरंभ से नौ दिनों तक बहुत अधिक गर्मी रहती है जो नौतपा है. नौतपा के दौरान सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ती है. नौतपा के समय सूर्य पृथ्वी के सबसे नजदीक होता है. इस कारण भीषण गर्मी पड़ती है. पर इस वर्ष शुक्र और गुरु के तारा अस्त होने से इसका प्रभाव कम होगा. नौतपा के सारे दिन गर्मी रहे तो अच्छी बारिश होती है.

आचार्य प्रणव मिश्रा

- **बेहतर बारिश के आसार**

रोहिणी नक्षत्र का स्वामी चंद्रमा हैं जो चंद्रमा सौम्य और शीतलता का प्रतीक हैं. सूर्य जब चंद्रमा के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं तो चंद्रमा को अपने प्रभाव में ले लेते हैं इस दौरान आंधी और तूफान आने लगता है. इस नौतपा के दौरान मंगल अपने स्वराशि मेष में रहेंगे. नौतपा के बाद 5, 6, 7 जून को सूर्य, चंद्रमा, बुध, गुरु, शुक्र पांच ग्रही योग बना रहे हैं इसके प्रभाव से गर्मी के साथ साथ मानसून भी अच्छा रहेगा.

- **राहत के ये उपाय**

नौतपा के दौरान महिलाएं हाथ और पैर में मेहंदी लगाती हैं क्योंकि मेहंदी की तासीर ठंड होने से गर्मी से राहत मिलती है. इन दिनों गर्मी से बचने के लिए दूध, दही, मक्खन, नारियल पानी आदि का सेवन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद रहता है. वराहमिहिर के वृहद संहिता ग्रंथ में उल्लेख है कि ग्रहों के अस्त होने से मौसम में बदलाव होता है.

- **नौतपा में मानसून का गर्भ काल**

सूर्य की गर्मी और रोहिणी नक्षत्र के जल तत्व के कारण और इनका संयोग मानसून का गर्भ काल आ जाता है इसलिए नौतपा को मानसून का गर्भ काल माना जाता है. जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में होता है तो चंद्रमा नौ नक्षत्रों में भ्रमण कर लेते हैं.

- **नौतपा में इनका करें दान**

इन दिनों मौसमी फलों का दान करना चाहिए. घड़े का दान नौतपा में शुभ माना गया है. शरबत, दूध, दही का दान करें. गुड़ और चीनी का दान शुभ फलदाई माना गया है. अन्न का दान करने से आप के रुके हुए और अधूरे कार्य पूर्ण होते हैं.

- **नौतपा और सूर्य का शुभाशुभ प्रभाव**

सूर्य एक आत्मा कारक ग्रह है. इससे आत्म विश्वास बढ़ता है. आधिकारिक और शासकीय क्षेत्र में सफलता सूर्य ही दिलाते हैं. धन हानि और स्थान परिवर्तन सूर्य के कारण ही होता है. जिनकी कुंडली में सूर्य खराब जगह बैठे हैं उन्हें भगवान सूर्य को जल अर्पित करनी चाहिए.

आज से शुरू हो रहा है ज्येष्ठ मास

तप और साधना का माह है ज्येष्ठ

हिंदी कैलेंडर का तीसरा माह ज्येष्ठ आज से प्रारंभ हो रहा है. ज्येष्ठ के स्वामी मंगल हैं और मंगल ग्रह को ज्योतिष शास्त्र में साहस का प्रतीक माना गया है. ज्येष्ठ मास भगवान विष्णु का प्रिय मास है. इस मास में भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है. भगवान विष्णु के चरणों से निकलने वाली पवित्र मां गंगा की अराधना से भी जुड़ा मास है ज्येष्ठ. यमराज के हाथों अपने पति सत्यवान को वापस लाने वाली सावित्री की कथा इसी माह में विवाहिताएं सुनती हैं, व्रत करती हैं और सूर्य के प्रचंड रूप से बचाव के लिए बरगद जैसे वृक्ष का आसरा ढूंढती हैं. बांस के पंखे, भिंगोए चने और मौसम अनुकूल फल के जरिए प्रकृति की उग्रता को शांत करने का प्रयत्न करती हैं. ज्येष्ठ मास हनुमान जी को बहुत प्रिय है, क्योंकि श्रीराम से हनुमान जी की पहली मुलाकात इसी महीने में हुई थी. आइए, ज्येष्ठ माह के आध्यात्मिक महत्व के साथ इस महीने के पर्व-त्यौहार और व्रत-विधान के बारे में जानकारी हासिल करें-

आचार्य अजय मिश्रा

कब से कब तक ज्येष्ठ माह

ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 23 मई को 07:22 पीएम से प्रारंभ हो कर 24 मई को 07:24 पीएम पर समाप्त होगी. उदयातिथि के अनुसार, ज्येष्ठ माह की शुरूआत 24 मई से होगी. ज्येष्ठ महीने का समापन 21 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन होगा.

वट सावित्री व्रत

वट सावित्री मास का सबसे बड़ा पर्व है जो इस साल 6 जून गुरुवार के दिन है. विवाहिताएं पति की लंबी आयु व सुखद दांपत्य की कामना से इस दिन सावित्री की पूजा करती हैं, सत्यवान-सावित्री की कथा सुनती हैं और बरगद की भी आराधना करती हैं.

शनि जयंती

शनि देव जो सूर्य देव और छाया की संतान हैं, का जन्म वैशाख अमावस्या के दिन हुआ था, इसलिए इस तिथि को शनि जयंती मनाते हैं और शनि देव की पूजा करते हैं. इस साल शनि जयंती भी 6 जून को है.

गायत्री जयंती

वेदों की माता गायत्री की जयंती 17 जून सोमवार के दिन है. इस दिन गायत्री माता की पूजा करते हैं और उनके मंत्र का जाप का विधान है.

गोमेध और अश्वमेध यज्ञ का लाभ

ज्येष्ठ माह में भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व है. खासकर इस मास के गुरुवार, एकादशी, द्वादशी और पूर्णिमा को व्रत रखकर भगवान विष्णु के त्रिविक्रम रूप की आराधना की जानी चाहिए. मान्यता है कि इससे गोमेध यज्ञ का फल मिलता है. भगवान विष्णु को पीले फल, मिष्टान व तुलसी पत्र का भोग लगाएं. दूध व गंगाजल मिलाकर शंख में भरकर अभिषेक करें. जरुरतमंद को दान दें. ज्येष्ठ महीने की पूर्णिमा पर तिल का दान का विशेष महत्व है. मान्यता है कि इससे अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है.

सूर्य उपासना का मास

इस महीने में सूर्य का प्रकोप काफी बढ़ जाता है. इस महीने में सूर्य देव और वरुण देव की पूजा करने का खास लाभ मिलता है. ऋषियों ने गायत्री मंत्र को सूर्य की कृपा प्राप्त करने का मंत्र बताया है.

हनुमान से इसी माह में मिले थे श्रीराम

वनवास पर निकले मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की पत्नी सीता का अपहरण रावण ने छल से कर लिया था. वन में भ्रमण करते जब श्रीराम की मुलाकात मतंग ऋषि के आश्रम में सबरी से हुई, तो सबरी ने सुग्रीव का पता श्रीराम को बताया. जब वे ऋष्यमूक पर्वत पर आये, तो उनकी पहली मुलाकात हनुमान जी से ज्येष्ठ के महीने में ही हुई थी. हनुमान जी से मिलकर श्रीराम बहुत प्रभावित हुए. छोटे भाई लक्ष्मण से कहा हनुमानजी को प्रणाम करने का निर्देश दिया. धर्मग्रंथों में उल्लेख भी है कि हनुमान जी ने सूर्य को निगल लिया था. इसका आशय यही है कि हनुमान जी ने सूर्य की रश्मियों से निकलने वाली ऊर्जा को ग्रहण किया.

इन कामों को करने से बचें

इस महीने में दिन में न सोएं. मसालेदार भोजन का सेवन नहीं करें. संभव हो तो दिन में बस एक बार भोजन करें. लहसुन, राई, बैंगन व गर्म चीजों का सेवन न करें. कभी किसी प्यासे को बिना पानी पिलाएं द्वार से नहीं लौटाएं. परिवार के बड़े पुत्र या फिर पुत्री का विवाह नहीं करें, खास कर तब जब उनका जन्म इसी मास में हुआ हो. जल व्यर्थ बर्बाद नहीं करें.

धरती पर आईं गंगा

इसी महीने के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को अपने साठ हजार पूर्वजों को तृप्त करने के लिए कठोर तपस्या से भगवान शंकर को रिझाकर राजा भगीरथ गंगा जी को धरती पर लाये थे. इस दिन गंगा दशहरा मनाने की परंपरा है. जगत की धात्री मां गंगा की पूजा-उपासना की जाती है. इसके लिए साधक ब्रह्म बेला से पवित्र गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाते हैं.

पूजा-ध्यान से दिन की शुरुआत

ज्येष्ठ मास में सूर्योदय अपेक्षाकृत पहले होता है. संभव हो तो सूर्योदय से पहले उठकर स्नानआदि करें. तांबे के पात्र में जल भर कर ऊँ सूर्याय नमः मंत्र का जप करते हुए उगते सूर्य को अर्घ्य दें. फिर घर के मंदिर में अपने इष्टदेव की आराधना करें. कुछ देर दोनों आंखें बंद करके अपना ध्यान दोनों भौंहों के बीच आज्ञा चक्र पर लगाएं. इस दौरान सांस की गति सामान्य रखें.



दान का विशेष महत्व

ज्येष्ठ मास में दान-पुण्य करने का विशेष महत्व बताया गया है. प्यासे को पानी पिलाने के लिए मटके का दान, प्याऊ का निर्माण आदि कर सकते हैं. अनाज, जूते-चप्पल, कपड़े, तिल, अंकुरित चने, बांस के पंखे और छाते का दान भी कर सकते हैं.

चरम सत्य, परम सत्य, अंतिम सत्य

आखिर क्या है यह सत्य, चरम सत्य, अटल सत्य, अंतिम सत्य ? उत्तर की तलाश में हजारों, लाखों लोगों ने सांसारिकता का परित्याग कर वनों, कन्दराओं, गुफाओं, पर्वतों की शरण लीं. गंभीर चिंतन करते रहे. तपस्वी, ऋषि, मुनि, चिंतक, विचारक, दार्शनिक, वैज्ञानिक आदि बनकर लौट आए. निःसन्देह उन्होंने बहुत ज्ञान अर्जित किए, बहुत सारे गूढ रहस्यों को सुलझाया, अज्ञान के अंधकार में पड़े मानव जगत में ज्ञान विज्ञान की रोशनी फैलायी. किन्तु यह सवाल आज भी अनुत्तरित है.

विमल किशोर

- **अनसुलझे हैं सवाल**

अध्ययन बताते हैं कि लगभग बहत्तर हज़ार वर्ष पहले हम होमो-सैपियंस, जो संभवतः आज के मनुष्य का सर्वप्रथम विकसित रूप माना गया है, में सोचने समझने की शक्ति का उद्भव हुआ. इंद्रियां थीं, इसलिए, अनुभूतियां भी थीं. क्या, क्यों, कैसे, कब, कहां जैसे प्रश्नों का जन्म और उनके उत्तरों की खोज भी उसी कालखंड में शुरू हुई होंगी. जैसे-जैसे उनके ये प्रश्न बड़े होते गए होंगे और उनके संतोषजनक उत्तरों की तलाश पूरी होती गई होंगी, मनुष्यों में नई चेतना का सृजन और विकास होता गया होगा. प्रश्नों कि श्रृंखला आज तक चली आ रही हैं, उत्तर मिल रहे हैं, नई जागृतियां पनप रही हैं लेकिन अनसुलझे सवालों की आज भी भरमार है. जिन प्रश्नों के उत्तर नहीं मिल पाये है, उनकी कामचलाऊ व्याख्या अपनी अपनी आस्था, विश्वास, अनुमान और मान्यताओं के आधार पर कर ली जाती है पर तलाश रुकती नहीं. हमारी चेतना निरंतर विकसित होती रहती है.

- **अंतिम सत्य क्या-मृत्यु, भौतिकता या चेतनता!**

एक मान्यता है कि मृत्यु अंतिम सत्य है तो फिर इहलोक, परलोक, स्वर्ग, नरक, पारलौकिक संसार क्या है; मोक्ष क्या है, पुनर्जन्म क्या है, आत्मा क्या है, परमात्मा क्या है? सामान्य रूप से देखा जाए तो जीवन चक्र मूलतः दो सांसरिक अवयवों के बीच चलता रहता है. पहली - भौतिकता से जुड़ी चीज़ें अर्थात ऐसी चीज़ें जिनकी अनुभूति हम अपनी इंद्रियों से कर पाते हैं जैसे पदार्थ, हवा, पानी, रोशनी आदि. दूसरी- चैतन्यता, जो हमारी इंद्रियों की अनुभूति से परे हैं जैसे मन, कल्पना , भावना , इच्छा, अनुराग, क्रोध, अहंकार इत्यादि. ये दोनों नितांत अलग अवयव हैं जो एक दूसरे से कभी नहीं मिलते. इन दोनों अवयवों की अलग अलग सत्ता है, अलग अलग स्वतंत्र लोक है. एक का भौतिक अस्तित्व है तो दूसरे में केवल प्रवाह और प्रसार. ना ही मानसिक संवेगों से कोई पदार्थ बनाया जा सकता है ना ही किसी पदार्थ को मानसिक संवेग में बदला जा सकता है. और फिर जब कहा जाता है कि पंचतत्व से बना धरती का हर जीव मृत्यु के उपरांत पुनः पंचतत्व में विलीन हो जाता है, अर्थात पदार्थ पदार्थ में विलीन हो जाता है तो पदार्थ की सत्ता मान ली गई लगती है. संसार की हर चीज़ जब अपना अस्तित्व खोती है तो वह पदार्थ में ही समाहित होती है. इस बात से कहीं ना कहीं से इस मान्यता को बल मिल जाता है कि यह भौतिकता ही परम सत्य है, अंतिम सत्य है. लेकिन इस बात को भी तो झुठलाया नहीं जा सकता कि इन भौतिक चीजों की सार्थकता, उनका महत्व या उनका प्रभाव भी तो तभी तक रहता है जब तक चेतना रहती है क्योंकि चेतना है तो आत्मा है, आत्मा है तो मन है, मन है तो सोच है, सोच है तो समझ है, समझ है तो सांसारिकता है आदि आदि. अर्थात, यदि चैतन्यता ना हो तो कुछ भी नहीं है. जीवन का अंत होता है तो सबसे पहले चेतना ही लुप्त होती है.



- **द्वैतवाद का सिद्धान्त**

तो क्या यह चेतना और उससे जुड़े अवयव ही परम सत्य है, अंतिम सत्य है. या, अंतिम सत्य एक नहीं दो हैं - एक तो पदार्थ, दूसरी चैतन्यता. संभवतः कुछ ऐसे ही चिंतन के आधार पर भारतीय जीवन दर्शन में द्वैतवाद के सिद्धान्त की पृष्ठभूमि बनी. हालांकि, इस द्वैतवाद के सिद्धान्त से जुड़े और भी कई पहलू हैं. इसे ही ज्ञान मार्ग का आरंभिक बिन्दु समझा जाता है. लेकिन अलग अलग भौगोलिक क्षेत्रों में अलग अलग चिंतकों के बीच यह सिद्धान्त सर्वमान्य नहीं हो पाया था, और यह धारणा स्थापित नहीं हो पा रही थी कि परम सत्य या परम सत्ता एक से अधिक हो सकती है. इस अवधारणा के साथ अद्वैतवाद का सिद्धान्त तेजी से विकसित होने लगा और यह माना जाने लगा कि परम सत्य एक ही है, अंतिम सत्ता एक ही है जो सर्वशक्तिमान है, जो सब कुछ नियंत्रित करता है और जिसकी इच्छा से ही सम्पूर्ण ब्रह्मांड का संचालन होता है. इसी सिद्धान्त से निकला भक्तिमार्ग.

- **निराकार या साकार, निर्गुण या सगुण**

यदि अंतिम सत्ता किसी एक की ही है तो वह क्या है, कैसा है, कहां है, मूर्त है या अमूर्त है, साकार है या निराकार है, निर्गुण है या सगुण है ! आदिम काल से चला आ रहा यह प्रश्न आज भी जीवित है. एक दृष्टिकोण यह भी है कि मानव इंद्रियों की अनुभूति की क्षमता सीमित है. देखने की क्षमता, सुनने की क्षमता, सोचने-समझने की क्षमता, कल्पना करने की क्षमता आदि एक सीमा के बाहर नहीं जा पाते. कृत्रिम वैज्ञानिक उपकरणों के माध्यम से इन क्षमताओं को बढ़ाने के कई सफल प्रयास भी हुए और हो रहे हैं पर वहां तक नहीं पहुंचा जा सका है जहां से इस प्रश्न का कोई सर्वमान्य उत्तर मिलने की संभावना हो.

बहरहाल कई युग बीत गए और कई बीत जाएंगे यदि हम ज्ञान मार्ग, जिसके केंद्र में होता है प्रयोग, अवलोकन और निष्कर्ष, पर चल कर इस प्रश्न का उत्तर तलाश करेंगे कि अंतिम सत्य क्या है ? लेकिन भक्ति मार्ग, जिसके केंद्र में होती है आस्था, विश्वास और श्रद्धा पर चल कर हमें तुरत ही पता चल जाता है कि इस प्रश्न का सबसे सटीक उत्तर है- "ईश्वर" जो सर्वव्यापी है, सर्वशक्तिमान है, सर्वगुणसंपन्न है, सर्वसुलभ है और सर्वज्ञानी है. दुनिया भले ही इसे अलग-अलग नामों से जाने पर वही एक सत्य है, वही एक सत्ता है जो अंतिम है.

खुशी संदेश

सही जगह और सही चीज़ों के लिए क्रोध भी जरूरी

मुकेश चौहान

महाभारत में कौरवों की तरफ से भीष्म पितामह सबसे श्रेष्ठ और ज्ञानी थे. लेकिन भीष्म पितामह के जीवन का एक ही पाप था. पितामह ने सही समय पर क्रोध नहीं किया. द्रौपदी चीर हरण के समय भीष्म अपनी आंखों के सामने हो रहे अन्याय और दुर्योधन के पाप कर्म को देखने के बाद भी चुप रहे. वही दूसरी तरफ रामायण में जटायु थे, जिन्होंने सीता हरण के समय रावण पर क्रोध किया. रावण की अपेक्षा कम बलशाली होने के बावजूद देवी सीता को बचाने के लिए रावण से लड़ाई की. समय आने पर मृत्यु दोनों की हुई किन्तु, मरते वक्त भीष्म पितामह को बाणों की शैय्या मिली और जटायु को प्रभु श्री राम की गोद.

लब्बोलुआब यह, क्रोध हमेशा गलत नहीं होता बशर्ते वो सही जगह और सही चीज़ों के लिए किया जाए. जैसे कई बार लाड़-प्यार के चक्कर में बच्चों की गलती होने पर भी मां-बाप उन्हें डांटते नहीं और फिर जब उनका बच्चा हद से ज्यादा बिगड़ जाता है तो इन्हें इस बात का पछतावा होने लगता है. क्रोध बड़ी कीमती चीज है, इसका इस्तेमाल सोच-समझ कर करें.

घर की सजावट में शामिल हो खुशहाली

स्वामी विमलेश
वास्तु विशेषज्ञ

घर की सजावट में हम कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते. पर कई बार जाने अनजाने घर की सजावट के जरिए नकारात्मकता या दुर्भाग्य का प्रवेश हमारी देहरी के भीतर हो जाता है, ऐसी वास्तु शास्त्र की मान्यता है. घर की सजावट में कैसे खुशहाली, सौभाग्य और सकारात्मकता आए, आइए जाने वास्तु व फेंगशुई एक्सपर्ट से ....

सूखे फूलों का उपयोग इन दिनों घर की सजावट के लिए होने लगा है. इसके अलावा प्लास्टिक, कपड़े, कागज आदि के बने फूल भी सजावट के उपयोग में लाए जाते हैं. ये घर में पॉजिटिव एनर्जी के प्रवाह में बाधक हैं.

गुलनार का पौधा अपने साथ दुर्भाग्य लाता है. कैक्टस या कांटे वाला पौधा भी घर में लगाने से बचें. संबंध खराब होते हैं. जिन पौधों के तने से दूध निकलते हैं, उन्हें भी घर में नहीं लगाना चाहिए.

टूटा जहाज, रोती स्त्री, रोता बच्चा, युद्ध, डूबता सूरज आदि की पेंटिंग अपने घर की सजावट में शामिल नहीं करें. यह घर में नकारात्मकता और उदासी का माहौल लाती है. मान्यता है कि इससे परिवार टूटते हैं.

झरने, फव्वारे, बारिश, एक्वेरियम, समुद्र आदि की तस्वीर लिविंग रूम तक तो ठीक हैं, पर बेड रूम की सजावट में इन्हें शामिल नहीं करें. यह मानसिक-आर्थिक समस्याओं का कारक बनता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

ब्रीफ खबरें

भारत के अभय और सेंथिल कुमार जीते

दोहा। राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार और एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने बुधवार को यहां 53500 डॉलर इनामी प्रतिष्ठित क्यूएसएफ 3 स्क्वाश प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की. यह टूर्नामेंट पीएसए विश्व टूर की ब्रॉन्ज स्तर की प्रतियोगिता है. तमिलनाडु के सेंथिलकुमार ने पहले दौर में स्थानीय दावेदार यूसेफ एसाम फराग को 32 मिनट में 11-7 11-4 11-4 से हराया जबकि उनके हमवतन भारतीय अभय ने पाकिस्तान के मोहम्मद आसिम खान को 38 मिनट में 11-2 11-9 15-13 से शिकस्त दी.

महिला व पुरुष जूनियर हॉकी टीमें पराजित हुईं

ब्रेडा (नीदरलैंड)। भारत की पुरुष और महिला जूनियर हॉकी टीमों को बुधवार को यहां यूरोप के मौजूदा दौरे पर बेल्जियम की टीमों के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. दोनों टीमों को बेल्जियम के खिलाफ 2-3 के समान अंतर से हार मिली. महिला टीम के लिए दोनों गोल बिनिमा धान ने किए जबकि पुरुष टीम के लिए दोनों गोल कप्तान रोहित (44वें और 57वें मिनट) ने दागे. महिला टीम अगला मैच 24 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी जबकि पुरुष टीम को गुरुवार को ही ब्रेडा में ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश से भिड़ना है.

जोकोविच जिनेवा ओपन के क्वार्टर फाइनल में

जिनेवा। नोवाक जोकोविच ने अपने 37वें जन्मदिन का जश्न बुधवार को यहां गैर वरीय यानिक हैंफमैन को सीधे सेटों में हराकर जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच कर मनाया. दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने हैंफमैन को 6-3, 6-3 से हराया जो एटीपी टूर्नामेंटों में उनकी 1100 वीं जीत है. जोकोविच दूसरे सेट में एक समय 0-3 से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह गेम जीतकर सेट और मैच अपने नाम किया. हैंफमैन ने पहले दौर में एंडी मरे को 7-5, 6-2 से हराया था.

इंग्लैंड-पाकिस्तान टी20 मैच बारिश की भेंट चढ़ा

लीड्स (यूके)। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बुधवार को बारिश के कारण हेडिंग्ले में एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया. दोनों टीमें चार मैचों की इस श्रृंखला को अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास के तौर पर देख रही हैं. इंग्लैंड गत चैंपियन है. बुधवार को मैच रद्द होना इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के लिए दुर्भाग्यपूर्ण रहा जिन्हें चोट के कारण लंबे समय से बाहर रहने के बाद अपनी फिटनेस साबित करने के लिए खेलने का समय चाहिए.

फुगे सेमीफाइनल में, रिकर्व में मिली निराशा

येचियोन (दक्षिण कोरिया)। युवा कम्पाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे ने गुरुवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि पुरुष और महिला रिकर्व टीमों को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा. एशियाई खेलों की मौजूदा चैम्पियन ज्योति सुरेखा वेनाम कम्पाउंड महिला व्यक्तिगत क्वार्टरफाइनल में सारा लोपेज से 142-145 से हार गयीं. ज्योति ने पिछले महीने शंघाई में पहले चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी थी. फुगे ने 2021 विश्व चैम्पियन और दुनिया के छठे नंबर के निको वेनर को 146-145 से मात देकर उलटफेर किया.

खुलासा : ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ने कहा, भारत के मुख्य कोच के पद के लिए उनसे संपर्क किया गया था

पोंटिंग ने मुख्य कोच का प्रस्ताव ठुकराया, कहा- जीवनशैली में फिट नहीं बैठता

एजेंसी। नयी दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि जल्द ही खाली होने वाले भारत के मुख्य कोच के पद के लिए उनसे संपर्क किया गया था, लेकिन उन्होंने इस पेशकश को अस्वीकार कर दिया क्योंकि यह अभी उनकी जीवनशैली में फिट नहीं बैठता. हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच के रूप में सात सत्र पूरे करने वाले पोंटिंग इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के अंतरिम टी20 कोच रह चुके हैं.

> **10** या 11 महीने की नौकरी है, और मैं इसे करना चाहता हूं, यह अभी मेरी जीवनशैली और उन चीजों में फिट नहीं बैठता है जिन्हें मैं वास्तव में करना पसंद करता हूं.

उन्होंने यह नहीं बताया कि भारतीय कोच के पद के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से कोई सुझाव आया था या नहीं. पोंटिंग ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, आईपीएल के दौरान कुछ आमने-सामने की बातचीत हुई थी, ताकि पता चल सके कि इस पद में मेरी दिलचस्पी है या नहीं.

उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रीय टीम का सीनियर कोच बनना पसंद करूंगा लेकिन मेरे जीवन में अन्य चीजें हैं और मैं घर पर कुछ समय बिताना चाहता हूं... हर कोई जानता है कि अगर आप भारतीय टीम के साथ काम करोगे तो आप आईपीएल टीम में शामिल नहीं हो सकते.पोंटिंग ने कहा, इसके अलावा राष्ट्रीय मुख्य कोच साल में 10 या 11 महीने की नौकरी है, और मैं इसे करना चाहता हूं, यह अभी मेरी जीवनशैली और उन चीजों में फिट नहीं बैठता है जिन्हें मैं वास्तव में करना पसंद करता हूं. पोंटिंग ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे के साथ इस प्रस्ताव पर चर्चा की और वह भारत आने के लिए तैयार लग रहा था.

उन्होंने कहा, मेरे परिवार और मेरे बच्चों ने पिछले पांच सप्ताह आईपीएल में मेरे साथ बिताए हैं और वे हर साल यहां आते हैं और मैंने अपने बेटे को इसके बारे में बताया. पोटिंग ने कहा, मैंने कहा, पापा को भारतीय कोच की नौकरी की पेशकश की गई है और उसने कहा, बस इसे स्वीकार कर लीजिए पापा, हम अगले कुछ वर्षों के लिए वहां जाना पसंद करेंगे. उन्होंने कहा, वे वहां रहना और भारत में क्रिकेट की संस्कृति को कितना पसंद करते हैं लेकिन अभी यह शायद मेरी जीवनशैली में पूरी तरह से फिट नहीं बैठता. कुछ अन्य हाई प्रोफाइल नाम जैसे कि चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग, लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर और कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर (मार्गदर्शक) गौतम गंभीर को भी संभावित उम्मीदवारों के रूप में देखा जा रहा है. अगले महीने भारत के टी20 विश्व कप अभियान के बाद राहुल द्रविड़ मुख्य कोच का पद छोड़ देंगे.बीसीसीआई ने आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 मई तय की है. पोंटिंग ने कहा, मैंने कुछ अन्य नामों को भी चर्चा में देखा है. जस्टिन लैंगर का नाम कल चर्चा में आया, स्टीफन फ्लेमिंग का नाम भी थोड़ा चर्चा में आया. उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों में गौतम गंभीर का नाम भी चर्चा में आया है. लेकिन मुझे लगता है कि मैंने जो कारण बताएं हैं उनके कारण मेरे लिए यह संभव नहीं है.

आईपीएल क्वालीफायर **दो संभावना**

सनराइजर्स के बल्लेबाजों व रॉयल्स के स्पिनरों के बीच आज जंग

एजेंसी। चेन्नई

सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को जब यहां दूसरे क्वालीफायर में आमने-सामने होंगी, तो यह आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ पावर हिटर ट्रेविड हेड और अभिषेक शर्मा तथा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन की चतुर स्पिन जोड़ी के बीच मुकाबला भी होगा. हेड और अभिषेक की जोड़ी आक्रामक बल्लेबाजी को नए स्तर तक ले गई है और इस जोड़ी को प्रशंसकों से ट्रेविषेक नाम मिला है. हेड ने मौजूदा सत्र में 199.62 के स्ट्राइक रेट से 533 रन बनाए हैं जबकि अभिषेक के नाम पर 207.04 के स्ट्राइक रेट से 470 रन दर्ज हैं. दोनों ने मिलकर अब तक 72 छक्के और 96 चौके मारे हैं. इसके अलावा सनराइजर्स के पास हेनरिक क्लासेन (180 के स्ट्राइक रेट से 413 रन) के रूप में एक बेहतरीन बल्लेबाज है जो 34 छक्के मारे चुके हैं. उप्पल या कोटला या वानखेड़े की तुलना में चेपक में खेलना हालांकि बिलकुल अलग होगा क्योंकि यहां गेंद रुककर आती है और आते ही बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होता.अपना अधिकतर क्रिकेट इसी मैदान पर खेलने वाले रॉयल्स के ऑफ स्पिनर अश्विन यहां की पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं और टूर्नामेंट के आखिरी चरण में उनकी फॉर्म में सुधार हुआ है. रॉयल्स को उम्मीद होगी कि देश के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनर चहल के साथ वह हेड, अभिषेक और क्लासेन को जल्दी से जल्दी पवेलियन भेज देंगे जिससे कि वे मैच पर नियंत्रण बना सकें. जहां तक सनराइजर्स की गेंदबाजी की बात है तो एक बार फिर जिम्मेदारी टी नटराजन पर होगी जो इस सत्र में टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं और यहां अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगे.

समय: मैच शाम 7.30 बजे से होगा

इसके अलावा भुवनेश्वर कुमार और पैट कमिंस की अनुभवी जोड़ी को भी काफी कुछ करना होगा क्योंकि पिछले दो मैचों में भुवनेश्वर कुमार ने कोई विकेट नहीं लिया है. सनराइजर्स की समस्या टीम में दो अच्छे स्पिनरों का नहीं होना भी है. मयंक मार्कंडेय बहुत अधिक प्रभावी नहीं हैं जबकि शाहबाज अहमद का मुख्य कौशल तेज बल्लेबाजी करना है, ना कि बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी.रॉयल्स की बात करें तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू खिलाफ अपने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत टीम ने आखिरकार पांच मैचों से जीत के इंतजार को खत्म कर दिया. बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम ने कुछ सकारात्मक संकेत दिखाए, खासकर यशस्वी जायसवाल ने और वह अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले इस फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे. हालांकि कप्तान संजू सैमसन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि उन्होंने पिछले तीन मुकाबलों में 20 रन का आंकड़ा भी नहीं छुआ है. मध्य क्रम में ध्रुव जुरेल दबाव में होंगे जो अपने पिछले दो मैचों में दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए. टीम वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाजों शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल पर भी निर्भर करेगी जिन्होंने बेंगलुरु के खिलाफ पावर हिटिंग का नजारा पेश किया. मौजूदा सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे रियान पराग रॉयल्स के भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक हैं.

टीमें इस प्रकार हैं

सनराइजर्स हैदराबाद: अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस, भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह, ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, जे सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को येनसन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल.

राजस्थान रॉयल्स: संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, आवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौर, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन.

कड़े मुकाबले में सिम यू जिन को हराकर सिंधू क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। कुआलालंपुर

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां कड़े मुकाबले में कोरिया की सिम यू जिन को तीन गेम में हराकर मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने कोरिया की दुनिया की 34वें नंबर की खिलाड़ी यू जिन को महिला एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 59 मिनट में 21-13 12-21 21-14 से हराया. यू जिन के खिलाफ सिंधू की यह तीसरी जीत है. पिछले साल अक्टूबर में लगी घुटने की चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए हैदराबाद की 28 साल की सिंधू शीर्ष फॉर्म हासिल करने में नाकाम रही है.पांचवीं वरीय सिंधू अगले दौर में शीर्ष वरीय हेन युई से भिड़ेंगी. चीन की इस खिलाड़ी ने पिछले महीने निंग्बो में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधू को हराया था. पिछला खिताब 2022 में सिंगापुर ओपन में जीतने वाली सिंधू का दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा है. भारतीय खिलाड़ी ने हेन युई के खिलाफ छह में से पांच मुकाबले जीते हैं. सिंधू ने मुकाबले में धीमी शुरुआत की और पहले गेम में 3-7 से पिछड़ गई। भारतीय खिलाड़ी हालांकि वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाने में सफल रही और फिर लगातार सात अंक के साथ पहला गेम जीत लिया. दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली. यू जिन ने ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई और खेल दोबारा शुरू होने पर 14-10 से आगे हो गईं. कोरिया की खिलाड़ी ने अगले नौ में से सात अंक जीतकर मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींचा. निर्णायक गेम में यू जिन ने एक बार फिर अच्छी शुरुआत करते हुए 5-1 की बढ़त बनाई. सिंधू ने स्कोर 6-6 किया और फिर 13-9 की बढ़त बनाई. उन्होंने 16-14 के स्कोर पर लगातार पांच अंक के साथ गेम और मैच अपने नाम किया. अन्य मुकाबलों में मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी को चेन टैंग जेइ और टोह ई वेई की मलेशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी के खिलाफ 9-21 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी, जबकि सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर को पियर्ली टेन और थिनाह मुरलीधरन की मलेशिया की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ महिला युगल में 17-21 11-21 से हार का सामना करना पड़ा.

> **05** अंक के साथ गेम और मैच अपने नाम किया

आईपीएल में बड़े स्कोर बल्लेबाजों के कौशल के कारण बने : अश्विन

एजेंसी । अहमदाबाद

रविचंद्रन अश्विन आईपीएल के मौजूदा सत्र में बड़े स्कोर के लिए सिर्फ इंपेक्ट प्लेयर नियम को कारण नहीं मानते और भारत के इस शीर्ष स्पिनर ने इसका श्रेय बल्लेबाजों के विकास को दिया. अश्विन ने साथ ही गेंदबाजों से अपील की कि वे खेल की मांग को पूरा करने के लिए अपने बल्लेबाजी कौशल पर भी काम करें. मौजूदा सत्र में कुछ शानदार बल्लेबाजी रिकॉर्ड बने. लीग चरण में टीमों ने 41 बार 200 रन के आंकड़े को पार किया जबकि आठ मौकों पर

250 से अधिक रन बने. आईपीएल में रिकॉर्ड 287 रन का टीम स्कोर मौजूदा सत्र में ही बना. अश्विन ने बुधवार को यहां एलिमिनेटर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू पर राजस्थान रॉयल्स की चार विकेट की जीत के बाद जियो सिनेमा से कहा, अगर इंपेक्ट प्लेयर नियम नहीं होता तो भी स्कोर इतने ही अधिक बनते. उन्होंने कहा, मेरे नजरिए से बल्लेबाजों में अब अधिक आत्मविश्वास है और हर जगह पिचों का मानकीकरण किया गया है. अश्विन ने कहा, भविष्य में सभी गेंदबाजों को हिटर बनना होगा क्योंकि हम जानते हैं कि चाहे हम कितनी भी अच्छी गेंदबाजी करें, हमें बल्लेबाजी भी करनी होगी. खेल उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इस नियम की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे देश में हरफनमौला खिलाड़ियों का विकास प्रभावित होगा.

चिन्नास्वामी में विशिष्ट कौशल वाले गेंदबाजों की जरूरत : फ्लावर

अहमदाबाद । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने आईपीएल एलिमिनेटर में हार के साथ अपनी टीम के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद कहा कि चिन्नास्वामी में लगातार टी20 मैच जीतने के लिए केवल तेज गति कभी पर्याप्त नहीं होगी और उनकी टीम को अलग-अलग कौशल वाले गेंदबाजों की जरूरत होगी जो एक विशिष्ट योजना को अंजाम दे सकें. आरसीबी ने टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार छह जीत के साथ एलिमिनेटर के लिए क्वालीफाई किया. टीम ने हालांकि अपने घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी में अधिकांश मैच गंवा दिए.

आवेश की सफलता का मंत्र: अच्छी नींद, अच्छा खाना और अच्छी गेंदबाजी

एजेंसी। अहमदाबाद

खाओ, सोओ, गेंदबाजी करो और दोहराओ. आवेश खान ने सफलता के मंत्र को सरल बना दिया है और इससे उन्हें फायदा हो रहा है जो इस साल के आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए महत्वपूर्ण मैचों के दौरान उनके प्रदर्शन में देखा जा सकता है. आवेश ने अधिकतर सपाट पिच पर खेले गए 15 मैचों में 16 विकेट चटकाए हैं. उन्होंने 9.81 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं और डेथ ओवरों में उनके नियंत्रण ने उन्हें इस बार एक अलग गेंदबाज बना दिया है. बुधवार को आईपीएल

एलिमिनेटर में रॉयल्स की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू पर जीत के दौरान तीन विकेट चटकाने वाले आवेश ने कहा, मैंने अपने क्रिकेट को सरल बना दिया है - मुझे (अच्छी तरह से) सोना है, अच्छी तरह से खाना है और अच्छी तरह से गेंदबाजी करनी है और इसके अलावा और कुछ नहीं है. उन्होंने कहा, क्रिकेट एक सर्कल की तरह है, जितना छोटा रखेंगे, उतना ही बेहतर होगा. आप इस सर्कल को और बढ़ाएंगे तो आपको और अधिक कमियां दिखेंगी. आवेश ने कहा, इसने मेरी जिंदगी भी बदल दी है और मेरे क्रिकेट को भी प्रभावित किया है. टी20 विश्व कप के लिए भारत के रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल 27 वर्षीय इस खिलाड़ी ने बुधवार को खुलासा किया कि पिछले साल आईपीएल के बाद एक व्यस्त घरेलू सत्र के बाद अपनी ताकत और कमजोरियों का विश्लेषण करने से उन्हें खुद के अंदर बेहतर खिलाड़ी को खोजने में मदद मिली.

टी20 विश्व कप भारतीय एकादश में ऋषभ पंत का दावा मजबूत, लेकिन विकल्प की कमी नहीं : पार्थिव पटेल

टीम इंडिया पूरी तरह बैलेंस, स्पिनर करेंगे कमाल का प्रदर्शन

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत के शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की कमी का जिक्र करते हुए विकेटकीपर के लिए ऋषभ पंत का दावा ज्यादा मजबूत बताया. लीजेंड्स इंटरकॉन्टिनेंटल टी20 लीग की घोषणा के लिए यहां पहुंचे पार्थिव ने गुरुवार को कहा टीम में विकल्प की कोई कमी नहीं है और ऐसे में टीम में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल एक साथ खेल सकते हैं.

टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के विकेटकीपर की पहली पसंद के बारे में काफी चर्चा हो रही है क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने शानदार प्रदर्शन किया है. सैमसन ने 15 मैचों में पांच अर्धशतक की मदद से 521 रन बनाये हैं. इस दौरान उनका औसत 52.10 और स्ट्राइक रेट 155.52 का रहा है. उनके शानदार प्रदर्शन के कारण उनकी टीम आईपीएल फाइनल में पहुंचने से एक जीत दूर है. गंभीर कार दुर्घटना की चोट से उबर कर मजबूत वापसी करने वाले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने इस दौरान 13 मैचों में 40.55 की औसत और 155.40 के स्ट्राइक रेट से 446 रन बनाये. उनकी टीम हालांकि प्लेऑफ में पहुंचने में नाकाम रही. पार्थिव ने विश्व कप के लिए भारतीय टीम के विकेटकीपर के बारे में पूछे जाने पर कहा, भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम देखें, तो इसमें कोई शक नहीं कि विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए पंत पहली पसंद होंगे. पार्थिव ने कहा, सैमसन ने काफी रन बनाये हैं लेकिन पंत अलग तरह की विविधता लेकर आते हैं. भारत के शीर्ष क्रम में दायें हाथ के बल्लेबाज ज्यादा हैं ऐसे में बायें हाथ के बल्लेबाजों की जरूरत होगी. आईपीएल में सैमसन तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी कर रहे हैं जबकि पंत ने ज्यादातर मैचों में चौथे या पांचवें क्रम पर बल्लेबाजी की है. पार्थिव ने हालांकि सैमसन को किसी मामले में कम नहीं आंक रहे हैं. उन्होंने कहा, सैमसन के पास विविधता है, वह अभी भले ही तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी कर रहे हो लेकिन वह ऐसे खिलाड़ी है जो निचले क्रम पर भी तालमेल बिठा सकते हैं, हमने इस तरह की भूमिका में उन्हें पहले भी देखा है. उन्होंने कहा, विश्व कप में अभी कुछ समय है, मैं मानता हूं कि शुरुआती मैचों पंत टीम का हिस्सा होंगे.

अगर आपकी अंपायर से सेटिंग है तो फिर आप एकाध बार आउट होने से बच सकते हैं

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय टीम के पूर्व विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने एक बड़ा खुलासा अपने खेल के दिनों के दौरान का किया है. सहवाग ने बताया है कि वे अंपायरों के साथ कैसे सेटिंग करते थे. उन्होंने उस अंपायर और उस मैच का जिक्र भी किया है, जहां उनको आउट नहीं दिया गया था. सहवाग ने बताया कि उनकी सेटिंग सिर्फ इतनी होती थी कि अंपायर को खाने में जो पसंद है, उसको प्रोवाइड कराने में वे मदद करते थे. सहवाग ने फीवर एफएम से बात करते हुए उस मैच का किस्सा बताया, जहां उन्होंने अंपायर को आईसक्रीम खिला कर पटाया था. उन्होंने बताया, एक अंपायर थे इंग्लैंड के डेविड शेफर्ड. उनको आईसक्रीम खाने का शौक था. मैं उनको प्रेग्नेंट मैन कह कर बुलाता था.मैंने मैच में पूछा कि आप चाय एंजॉय कर रहे हैं? इस पर अंपायर ने कहा कि वे चाय नहीं आईसक्रीम खाना पसंद करते हैं. मैंने सुना तो मैं एक ओवर के लिए मैदान से बाहर गया और केटरर को बुलाकर उससे कहा कि जब अंपायर मैच से बाहर जाएं तो उनके कमरे में आईसक्रीम होनी चाहिए. अगर ऐसा नहीं कराया तो मैं पंजाब के प्रेसिडेंट से कहकर तुम्हारा कॉन्ट्रैक्ट कैंसिल करवा दूंगा.

ब्रीफ खबरें

साधु के वेश में ठग ने महिला के उड़ाए जेवरात

नवादा । नवादा जिले के हिसुआ नाला की निवासी एक महिला को सोने-चांदी के आभूषण को दोगुना करने का प्रलोभन देकर गुरुवार को दो ठग लगभग 3 भर जेवरात लेकर फरार हो गये. बताया जा रहा है कि शातिर दोनों ठग साधु के वेश में आए थे. पीड़ित महिला आशा कार्यकर्ता है .पीड़ित महिला ने बताया कि साधु के वेशभूषा में दो व्यक्ति भिक्षा मांगने उनके घर आए. भिक्षा के रूप में वह उसे कुछ रुपये दे रही थी, जिसे वह लेने से इनकार कर दिया और कहने लगा कि मैं कोई भिखारी नहीं ,बल्कि एक साधु हूं.

खेसारी लाल यादव ने किया रोड शो

बेतिया । वाल्मीकीनगर लोकसभा क्षेत्र में भोजपुरी फिल्म अभिनेता खेसारीलाल यादव ने गुरुवार को एनडीए प्रत्याशी सुनील कुमार के पक्ष में रोड शो किया. रोड शो में सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे. लोगों का हुजूम सड़क के अलावा घरों की छतों से खेसारी की एक झलक पाने को बेताब थे. खेसारीलाल यादव ने खुली गाड़ी से ही हाथ हिलाकर लोगों से राजग उम्मीदवार के पक्ष में वोट देने की अपील की. रोड शो के दौरान लगभग आधा किलोमीटर से अधिक दूरी तक लोगों का हुजूम खेसारी के वाहन के साथ चलकर खेसारी को निहारते रहे.

पीओके चाहिए तो चार सौ पार जाना जरूरी

पूर्वी चंपारण । पीएम मोदी दुनिया भर में एक अद्भुत शख्सियत बन कर उभरे हैं. पीओके को भारत मे मिलाना है तो अबकी बार चार सौ पार पर खरा उतरना होगा.उक्त बातें गुरुवार को कोटवा हाई स्कूल के खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कही. उन्होंने कहा कि इस चुनाव में विरोधी पस्त हो चुके हैं. देश में जब तक एनडीए की सरकार रहेगी संविधान और आरक्षण को कोई छू नहीं सकता. 4 जून को एनडीए चार सौ पार जायेगा और इधर पीओके भारत मे आएगा पर उसके लिए 400 सौ से ज्यादा सीटें जीतने की जरूरत है.

चार केस दर्ज, 12 नामजद आरोपी, सीसीटीवी फुटेज जब्त

संवाददाता ।पटना

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में बिहार की 5 लोकसभा सीटों के लिए वोट डाले गए. इस दौरान मंगलवार को सारण के भिखारी ठाकुर चौक पर दो गुटों के बीच हुई फायरिंग में एक युवक की मौत और दो लोग घायल हो गए. मृतक की पहचान चंदन कुमार के रूप में हुई है जबकि घायल की पहचान मनोज राय और गुड्डू राय के रूप में हुई है. गोलीबारी को लेकर बिहार की सियासत गरमा गई. बीजेपी और राजद के नेता एक दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं. इस बीच सारण से राजद की उम्मीदवार रोहिणी आचार्य भी चर्चा में आ गई हैं. इधर, पुलिस भी एक्शन में दिख रही है. अभी तक पुलिस इस मामले में चार प्राथमिकी दर्ज की है. वहीं, मृतक चंदन कुमार के पिता नागेंद्र राय के आवेदन पर पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है.

फरार लोगों की संपत्ति की जा रही कुर्क : सारण जिले में मतदान के बाद मंगलवार को हुई हिंसा के खिलाफ भाजपा की शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में रोहिणी आचार्य का नाम भी शामिल है. पुलिस के अनुसार पुलिस के सामने पेश नहीं हुए 'फरार व्यक्तियों' की संपत्तियों को कुर्क करने की प्रक्रिया संबंधित अधिकारियों द्वारा शुरू कर दी गई है. चुनाव बाद हिंसा मामले में फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है. रोहिणी आचार्य सारण में निवर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी के खिलाफ महागठबंधन की उम्मीदवार हैं. पुलिस ने सारण से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार के प्रतिनिधि मनोज कुमार द्वारा दायर एक ऑनलाइन शिकायत के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की है. अपनी शिकायत में कुमार ने आरोप लगाया कि रोहिणी आचार्य, अपने सात समर्थकों और 50 अज्ञात लोगों के साथ 20 मई को छपरा विधानसभा सीट पर मतदान केंद्र संख्या 318 और 319 पर अवैध/अनियमित गतिविधियों में शामिल थीं. इस बीच राजद के वरिष्ठ नेताओं ने बुधवार को मृतक (चंदन राय) के परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर 10 लाख रूपए सहायता राशि के तौर पर तथा घायल लोगों के इलाज के लिए दो-दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया है.

घटनास्थल के इलाके में अर्धसैनिक बलों का फ्लैग मार्च कराया गया

छपरा चुनावी हिंसा

छपरा में 25 मई तक बढ़ाई गयी इंटरनेट पर बैन : छपरा में पिछले दिनों हुए चुनावी हिंसा में एक की मौत के बाद एहतियात के तौर पर प्रशासन की ओर से इंटरनेट पर लगाये गये प्रतिबंध की अवधि और दो दिनों के लिए बढ़ा दी गई है. छपरा में अब 25 मई तक इंटरनेट सेवा पर पाबंदी रहेगी. इससे पूर्व गृह विभाग ने पहले 23 मई तक ही इंटरनेट सेवा बाधित रखने का निर्देश दिया था.

जांच के लिए राबड़ी आवास पहुंची एसआईटी

पटना । छपरा में चुनावी रंजिश में दो गुटों के बीच हुई झड़प और गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत मामले की जांच जारी है. बुधवार को मृतक के पिता ने नगर थाने में 11 नामजद व अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करायी है. वहीं राजद और भाजपा के कई समर्थकों पर केस दर्ज किया जा चुका है. इस मामले की जांच करने के लिए अब एसआईटी की टीम पटना स्थित राबड़ी आवास पहुंची. छपरा में मतदान के दौरान हुए दो गुटों के विवाद ने बड़ा रूप ले लिया और अगले दिन हिंसा की घटना घटी थी. भाजपा और राजद के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए. इस दौरान फायरिंग भी की गयी जिसमें एक की मौत हो गई थी.

सपरिवार बोधगया पहुंचे सीएम मोहन यादव, की पूजा-अर्चना

गया । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सपरिवार बोधगया पहुंचकर भगवान बुद्ध की विशेष पूजा-अर्चना की. गया एयरपोर्ट से महाबोधि मंदिर तक उनके पहुंचने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी. महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध के समक्ष पूजा के बाद वे मंगलागौरी मंदिर और विष्णुपद मंदिर भी जाएंगे, जहां करने के बाद वे देवघर के लिए प्रस्थान करेंगे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मैं बोधगया आकर अपने आपको धन्य मानता हूं. आतंक और उथल-पुथल के दौर में भगवान बुद्ध ने अहिंसा की जो भावना फैलाई थी वह आज भी प्रासंगिक है.

सीवान की चुनावी जनसभा में गरजे चिराग और लेसी सिंह, बोले-

मोदी के पीएम बनने का रास्ता साफ हुआ

संवाददाता ।सीवान

सीवान संसदीय क्षेत्र की लोकसभा प्रत्याशी विजय लक्ष्मी देवी के पक्ष में चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया. एनडीए के कई नेता इस जनसभा में पहुंचे. लोजपा (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, मंत्री मंगल पांडे और जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा व मंत्री लेसी सिंह भी खूब गरजे. उनके निशाने पर लालू परिवार और शहाबुद्दीन की पत्नी हेना शहाब रहीं. चिराग पासवान ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने को रास्ता साफ हो गया है. एनडीए की सरकार में देश व बिहार काफी तेजी से तरक्की कर रहा है.

चिराग ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान पर है, केंद्र में तीसरी बार सरकार बनने पर इसे तीसरे स्थान पर लाने से कोई नहीं रोक सकता है. लोजपा नेता ने कहा कि मोदी जी के पीएम बनने पर आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाएं चलती रहेंगी. वहीं चिराग ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना कर आरक्षण के दायरे को बढ़ाया है. साथ ही, बिहार को अपराधमुक्त किया है. 90 के दशक में लाठी में तेल पिलाने वाले लोग अब किसानों की जमीन-जायदाद छीनने की बात कह रहे हैं. जब तक चिराग पासवान जिंदा है, न संविधान को कोई खतरा है न आरक्षण में कोई बदलाव होगा.

वहीं, जदयू के प्रदेशाध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कांग्रेस व राजद पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि एक युवराज दिल्ली में हैं तो दूसरा युवराज पटना में हैं. इन परिवारवादियों से हमें सावधान रहने की जरुरत है. ये देश-प्रदेश की भलाई की जगह परिवार का हित चाहते हैं. ऐसे में हमें किसी बहकावे में आने की जरुरत नहीं है. जदयू नेता पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा ने सीवान की पूर्व स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि सीवान को प्रगति के पथ ले जाने के लिए एनडीए प्रत्याशी को जिताने की आवश्यकता है.

वहीं मंत्री लेसी सिंह ने पूर्व सांसद दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी व निर्दलीय प्रत्याशी बनकर मैदान में उतरी हेना शहाब को बहुरूपिया बताते हुए कहा कि वह भगवा के नाम पर धोखा दे रही है. चुनाव जीतने के लिए भगवाधारी एजेंडा फैला रही है. उन्होंने एनडीए प्रत्याशी विजय लक्ष्मी देवी को विजयी बनाकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करने की अपील की. नहीं तो फिर से सीवान में अपराध व जंगल राज को आने से कोई रोक नहीं पायेगा.

पाटलिपुत्र में राबड़ी ने शुरू किया प्रचार अभियान

पटना । लोकसभा चुनाव 2024 में सारण में मतदान संपन्न होने के बाद अब लालू परिवार पाटलिपुत्र सीट पर वोटरों को गोलबंद करने के लिए चुनाव प्रचार में जोर लगा रहा है. मीसा भारती की मां पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने पाटलिपुत्र में अपनी बेटी मीसा भारती के पक्ष में चुनाव प्रचार अभियान गुरुवार को शुरू कर दिया. राबड़ी जनता के बीच जाकर महागठबंधन की ओर से राजद की प्रत्याशी अपनी बेटी मीसा भारती को वोट देने की अपील की.

तेजस्वी और सहनी ने हेलीकॉप्टर में केक काटा

पटना । राजद नेता तेजस्वी यादव और वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी एक साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं. लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार में लगे दोनों नेताओं ने जब हेलीकॉप्टर में बैठकर मछली खायी थी तो ये मुद्दा बन गया था. एनडीए नेताओं ने मुकेश सहनी और तेजस्वी यादव को लोगों को दिखाकर मछली खाने के मुद्दे पर घेरा था. वहीं अब महागठबंधन के दोनों नेताओं का एक और वीडियो सामने आया है जिसमें मुकेश सहनी तेजस्वी यादव को सरप्राइज दे रहे हैं और 200 जनसभा पूरा करने की खुशी में उनसे केक कटवा रहे हैं. एनडीए नेताओं ने इसपर भी अब तंज कसा है.

बीजेपी नेता अनिल शर्मा को जान से मारने की मिली धमकी

संवाददाता ।पटना

महाराजगंज संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के पक्ष में विगत कई दिनों से कैंप कर चुनाव प्रचार करने वाले प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता अनिल कुमार शर्मा को गुरुवार को धमकी मिली है. कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रसाद सिंह पुत्र आकाश सिंह के समर्थकों ने उनके मोबाइल पर कॉल कर चुनाव प्रचार छोड़कर अविलंब क्षेत्र से बाहर चले जाने और जान से हाथ धोने की धमकी दी है. अनिल कुमार शर्मा ने यह आरोप लगाया है. इसको लेकर अनिल शर्मा ने महाराजगंज संसदीय क्षेत्र के एकमा थाने में एफआईआर दर्ज करवाया है. पुलिस इस मामले की छानबीन में जुट गई है.

सीतामढ़ी में बदमाशों ने युवक को मारी गोली, मौके पर ही मौत

संवाददाता ।सीतामढ़ी

सीतामढ़ी के भुतही थाना क्षेत्र में गुरुवार को बदमाशों ने दिनदहाड़े एक व्यक्ति की हत्या कर दी. बदमाशों ने दोपहर में एक युवक को टेंपो से उतार कर गोली मार दी. इतना ही नहीं, दबिया से गर्दन और सिर पर प्रहार भी किया. युवक की मौके पर ही मौत हो गई. यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है. बदमाशों के दिनदहाड़े घटना को अंजाम दिए जाने के बाद लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश देखने को मिल रहा है. वहीं, यह मामला पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है. घटना जिले के भुतही थाना क्षेत्र के फतहपुर और बेला गांव के बीच एनएच 77 की है. जहां दोपहर में 26 वर्षीय एक युवक की गोली मारकर बदमाशों ने हत्या कर दी. जानकारी के अनुसार युवक टेंपो से सोनबरसा से सीतामढ़ी की ओर जा रहा था. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है.

कारोबार

इंडिगो का चौथी तिमाही का मुनाफा हुआ दोगुना

नयी दिल्ली । देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन का मार्च, 2024 में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 1,894.8 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी. एयरलाइन को एक साल पहले की समान तिमाही में 919.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था. पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनी कुल आय 14,600.1 करोड़ रुपये से बढ़कर 18,505.1 करोड़ रुपये हो गई.

आईटीसी का लाभ घट कर 5,191 करोड़ हुआ

नयी दिल्ली । विविध कारोबार से जुड़ी आईटीसी लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में मामूली घटकर 5,190.71 करोड़ रुपये रहा है. आईटीसी ने गुरुवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी. इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी ने 5,242.59 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था. कंपनी की परिचालन आय 2023-24 की चौथी तिमाही में दो प्रतिशत बढ़कर 19,446.49 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 19,058.29 करोड़ रुपये थी.

स्टरलाइट को शेयर धारकों की मिली मंजूरी

नयी दिल्ली । स्टरलाइट पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड ने गुरुवार को कहा कि उसे अपने बिजली पारेषण कारोबार को अलग करने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है. अलग किए गए पारेषण बुनियादी ढांचे को स्टरलाइट ग्रिड 5 लिमिटेड के तहत रखा जाना है जबकि स्वतंत्र वृद्धि रणनीतियों पर चलने के लिए वैश्विक उत्पाद एवं विशेष ईपीसी सेवाएं एसपीटीएल के तहत बनी रहेंगी. एसपीटीएल बिजली पारेषण से संबंधित बुनियादी ढांचा विकास और जीपीएस कारोबार से जुड़ी अग्रणी निजी कंपनी है. कंपनी ने बयान में कहा, स्टरलाइट पावर को पारेषण कारोबार एसपीटीएल से अलग करने के लिए हितधारकों की मंजूरी मिल गई है.

सेंसेक्स 1200 निफ्टी 370 अंकों के उछाल के साथ रिकॉर्ड हाई पर बंद

4 लाख करोड़ रुपये बढ़ी निवेशकों की संपत्ति

एजेंसी ।मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से रिकॉर्ड लाभांश भुगतान की मंजूरी दिए जाने के बीच गुरुवार को बैंक, पेट्रोलियम एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए. बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही सूचकांकों ने 1.6 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई और नए रिकॉर्ड के साथ बंद हुए.

बीएसई के 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स ने 29 जनवरी के बाद की अपनी सबसे ऊंची छलांग लगाई और 1,196.98 अंक के लाभ के साथ यह 75,418.04 अंक के अपने अबतक के सबसे ऊंचे मुकाम पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 1,278.85 अंक यानी 1.72 प्रतिशत बढ़कर 75,499.91 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर भी गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी इस जबर्दस्त तेजी का फायदा उठाते हुए नया रिकॉर्ड बनाया. निफ्टी 369.85 अंक यानी 1.64 प्रतिशत बढ़कर 22,967.65 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ. दिन में कारोबार के दौरान यह 395.8 अंक यानी 1.75 प्रतिशत उछलकर 22,993.60 के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था.

वाहन क्षेत्रों के शानदार प्रदर्शन से सूचकांक ने बनाई बढ़त : जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बैंक एवं वाहन क्षेत्रों के शानदार प्रदर्शन से मानक सूचकांक ने रिकॉर्ड बढ़त बनाई. आरबीआई का रिकॉर्ड लाभांश भुगतान एक अप्रत्यक्ष कर कटौती के समान है और बॉन्ड प्रतिफल घटने की उम्मीद है. रिजर्व बैंक ने बुधवार को कहा था कि वह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार को रिकॉर्ड 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देगा जो बजटीय अनुमान से भी दोगुना है. सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए. दूसरी तरफ सन फार्मा, पावरग्रिड और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट रही. एक्सिस सिक्योरिटीज के प्रमुख नीरज चदावर ने कहा, रिकॉर्ड लाभांश भुगतान को आरबीआई की मंजूरी के बाद शेयर बाजार में उत्साह था. यह बेहतर राजकोषीय स्थिति और नरम बॉन्ड प्रतिफल की ओर इशारा करता है.

वाहन खंड में सर्वाधिक 2.28% की बढ़त हुई

क्षेत्रवार सूचकांकों में वाहन खंड में सर्वाधिक 2.28 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि पूंजी उत्पाद खंड में 2.13 प्रतिशत और बैंकिंग खंड में 1.98 प्रतिशत की तेजी रही. एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि निफ्टी में प्रतिशत अंक के संदर्भ में पिछले छह महीनों की सबसे बड़ी तेजी 23 मई को देखी गई. इस तेजी के बीच एनएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पांच लाख करोड़ डॉलर पर पहुंच गया. एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट पर रहे. यूरोप के अधिकांश बाजार दोपहर के कारोबार में बढ़त में थे. अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को नकारात्मक दायरे में बंद हुए थे. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.33 प्रतिशत चढ़कर 82.17 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया. शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 686.04 करोड़ रुपये के शेयर बेचे.

इंडिगो इस साल अपनी उड़ानों में 'बिजनेस श्रेणी' सेवा की शुरुआत करेगी

नयी दिल्ली । देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने इस साल व्यस्त हवाई मार्गों पर अपनी उड़ानों में 'बिजनेस श्रेणी' की सेवाएं शुरू करने की घोषणा की है. इंडिगो ने गुरुवार को बयान में इसकी जानकारी दी. विमानन कंपनी ने कहा कि अगस्त में उसकी 18वीं वर्षगांठ के आसपास इससे जुड़े ब्योरे और उद्घाटन की तारीख एवं मार्गों के बारे में बताया जाएगा. इंडिगो ने कहा, भारत में व्यावसायिक यात्रा को फिर से परिभाषित करने के एक अभूतपूर्व कदम के तहत सबसे व्यस्त और व्यावसायिक मार्गों के लिए एक विशेष व्यावसायिक उत्पाद पेश करने की योजना की घोषणा की जा रही है. इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने बयान में कहा कि एयरलाइन लगातार नई सेवा पेशकशों पर विचार कर रही है. एल्बर्स ने कहा, भारत जिस तरह दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी कर रहा है, नए भारत को यात्रा व्यवसाय में चयन के अधिक विकल्प देना हमारा सौभाग्य है. हम इस नए दौर को लेकर रोमांचित हैं और लोगों एवं आकांक्षाओं को जोड़कर देश को पंख देना हमारी रणनीति एवं उद्देश्य है.

आईटीसी ने शेयर बाजार को दी जानकारी

चौथी तिमाही में मामूली गिरावट के साथ 5,190.71 करोड़ हुआ लाभ

एजेंसी ।नयी दिल्ली

विविध कारोबार से जुड़ी आईटीसी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मामूली गिरावट के साथ 5,190.71 करोड़ रुपये रहा है. कंपनी ने पिछले साल जनवरी-मार्च तिमाही में 5,242.59 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था. आईटीसी ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी की परिचालन आय वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में दो प्रतिशत बढ़कर 19,446.49 करोड़ रुपये रही, जो 2022-23 की इसी तिमाही में 19,058.29 करोड़ रुपये थी. पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 6.54 प्रतिशत बढ़कर 20,751.36 करोड़ रुपये हो गया. वित्त वर्ष 2022-23 में यह 19,476.72 करोड़ रुपये था. परिचालन आय मामूली रूप से बढ़कर 76,840.49 करोड़ रुपये हो गई जो 2022-23 में 76,518.21 करोड़ रुपये थी.

फिल्म प्रमोशन

अभिनेत्री जान्हवी कपूर अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रमोशन के दौरान जयपुर में.

दिल्ली-एनसीआर रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक की नई रिपोर्ट में मिली नई जानकारी

खाली पड़े मकानों की संख्या छह साल में 57% घटी

- दक्षिणी शहरों में बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में खाली पड़े घरों की संख्या घटकर 2024 की पहली तिमाही में 1.76 लाख इकाई रह गई

एजेंसी ।नयी दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में खाली पड़े (बिना बिके) मकानों की संख्या छह साल में 57 प्रतिशत घटकर 86,420 रह गई है. यह आंकड़ा मार्च तिमाही के अंत तक का है. रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक की नई रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बिना बिके मकानों की घटकर 86,420 हो गई जो मार्च, 2018 के अंत में 2,00,476 इकाई थी. इसी अवधि में दक्षिणी शहरों बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में खाली पड़े घरों की संख्या घटकर 2024 की पहली तिमाही में 1.76 लाख इकाई रह गई.

2018 की पहली तिमाही में यह 1.96 लाख इकाई थी. एनारॉक के वाइस चेयरमैन संतोष कुमार ने कहा, एनसीआर बाजार के लिए जो चीज वास्तव में काम आई, वह नई आपूर्ति को नियंत्रण में रखने के लिए डेवलपर का दृढ़ संकल्प था. एनारॉक के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि एनसीआर में 2018 की पहली तिमाही से 2024 की पहली तिमाही के बीच करीब 1.81 लाख इकाइयों की नई पेशकश देखी गई.

आंकड़ों के अनुसार, गुरुग्राम में बिना बिके मकानों की संख्या 53,136 इकाई से घटकर 33,326 इकाई हो गई. नोएडा में 25,669 इकाइयों से 71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,451 इकाइयां रह गईं. ग्रेटर नोएडा में 61,628 इकाइयों के मुकाबले 70 प्रतिशत गिरकर 18,668 इकाई और गाजियाबाद में 37,005 इकाइयों से 70 प्रतिशत घटकर 11,011 इकाई रही. फरीदाबाद, दिल्ली और भिवाड़ी में संयुक्त रूप से मार्च 2018 के अंत के 23,038 इकाइयों से 31 मार्च, 2024 तक इनकी संख्या 31 प्रतिशत घटकर 15,964 इकाई रह गई. आंकड़ों पर क्रिसुमी कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन ने कहा कि विशेष रूप से दिल्ली-एनसीआर में बिना बिकी मकानों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई. यह हाल के वर्षों में मजबूत मांग का संकेत है. जैन ने कहा, आवास की उच्च मांग आधुनिक, शानदार और एकीकृत जीवन शैली चाहने वालों द्वारा प्रेरित है. गौड़ समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनोज गौड़ ने आवासीय संपत्तियों की उच्च मांग को इसकी प्रमुख वजह बताया. उन्होंने कहा, वर्तमान में आपूर्ति और मांग का अंतर स्वस्थ स्तर पर बना है.

गुरुवार को 7,956 लॉट का कारोबार हुआ

कमजोर मांग से सोना वायदा कीमतों में 731 रुपये की गिरावट

एजेंसी ।नयी दिल्ली

कमजोर हाजिर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में गुरुवार को सोने की कीमत 731 रुपये की गिरावट के साथ 72,315 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 731 रुपये की गिरावट के साथ 72,315 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. इसमें 7,956 लॉट का कारोबार हुआ. बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण सोना वायदा कीमतों में गिरावट आई. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 1.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,387 डॉलर प्रति औंस रह गया.

वहीं, कमजोर हाजिर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से गुरुवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 1,983 रुपये की गिरावट के साथ 91,030 रुपये प्रति किग्रा रह गया.

ब्रीफ खबरें

पॉलिटेक्निक के छात्र की गला काटकर हत्या

सहारनपुर (उप्र) । सहारनपुर जिले के नागल क्षेत्र में पैथालॉजी लैब में काम करके लौट रहे पॉलिटेक्निक के एक छात्र की गला काटकर हत्या कर दी गई. अपर पुलिस अधीक्षक सागर जैन ने गुरुवार को बताया कि छात्र गौरव एक पैथोलॉजी लैब में नौकरी भी करता था. उन्होंने बताया कि बुधवार की रात को वह लैब में अपनी ड्यूटी खत्म करके घर लौट रहा था. देर तक घर नहीं पहुंचने पर उसकी तलाश शुरू की गयी. जैन ने बताया कि देर रात घर से करीब चार किमी दूर सड़क किनारे उसका शव पाया गया.

चीनी सेना ने 'दंड' अभ्यास शुरू किया

बीजिंग/ताइपे । चीन की सेना ने गुरुवार को ताइवान के चारों तरफ दो दिवसीय व्यापक दंड अभ्यास शुरू किया. इसमें उसकी सेना, नौसेना, वायु सेना और रॉकेट बल भाग ले रहे हैं. चीन ने यह अभ्यास ऐसे वक्त में किया है जब स्व-शासित द्वीप ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने देश पर चीन की संप्रभुता के दावे को अस्वीकार किया है. सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, चीन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पूर्वी थिएटर कमान ने गुरुवार सुबह ताइवान द्वीप के आसपास संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया.

दक्षिण कोरिया, चीन व जापान करेंगे बैठक

सियोल। दक्षिण कोरिया, चीन और जापान के नेता साल 2019 के बाद अपनी पहली त्रिपक्षीय वार्ता के लिए अगले सप्ताह सियोल में बैठक करेंगे. दक्षिण कोरिया की मीडिया ने यह जानकारी दी. योन्हाप समाचार एजेंसी ने गुरुवार को बताया कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल, चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के बीच त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन सोमवार को सियोल में होगा. दक्षिण कोरिया के अन्य मीडिया संस्थानों ने देश के राष्ट्रपति कार्यालय का हवाला देते हुए यही खबर प्रकाशित की.

पुणे में नाव पलटने से डूबे पांच के शव मिले

पुणे । महाराष्ट्र के पुणे जिले में उजनी बांध के पास एक नौका के पलट जाने से डूब गए छह लोगों में से पांच के शव गुरुवार सुबह निकाल लिये गये. पुलिस ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम को तेज हवा और बारिश के दौरान कुगाव से कलाशी गांव की ओर जा रही नाव दुर्घटना का शिकार हो गई थी. नाव में कुल सात लोग सवार थे. इंदापुर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया, हमने पांच शव निकाल लिए हैं जो दो पुरुष, एक महिला और दो बच्चों के हैं.

ईडी ने धोखाधड़ी मामले में 5वीं गिरफ्तारी की

नयी दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 263 करोड़ रुपये की आयकर रिफंड धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में पांचवीं गिरफ्तारी की है. एजेंसी ने पुरुषोत्तम चव्हाण को 20 मई को गिरफ्तार किया गया. इससे एक दिन पहले चव्हाण के परिसर पर छापेमारी की गई थी. एजेंसी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि, चव्हाण को 27 मई तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया है. यह जांच आयकर विभाग से कथित रूप से 263.95 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी वाले टीडीएस रिफंड जारी करने से संबंधित है.

प्रियंका ने कुमारी शैलजा के लिए रोड शो किया

भाषा । सिरसा (हरियाणा)

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में सिरसा से पार्टी उम्मीदवार कुमारी शैलजा के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए गुरुवार को एक रोड शो किया. यह रोड शो लगभग एक घंटे तक चला. इस दौरान प्रियंका ने शैलजा और हरियाणा की पूर्व मंत्री किरण चौधरी के साथ एक खुले वाहन में खड़े होकर लोगों का अभिवादन किया. यह हरियाणा में उनका पहला ऐसा चुनावी कार्यक्रम था. पार्टी के झंडे लेकर चल रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद' के नारे लगाए और प्रियंका पर फूलों की वर्षा की. यह रोड शो लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले हुआ.

पीएम नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ की रैली में कहा-

पांच साल में पांच पीएम की बात कर रहे 'इंडिया' गठबंधन वाले

भाषा । महेंद्रगढ़ (हरियाणा)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दावा किया कि 'इंडिया' गठबंधन अगले पांच साल में पांच प्रधानमंत्री की बात कर रहा है. साथ ही उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि गाय के दूध देने से पहले ही उसके घटक दलों में 'घी' को लेकर लड़ाई शुरू हो गई है. सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार खत्म होने से कुछ घंटे पहले मोदी ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक रैली में कहा कि जब तक वह जीवित हैं, दलितों और आदिवासियों का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता.

उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, ये चुनाव देश का प्रधानमंत्री चुनने का चुनाव है. लेकिन आप सिर्फ प्रधानमंत्री नहीं चुनेंगे, बल्कि देश का भविष्य भी चुनेंगे. एक ओर आपका जांचा-परखा सेवक मोदी है. वहीं दूसरी ओर कौन है, इसका अता-पता ही नहीं है. 'इंडिया' गठबंधन में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम सहित कुछ अन्य विपक्षी दल शामिल हैं.

मोदी ने 'इंडिया' गठबंधन को 'घोर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी' करार देते हुए कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उसने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं होने दिया. उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, इंडी अलायंस वालों का हाल तो ऐसा है कि गाय ने दूध दिया नहीं, लेकिन घी खाने के लिए इंडी वालों में झगड़ा शुरू हो गया. अब ये लोग कह रहे हैं कि हर साल एक आदमी भारत का प्रधानमंत्री बनेगा. 5 साल, 5 पीएम! आप मुझे बताइए, ऐसे देश चलेगा क्या? ये लोग देश को फिर से गड्ढे में धकेलना चाहते हैं. हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा.

कांग्रेस इस बार 40 सीटें भी नहीं जीतेगी : अमित शाह

सिद्धार्थनगर (उप्र) । केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के शुरुआती पांच चरणों में भाजपा को 310 सीटें मिलने का दावा करते हुए गुरुवार को कहा कि इस बार कांग्रेस 40 सीटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पायेगी और सपा को चार सीटें भी नसीब नहीं होंगी. शाह ने डुमरियागंज से मौजूदा सांसद और भाजपा उम्मीदवार जगदंबिका पाल के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा में दावा करते हुए कहा, लोकसभा चुनाव के शुरुआती पांच चरणों में मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) 310 सीटें जीत चुके हैं. इंडी गठबंधन का सूपड़ा साफ हो गया है. उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस इस बार 40 सीटें भी पार नहीं कर पाएगी और अखिलेश जी (सपा प्रमुख अखिलेश यादव) को चार सीटें भी नसीब नहीं होंगी. शाह ने विपक्ष के इंडिया गठबंधन पर तंज करते हुए कहा, विपक्ष घमंडिया गठबंधन बनाकर आगे बढ़ा है. मैं आज यहां से राहुल बाबा (कांग्रेस नेता राहुल गांधी) से पूछना चाहता हूं कि वैसे तो दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है क्योंकि मोदी जी ही पीएम बनने वाले हैं, मगर देश की जनता जानना चाहती है कि अगर आपको बहुमत मिलता है तो आपका प्रधानमंत्री कौन होगा?

बांग्लादेश : सांसद की हत्या का मामला

दोस्त ने हत्या के लिए 5 करोड़ की दी थी सुपारी : सीआईडी

एजेंसी । कोलकाता

बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उनके एक दोस्त ने उनकी (सांसद) हत्या के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी. बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने बुधवार को कहा था कि 13 मई से कोलकाता में लापता अनार की हत्या हुई है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पश्चिम बंगाल पुलिस ने कहा था कि मामले की जांच राज्य सीआईडी कर रही है. अधिकारी ने पीटीआई को बताया, यह एक सुनियोजित हत्या थी. सांसद के एक पुराने मित्र ने उन्हें मारने के लिए भारी रकम (लगभग पांच करोड़ रुपये) का भुगतान किया था. उन्होंने कहा, अवामी लीग के सांसद का दोस्त अमेरिकी नागरिक है और उसके पास कोलकाता में एक फ्लैट है.

फाइल फोटो

नंदीग्राम में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या पर पार्टी ने किया प्रदर्शन

कोलकाता । पश्चिम बंगाल में पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता की हत्या किए जाने के बाद गुरुवार को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया. नंदीग्राम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने वाहनों के टायर जला दिए, सड़कें अवरुद्ध कीं और दुकानों के शटर गिरा दिए. साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सोनाचूरा गांव में भाजपा की 38 वर्षीय कार्यकर्ता रथिरानी अरी की टीएमसी समर्थित अपराधियों ने हत्या की है. भाजपा के एक स्थानीय नेता ने बताया कि पार्टी ने पहले नंदीग्राम में बंद का आह्वान किया था, लेकिन बाद में इस फैसले को वापस ले लिया. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार देर रात मोटरसाइकिल पर आए अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने अरी की हत्या कर दी थी और कुछ लोगों को घायल कर दिया था.

चीन के हार्बिन शहर की इमारत में विस्फोट, महिला की मौत

बीजिंग । उत्तर-पूर्वी चीन के हार्बिन शहर में एक इमारत में गुरुवार सुबह हुए एक विस्फोट में एक महिला की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए. सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी. हार्बिन चीन के उत्तर-पूर्वी प्रांत हेइलोंगजियांग की राजधानी है. सोशल मीडिया में जारी वीडियो में हार्बिन में पांच मंजिला इमारत का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त नजर आ रहा है और एक मकान की बालकनी विस्फोट से पूरी तरह उड़ गई. अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट एक नेचुरल गैस टैंक से होने का संदेह है. जिमू न्यूज के अनुसार विस्फोट से एक महिला की मौत हो गई वहीं तीन लोग घायल हो गए. इंटरनेट पर सामने आए एक वीडियो में एक व्यक्ति को एंबुलेंस से ले जाते हुए देखा जा सकता है.

राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को वोट दूंगी : निक्की हेली

वाशिंगटन । भारतीय अमेरिकी निक्की हेली ने बुधवार को कहा कि वह अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के लिए मतदान करेंगी. संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत हेली ने वाशिंगटन में हडसन इंस्टीट्यूट में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, मैं ट्रंप को वोट दूंगी. हेली ने कहा, मैंने जो पहले कहा था मैं उस पर कायम हूं. मैंने अपने निलंबन भाषण में जो कहा था मैं उस पर कायम हूं. मुझे लगता है कि ट्रंप उन लाखों लोगों तक पहुंचेंगे जिन्होंने मुझे वोट दिया और मेरा समर्थन करना जारी रखा. उन्होंने कहा, एक मतदाता के रूप में मैं अपनी प्राथमिकताएं ऐसे राष्ट्रपति पर छोड़ती हूं जो हमारे सहयोगियों का समर्थन करेगा.

हरियाणा बेरोजगारी के मामले में नंबर एक क्यों, पीएम बताएं

भाषा । नयी दिल्ली

कांग्रेस ने हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा का हवाला देते हुए गुरुवार को राज्य से जुड़े कुछ विषयों को लेकर सवाल उठाए और कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि यह प्रदेश बेरोजगारी के मामले में नंबर एक क्यों हैं? पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि क्या प्रधानमंत्री और भाजपा ने कभी हरियाणा के युवाओं के लिए बेहतर अवसर पैदा करने की कोई योजना बनाई है?

पेज 01 का शेष...

आये थे हरिभजन को ओटन लगे कपास ...

दरअसल जो खबरें तैर रही हैं, उनके मुताबिक केजरीवाल अपने वर्तमान संकटमोचक अभिषेक मनु सिंघवी को राज्ससभा भेजने के लिए बेचैन हैं. उन्होंने मालीवाल से कहा था कि वह राज्यसभा से इस्तीफा दे दें और पंजाब से हरभजन सिंह की सीट खाली होते ही उन्हें पुनः राज्यसभा भेज दिया जाएगा. मालीवाल इसके लिए तैयार नहीं थी. इस मुद्दे पर विमर्श के लिए वह सीएम आवास गई थीं और बवाल हो गया. केजरीवाल हमेशा हड़बड़ी में रहते हैं. वह शीला दीक्षित को हराने के बाद मोदी को हराने वाराणसी पहुंच गये थे. प्रधानमंत्री बनने की लालसा में खुद को मोदी का विकल्प बताने लगे. येन-केन-प्रकारेण धन संग्रह कर पूरे देश की राजनीति पर छा जाने का षडयंत्र रचने लगे और इसी क्रम में जेल चले गये. सुप्रीम कोर्ट ने उन पर विशेष कृपा बरसाते हुए चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दे दी, लेकिन वह प्रचार कम अप्रचार में लग गये. भाजपा मुख्यालय घेरने चले गये, इस मांग के साथ कि हमारे सभी नेताओं, सांसदों, विधायकों को गिरफ्तार कर लीजिए. जाहिर है, वहां पुलिस की तैनाती थी. लेकिन लोग जुटे ही नहीं और तमाशा हुआ ही नहीं. ये लेकिन ईश्वर जिस प्रकार उन पर कृपा बरसा रहे हैं, उनके दूसरे संगी साथियों की गिरफ्तारी भी हो सकती है. अभी तो फॉरेन फंडिग का नया मामला मुंह बाये खड़ा है जो बची-खुची साख भी लील जाएगा. ईडी ने निचली अदालत में न केवल केजरीवाल, बल्कि आम आदमी पार्टी के भी खिलाफ सबूत के साथ पूरक चार्जशीट फाइल कर दी है. यदि वह यह साबित करने में सफल हो जाती है कि पार्टी के विस्तार और चुनाव खर्च के लिए शराब घोटाला किया गया, तो यकीनन केजरीवाल की पार्टी की मान्यता ही खत्म हो जाएगी और वह लंबे समय तक जेल में रहने के लिए अभिशप्त हो जाएंगे. अच्छा होता कि वह शीर्ष अदालत से मिले अनुदानित समय का लाभ उठाते, चुनाव प्रचार करते और मालीवाल के विवाद को उनके घर पहुंच कर समझा बुझा कर शांत कर देते. लेकिन वह हैं परले दर्जे के अहंकारी और बिगड़ैल. इसी का नतीजा है कि कई अच्छे लोग उन्हें छोड़ गये हैं और कुछ छोड़ रहे हैं. कहीं ऐसा निर्लज्ज नेता देखा है आपने. यह अपने घर बुला कर मुख्य सचिव को पिटवाता है. अपने ड्राइंग रूम में महिला सांसद को पिटवाता है और केवल गलथेथरई करता है. ये आये थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास और उस कपास के गुच्छे उनके चेहरे पर चिपक कर उन्हें बंदर बना चुके हैं जो गुलाटियां खा रहा है, लोग हंस रहे हैं और तालियां बजा रहे हैं.

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शुरू किया चुनाव प्रचार

लंदन । ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के सहयोगियों तथा विपक्षी दल लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने गुरुवार को आम चुनाव के लिए उत्साहपूर्वक प्रचार प्रारंभ किया. सुनक ने देश में महज छह सप्ताह बाद चार जुलाई को आम चुनाव कराने की घोषणा एक दिन पहले ही की थी. भारतीय मूल के नेता सुनक (44) ने बुधवार शाम बारिश के बीच 10 डाउनिंग स्ट्रीट की सीढ़ियों से अपने भाषण से देश के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी. प्रधानमंत्री ने चुनाव के लिए स्पष्ट योजना, साहसिक कदम, सुरक्षित भविष्य का नारा दिया है. उन्होंने पूर्वी लंदन में एक प्रचार कार्यक्रम की शुरुआत की. उन्होंने कहा, अगले कुछ सप्ताह तक मैं प्रत्येक वोट के लिए संघर्ष करूंगा.

बंधक महिला सैनिकों से बोले हमास आतंकी

तुम सबको गोली मार देंगे

एजेंसी । नयी दिल्ली

इजरायल ने 7 अक्टूबर के हमले के दौरान हमास आतंकवादियों द्वारा सात महिला इजरायली सैनिकों के अपहरण का एक ग्राफिक फुटेज शेयर किया है. वीडियो बंधक परिवार फोरम द्वारा जारी किया गया था. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 3 मिनट का वीडियो शेयर करते हुए इजरायल ने कहा, उन्हें हमास के आतंकवादियों ने 230 दिनों (8 महीने) से अधिक समय तक बंधक बनाकर रखा है. सोचिए कि इन युवा महिलाओं के लिए इसका क्या मतलब है. पांच महिला सैनिकों का कथित तौर पर नाहल ओज बेस से अपहरण कर लिया गया था. टाइम्स ऑफ इजरायल की एक रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों द्वारा पहने गए बॉडी कैमरों में कैद किए गए भयावह फुटेज से लिरी अल्बाग, करीना एरिएव, अगम बर्जर, डेनिएला गिल्बोआ और नामा लेवी के अपहरण का पता चला है. वीडियो में, पांच महिलाएं हमास आतंकवादियों के सामने एक दीवार के पास खड़ी दिखाई दे रही हैं. उनके हाथ बंधे हुए हैं और कुछ के चेहरे पर खून लगा हुआ है. वीडियो में आतंकवादियों में से एक को महिलाओं की ओर इशारा करते हुए और कहते हुए देखा जा सकता है.

चिदंबरम बोले

'अग्निपथ' पर निर्देश देने के मामले में निर्वाचन आयोग का आदेश गलत

नयी दिल्ली । कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने गुरुवार को कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा उनकी पार्टी को अग्निपथ योजना का राजनीतिकरण नहीं करने निर्देश देना पूरी तरह गलत है. सरकार की नीति की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है. चिदंबरम ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस पार्टी को अग्निपथ योजना का राजनीतिकरण न करने का निर्देश देकर गलत किया है. उनका कहना था, राजनीतिकरण का क्या मतलब है? क्या आयोग का तात्पर्य आलोचना करने से है? अग्निवीर एक योजना है, सरकार की नीति का एक परिणाम है. सरकार की नीति की आलोचना करना एक विपक्षी राजनीतिक दल का अधिकार है.

पुणे कार हादसा

आरोपी किशोर को निगरानी केंद्र भेजा गया

पुणे । पुणे के कल्याणी नगर में तेज रफ्तार कार से दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कुचलने के आरोपी 17 वर्षीय किशोर को किशोर न्याय बोर्ड के आदेश पर निगरानी केंद्र भेजा गया है. अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में इस निगरानी केंद्र में 30 से अधिक नाबालिग हैं. कल्याणी नगर में रविवार सुबह पोर्श कार के नाबालिग चालक ने मोटरसाइकिल से जा रहे दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को कुचल दिया था. पुलिस ने दावा किया कि वह नशे की हालत में कार चला रहा था. रियल एस्टेट डेवलपर विशाल अग्रवाल (50) के बेटे को घटना के बाद किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया था जहां से कुछ ही घंटे बाद आरोपी को जमानत दे दी गई थी.

कैंसर देखभाल | कैंसर जैसी बीमारी किसी भी समय हममें से किसी को भी अपनी चपेट में ले सकती है

कैंसर के उपचार के दौरान व्यायाम, चिकित्सा और आहार जीवन को बेहतर बना सकते हैं

एजेंसी । पर्थ

कई हाई-प्रोफाइल लोगों के कैंसर से पीड़ित होने के साथ हम इस कड़वी सच्चाई का सामना कर रहे हैं कि यह बीमारी किसी भी समय हममें से किसी को भी अपनी चपेट में ले सकती है. खबर है कि 30 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं. सकारात्मक पक्ष यह है कि कैंसर का इलाज बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है. जीवित रहने की दर में काफी सुधार हो रहा है और कुछ कैंसर को अब जानलेवा बीमारियों की बजाय दीर्घकालिक पुरानी बीमारियों के रूप में प्रबंधित किया जा रहा है. कैंसर के उपचार का मुख्य आधार सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडिएशन (विकिरण थेरेपी), इम्यूनोथेरेपी, लक्षित थेरेपी और हार्मोन थेरेपी है. लेकिन अन्य उपचार और रणनीतियां हैं - सहायक कैंसर देखभाल, जो कैंसर के उपचार के दौरान रोगी के जीवन की गुणवत्ता, अस्तित्व और अनुभव पर एक शक्तिशाली प्रभाव डाल सकती हैं. यदि आप कर सकते हैं तो चलते रहें.

व्यायाम हृदय रोग और टाइप 2 मधुमेह जैसी बीमारियों का जोखिम कम करता है : व्यायाम कैंसर के उपचार के दुष्प्रभावों जैसे थकान, मांसपेशियों और हड्डियों की हानि और वसा का बढ़ना भी काफी हद तक कम कर सकता है. और यह हृदय रोग और टाइप 2 मधुमेह जैसी अन्य पुरानी बीमारियों के पनपने के जोखिम को कम करता है. व्यायाम कैंसर के रोगियों के जीवन की गुणवत्ता और मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रख सकता है या सुधार सकता है. उभरते शोध साक्ष्य इस बात का इशारा करते हैं कि व्यायाम कीमोथेरेपी और विकिरण थेरेपी जैसी मुख्यधारा के उपचारों की प्रभावशीलता को बढ़ा सकता है. कार्डियो-श्वंसन फिटनेस बढ़ाने, प्रणालीगत प्रदाह को कम करने और मांसपेशियों, ताकत और शारीरिक कार्य को बढ़ाने और फिर सर्जरी के बाद उन्हें पुनर्वासित करने के लिए रोगी को किसी भी सर्जरी के लिए तैयार करने के लिए व्यायाम निश्चित रूप से आवश्यक है. ये तंत्र बताते हैं कि क्यों शारीरिक रूप से सक्रिय कैंसर रोगियों के जीवित रहने के परिणाम बेहतर होते हैं और कैंसर से मृत्यु का सापेक्ष जोखिम 40-50% तक कम हो जाता है.

खास बातें

- 30-40 वर्ष की आयु के युवाओं में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं
- कैंसर का इलाज बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है

शारीरिक व्यायाम को अब औषधि के रूप में मान्यता

शारीरिक व्यायाम को अब औषधि के रूप में मान्यता मिल गई है. इसे रोगी और उनके स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के अनुरूप बनाया जा सकता है, ताकि शरीर को जागरूक किया जा सके और एक आंतरिक वातावरण बनाया जा सके, जहां कैंसर के पनपने की संभावना कम हो. यह ऐसा कई तरीकों से करता है. व्यायाम हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को एक मजबूत उत्तेजना प्रदान करता है, हमारे रक्त परिसंचरण में कैंसर से लड़ने वाली प्रतिरक्षा कोशिकाओं की संख्या बढ़ाता है और कैंसर कोशिकाओं की पहचान करने और उन्हें मारने के लिए ट्यूमर ऊतक में डालता है. हमारी कंकाल की मांसपेशियां (जो गति के लिए हड्डी से जुड़ी होती हैं) मायोकिन्स नामक सिग्नलिंग अणु छोड़ती हैं. मांसपेशियों का द्रव्यमान जितना बड़ा होता है, उतने ही अधिक मायोकिन्स निकलते हैं, तब भी जब कोई व्यक्ति आराम कर रहा हो.

कैंसर देखभाल टूलबॉक्स में चिकित्सा आहार भी अहम

सहायक कैंसर देखभाल टूलबॉक्स में तीसरा चिकित्सा आहार है. एक स्वस्थ आहार शरीर की कैंसर से लड़ने में सहायता कर सकता है और चिकित्सा या शल्य चिकित्सा उपचारों को सहन करने और ठीक होने में मदद कर सकता है. प्रदाह कैंसर कोशिकाओं के लिए अधिक उपजाऊ वातावरण प्रदान करती है. यदि किसी रोगी का वजन अधिक है और वसा ऊतक अत्यधिक है, तो वसा को कम करने के लिए एक आहार जो प्रदाहरोधी भी है, बहुत मददगार हो सकता है. इसका मतलब आम तौर पर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से बचना और मुख्य रूप से ताजा भोजन, स्थानीय रूप से प्राप्त और ज्यादातर पौधे आधारित भोजन खाना चाहिए. कुछ कैंसर उपचारों के कारण मांसपेशियों की क्षति होती है. प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से परहेज करने से मदद मिल सकती है.

कैंसर प्रबंधन में साइको-ऑन्कोलॉजी की है प्रमुख भूमिका

दूसरा उपकरण जिसकी कैंसर प्रबंधन में प्रमुख भूमिका है, वह है- साइको-ऑन्कोलॉजी. इसमें न केवल रोगी बल्कि उनकी देखभाल करने वालों और परिवार के लिए कैंसर के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, व्यावहारिक और भावनात्मक पहलू शामिल हैं. इसका उद्देश्य जीवन की गुणवत्ता और मानसिक स्वास्थ्य पहलुओं जैसे भावनात्मक संकट, चिंता, अवसाद, यौन स्वास्थ्य, मुकाबला रणनीति, व्यक्तिगत पहचान और रिश्तों को बनाए रखना या सुधारना है. जीवन की गुणवत्ता और खुशी का समर्थन करना अपने आप में महत्वपूर्ण है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)